जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**I don't expect an ideal world, but a decent one: Kapil Dev**

"There has to be respect for life, not just the lives of animals. Nobody has the license to behave in an improper way," Lekhi said.

**UNIVERSE: Troublingly Elusive** What happened in the instant after the Big Bang.



*ऑस्ट्रेलियन पेंटेड स्नाइप इस महाद्वीप के सबसे दुर्लभ पक्षी हैं, जिन्हें इकॉलजिस्ट मैथ्यू हैरिंग ने ''निअर मिथिकल'' की संज्ञा दी है। माना जाता है कि विश्व में इस प्रजाति के मात्र 340 पक्षी ही बचे हैं, पर सिर्फ यही बात इन्हें दुर्लभ नहीं बनाती है। असल में पेंटेड स्नाइप निम्नलिखित कहावत का जीवंत प्रमाण हैं, ''नज़रों से दूर तो ज़ेहन से दूर।'' पक्षी प्रेमी स्वयं ही भूल जाते हैं कि इनका भी अस्तित्व है। हैरिंग कहते हैं, ये पक्षी कीचड़ पसंद करने वाले और जलीय पौधों में छुपकर रहने वाले शोर बर्ड्स हैं। एक रिसर्च प्रोजैक्ट में विश्व की लगभग दस हजार पक्षी प्रजातियों की उद्विकासीय खासियत को उनके कंज़र्वेशन स्टेटस की तुलना में परखा गया था और इस आधार पर उन्हें प्राथमिकता दी गई थी। इस रिसर्च में ऑस्ट्रेलियन पेंटेड स्नाइप को 29 वें स्थान पर रखा गया। इस एकांतवासी पक्षी के दर्शन बेहद दुर्लभ हैं। हैरिंग ने बताया कि, बर्डडेटा और ईबर्ड ऐप पर देखें तो पूरे ऑस्ट्रेलिया में, दो साल में इस पक्षी का मात्र 5 बार उल्लेख मिलता है। दुर्लभ दर्शन की वजह से शोधकर्ताओं को पेंटेड स्नाइप के बारे में मूलभूत जानकारी दर्ज करने में भी मुश्किल हो रही है। यह भी पता नहीं है कि, इनकी आबादी इतनी कम क्यों है। हैरिंग, जो मरी वाइल्डलाइफ कन्सल्टैंसी के प्रमुख हैं, ने कहा कि, इन पक्षियों की इतनी कम आबादी के पीछे आवास विनाश और बाहर से आए परभक्षियों की अहम् भूमिका हो सकती है, साथ ही जलवायु परिवर्तन भी एक प्रमुख कारक है। लेकिन विश्व के अन्य भागों में, जैसे एशिया और अफ्रीका, ग्रेटर पेंटेड स्नाइप और साउथ अमेरिकन पेंटेड स्नाइप चिड़ियाँ फल फूल रही हैं। शायद ऑस्ट्रेलिया के वैटलैण्ड्स इनके अनुकूल नहीं हैं। ऑस्ट्रेलियन वैटलैण्ड्स के अन्य पक्षियों की तरह पेंटेड स्नाइप पक्षी भी घुमक्कड़ हैं, लेकिन हैरिंग कहते हैं कि, अक्सर ये कई महीनों या सालों के लिए लुप्त हो जाते हैं और हमें नहीं पता कि वे सर्दियों में और सूखे मौसम में कहां होते हैं, और जब आपको किसी पक्षी के बारे में पता ही ना हो कि वो कहां हैं, तो उन्हें कंज़र्व करना बहुत कठिन होता है। इनके संरक्षण के लिए हैरिंग ने नवम्बर में ''क्राउड फण्डिंग'' मुहिम शुरु की थी तथा 40 दिन में उनके पास 11.6 हजार डॉलर एकत्रित हो गए थे। इससे हैरिंग 12 पेंटेड स्नाइप्स पर सैटलाइट ट्रांसमीटर फिट करेंगे और अंततः जान पाएंगे कि, आखिर ये पक्षी जाते कहां हैं।*

# निक्की हेली 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की तैयारी में

## निक्की के माता-पिता, अजीत सिंह व राज कौर रंधावा, पंजाब से अमेरिका आये थे तथा साऊथ कैरोलाइना में विदेशी वस्तुओं को बेचने के लिये छोटा सा स्टोर खोला था

- निक्की हेली उर्फ निम्ता कौर बचपन से इस स्टोर में काम करती थीं तथा क्लैमसन युनिवर्सिटी में अकाउन्टैंसी की पढ़ाई के बाद, पूरी तरह स्टोर के काम में रम गयीं।
- 2004 में निक्की, हाऊस ऑफ रिप्रैज़ैन्टेटिव निर्वाचित हुईं तथा 2008 में दो बार इस चुनाव में जीतीं।
- 51 वर्षीय निक्की, साऊथ कैरोलाइना की गवर्नर तथा यू.एन. में अमेरिका की राजदूत भी रह चुकी हैं।
- निक्की ने फॉक्स न्यूज़ को दिये एक इन्टरव्यू में कहा कि, अब समय आ गया है, नये युवा नेतृत्व के लिये और वे अपने आपको वह नेता मानती हैं, जिसकी अमेरिका को तलाश है। उन्होंने साक्षात्कार में यह भी कहा कि, मैं आज तक कोई चुनाव नहीं हारी हूं और न अब हारूंगी।

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जनवरी। अमेरिका ने अपनी प्रतिष्ठा के जिस चरम को कभी अनुभव किया था, देश को उसी स्तर पर ले जाने के लिए क्या अमेरिका की जनता एक पीढ़ीगत बदलाव करना चाहती है? क्या जो बाइडन जैसे डैमोक्रेट और डॉनल्ड ट्रम्प जैसे रिपब्लिकन नेताओं का समय अब समाप्त होने जा रहा है?

ये वे प्रश्न हैं जिनका उत्तर नवम्बर 2024 में होने जा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में निश्चित रूप से दिया जाएगा। लगता है कि प्रमुख इण्डियन-अमेरिकन रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने देश का अगला राष्ट्रपति बनने को लेकर अपना दावा ठोक दिया है।

साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और यूनाइटेड नैशन्स की पूर्व राजदूत हेली का जन्म नाम निम्रता निक्की रंधावा है। उनके पिता अजित सिंह रंधावा पंजाब से आकर अमेरिका में आकर बसे थे।

हेली के अभिभावकों का विदेशी वस्तुओं का एक छोटा स्टोर था जो बाद में क्लोदिंग व गिफ्ट्स आइटम्स के एक सफल कारोबार में तब्दील हो गया।

हेली ने अपनी किशोरावस्था में अपने घर के स्टोर में काम करना शुरु किया और क्लिमज़न यूनिवर्सिटी में अकाउन्टिंग का अध्ययन करने के बाद भी उन्होंने परिवार के कारोबार में हाथ बंटाना जारी रखा। वर्ष 1966 में उन्होंने माइकल हेली से विवाह किया। माइकल बाद में अमेरिका के ''नैशनल गार्ड'' की नौकरी में आ गए तथा अफगानिस्तान युद्ध के दौरान उनकी तैनाती वहां की गई। वर्ष 2004 में हेली ने रिपब्लिकन के परम्परागत प्लेटफॉर्म पर प्रचार कर हाउस ऑफ रिप्रेन्टेटिव्ज़ की एक स्टेट सीट पर विजय प्राप्त की। उनके प्रचार अभियान में टैक्स कटौती, प्रवास नियंत्रण और गर्भपात प्रतिबंधों के मुद्दे शामिल थे। उन्होंने अगले वर्ष ही पदभार ग्रहण किया और वर्ष 2008 में वह पुनः निर्वाचित हुईं।

न्यूज़ एजेंसी पी.टी.आई. की एक रिपोर्ट कहती है कि ''यह तेजतर्रार नेता ऐसा सोचती है कि वह एक ऐसा ''नया नेता'' बन सकती है जो देश को एक नई दिशा में ले जा सकता है और अमेरिका में जो बाइडन को राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल मिलना मुश्किल है।''

फॉक्स न्यूज़ को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति पद का संभावित उम्मीदवार बनने को लेकर अभी तथ्यों पर गौर कर रही हैं। इस 51 वर्षीया नेता से जब विशेष रूप से यह पूछा गया कि क्या वह राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले अगले चुनाव में प्रत्याशी बनेंगी तो उन्होंने कहा कि ''मैं समझती हूं कि इसे लेकर मुझे अपना मानस बनाए रखना है।'' हालांकि साक्षात्कार के दौरान हेली ने संकेत दिया कि वह अमेरिका की नई नेता हो सकती है। हेली ने कहा, ''किन्तु जब आप

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# भारत सरकार ने यू-ट्यूब व ट्विटर के कुछ विडियोज़ को ब्लॉक किया

## ये वो विडियोज़ हैं जो बी.बी.सी. की, ''इण्डियाः द मोदी क्वैश्चन'' नाम से बनायी डॉक्युमैंटरी को दिखा रहे थे

- ट्विटर के उन विडियोज़ को भी ब्लॉक किया गया, जो डॉक्युमैंटरी को देखने के लिये लिंक शेयर कर रहे थे।
- विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय व सूचना प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस डॉक्युमैंटरी को देख कर यह मन बनाया है कि, यह डॉक्युमैंटरी अप्रमाणित तथ्य प्रसारित कर के सुप्रीम कोर्ट की प्रतिष्ठा व विश्वसनीयता को ठेस पहुँचा रही है तथा यह जातियों के बीच वैमनस्य फैलाने की साजिश लगती है।
- 302 रिटायर्ड न्यायाधीशों, वरिष्ठ सरकारी अफसरों व सेना के अधिकारियों ने एक हस्ताक्षरित वक्तव्य जारी किया है तथा बी.बी.सी. की डॉक्युमैंटरी में प्र.मंत्री मोदी पर लगाये गये आक्षेपों का पूरी तरह खंडन किया है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जनवरी। आलोचना, खासतौर पर विदेशी मीडिया से होने वाली आलोचना को ना बर्दाश्त करने वाली मोदी सरकार ने यू-ट्यूब और ट्विटर को बी.बी.सी. डॉक्यूमैन्टरी ''इण्डिया : द मोदी क्वैश्चन'' के वीडियोज़ को शेयर करने से रोक दिया है।

जानकार सूत्रों के अनुसार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इस डॉक्यूमैन्टरी के प्रथम एपिसोड को प्रसारित कर रहे यू-ट्यूब के कई वीडियोज़ को ब्लॉक करने के निर्देश दिए हैं। बी.बी.सी. की डॉक्यूमैन्टरी ''इण्डिया : द मोदी क्वैश्चन'' के वीडियोज़ को यू-ट्यूब के कई चैनल्स पर भारत में ब्लॉक कर दिया गया है और इसके लिंक को शेयर करने वाले ट्वीट्स भी भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अपनी आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए इस डॉक्यूमैन्टरी को पहले एपिसोड को प्रसारित कर रहे यू-ट्यूब के कई वीडियोज़ को ब्लॉक करने के निर्देश दिए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय यू.के. के पब्लिक ब्रॉडकास्टर-ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन द्वारा निर्मित डॉक्यूमैन्टरी को पहली ही एक ऐसे दुष्प्रचार की संज्ञा दे चुका है जो उद्देश्य विहीन है और जिसमें औपनिवेशिक मनःस्थिति झलकती है। तथापि बी.बी.सी. द्वारा इस डॉक्यूमैन्टरी को भारत में उपलब्ध नहीं कराया गया, लेकिन लगता है कि यू-ट्यूब के कुछ चैनल्स ने किसी भारत विरोधी एजेण्डे को आगे बढ़ाने के लिए इसे अपलोड कर दिया है। यू-ट्यूब को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि उसके प्लेटफॉर्म पर यदि उन वीडियोज़ को फिर से अपलोड किया जाए तो वह उन्हें ब्लॉक कर दे। ट्विटर की पहचान लिंक बताने वाले

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# मिस्र के राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे

- मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जनवरी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति अल-सिसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर भारत यात्रा पर आ रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''यह पहला अवसर है कि अरब रिपब्लिक ऑफ ईजिप्ट के राष्ट्रपति हमारे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गये हैं।'' गणतंत्र दिवस परेड में मिस्र की सेना की एक सैन्य टुकड़ी भी सहभागिता करेगी।

अपनी इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# 'संघ द्वारा नेताजी के जन्मदिवस पर भारी आयोजन उनकी विरासत का लाभ उठाने का प्रयास है'

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुत्री अनिता बोस प्लाफ ने जर्मनी से टेलीफोन वार्ता में कई दो टूक बातें कहीं

- उनके अनुसार, सुभाष बाबू व संघ के विचारों में कोई सामंजस्य नहीं है। पर, वे अगर उनको सम्मानित कर रहे हैं, उनके जन्मदिन पर, तथा सुभाष बाबू के सिद्धांतों, सोच व दर्शन के नजदीक आना चाहते हैं, तो अच्छी बात है।
- उन्होंने यह भी कहा कि, सोच व विचारों की दृष्टि से सुभाष बाबू आज की पार्टियों में कांग्रेस के सबसे नजदीक हैं।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जनवरी। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुत्री अनीता बोस-प्लाफ ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की उस योजना को अस्वीकार कर दिया है जिसके अन्तर्गत, वह 23 जनवरी को नेताजी की जयन्ती को समारोह पूर्वक मनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि यह सब उनके पिताजी की विरासत के ''आंशिक दोहन'' के लिये किया जा रहा है।

बोस-प्लाफ ने इतिहास में नेताजी को सही परिप्रेक्ष्य में स्थान देने के मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि आर.एस.एस. की विचारधारा तथा उस राष्ट्रवादी नेता (नेताजी) के धर्मनिरपेक्ष एवं समावेशी विचार से ''मेल नहीं खाते तथा एक-दूसरे के विपरीत'' हैं।

उन्होंने कहा कि जहाँ तक विचारधारा का प्रश्न है, देश की किसी भी अन्य पार्टी की अपेक्षा, नेताजी के विचारों का कांग्रेस विचारों के साथ काफी साम्य है।

वे आर.एस.एस. की इस योजना में बाधा बन गई हैं, जिसके अन्तर्गत वह नेताजी को अपना बताकर, उनका उपयोग प्रचार के लिये ठीक उसी तरह करना चाहती है, जिस तरह उसने देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का किया है।

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# अप्रैल से 100 ट्रेनों का रास्ता बदलेगा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जनवरी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने के एक हिस्से के रूप में, भारतीय रेलवे 100 से अधिक ट्रेनों का रास्ता बदल रहा है। इस परिवर्तन

- नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने के लिए भारतीय रेल्वे ने नई दिल्ली आने वाली 100 ट्रेनों का रास्ता बदला है। अब सिर्फ शताब्दी, राजधानी, दुरंतो और वंदे भारत ही नई दिल्ली स्टेशन पर रूकेंगी।

से केवल मुख्य ट्रेनें, जैसे राजधानी, शताब्दी, दुरोन्तो तथा वंदे भारत ही मुक्त रहेंगी। स्टेशन के पुनर्विकास के प्रथम चरण में, स्टेशन के 16 में से 5 प्लेटफॉर्मों को लिया जायेगा तथा उक्त

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा, सोच समझकर बोलें, अपनों को ऐसा बोलना अच्छी बात नहीं

## गहलोत द्वारा पायलट को नकारा-निकम्मा और करोना बोलने पर थरूर ने नसीहत दी

- आपकी विचारधारा एक, एक ही मकसद के लिए लड़ रहे हैं पर अंत में कौन लीड करेगा, यह तो पार्टी को तय करना पड़ेगा।
- कांग्रेस में कौन नेतृत्व कर रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि, दूसरे लोग अपने आप को कामयाब नहीं मानते।

जयपुर, 21 जनवरी (का.प्र.)। पिछले दो ढाई साल के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को नकारा - निकम्मा और गद्दार से लेकर करोना तक कहा गया है। जयपुर आए कांग्रेस सांसद शशि थरूर से जब इन नकारात्मक शब्दों के लगातार प्रयोग को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को नसीहत देते हुए कहा कि, ''उन्हें सोच समझकर बोलना चाहिए। जब हम अपने साथियों के बारे में बोल रहे हैं तो सोच समझकर बोलना चाहिए। मैंने अपने विरोधियों को भी ऐसे शब्द नहीं कहे।''

शशि थरूर शनिवार को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में आए थे। उन्होंने कहा कि ''मुझे राजनीति में 14 साल का वक्त हो गया है। मैंने किसी के बारे में कभी भी ऐसा कुछ कहने या उकसाने की कोशिश नहीं की। मैं राजनीति में कभी भी कीचड़-कुश्ती नहीं करना चाहता। यही सोचकर मैंने काफी मुद्दों को अवॉइड किया।'' थरूर ने कहा कि मैं अपने साथियों से यही गुजारिश करता हूं कि अपने ही भाई-बहनों के बारे में ऐसा कहना अच्छा नहीं है। हमें अपने मतभेदों को मिटाने की कोशिश करनी चाहिए।

थरूर ने कहा कि ''लोगों के अलग-अलग विचार भी हो सकते हैं। इसे कहने के दूसरे तरीके भी हो सकते हैं। मैं भी चाहूंगा कि पार्टी के अंदर हमें एक-दूसरे से प्रेम से रहना चाहिए। मैंने अपने विरोधियों के लिए भी ऐसा नहीं बोला। हमारे देश की कोई भी पार्टी हो। उसमें सबकी एक जैसी राय नहीं है। भाजपा में भी हर विषय पर हर व्यक्ति की एक ही राय नहीं है। मेरा मानना है कि लोकतंत्र में दो लोगों की राय में फर्क हो सकता है। अगर आपकी विचारधारा एक है और आप एक ही मकसद के लिए लड़ रहे हैं, तो अंत में कौन लीड करेगा। यह तो पार्टी को तय करना पड़ेगा।''

नेतृत्व और मदभेद को लेकर थरूर ने कहा कि ''मतभेद सभी जगह होते हैं। भाजपा में कौन-कौन नेतृत्व कर रहा है। कांग्रेस में कौन-कौन नेतृत्व कर रहा है। इसका मतलब ये नहीं है कि दूसरे लोग भी अपने आप को कामयाब नहीं मानते हैं। अभी वो लोग अधिकार में नहीं है। किसी भी पार्टी में अंदरूनी लड़ाई मेरे ख्याल में हकीकत है।'' उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में सभी की सोच अलग हो सकती है, लेकिन यह तय है कि कांग्रेस के सभी नेता भाजपा के खिलाफ हैं।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों सचिन पायलट प्रदेश दौरे कर रहे हैं। उनके दौरों के बाद से राजस्थान कांग्रेस का आंतरिक संघर्ष बाहर नजर आने लगा है। इन्हीं दिनों में कर्मचारी संगठनों के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट पूर्व हुई बातचीत का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें पायलट का नाम लिए बिना गहलोत ने पायलट की तुलना करोना से कर दी थी। कर्मचारियों के नेता की बात काटते हुए गहलोत ने कहा था कि ''आप ठीक कह रहे हो, मैं मिलने लगा हूं, पिछले सोमवार को मिला था। क्या हुआ कि पहले करोना आ गया। फिर एक बड़ा करोना और आ गया हमारी पार्टी के अंदर।'' इससे पहले

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# एफ.आई.आर. को 24 घंटे में सार्वजनिक नहीं किया जा सकता

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2016 के यूथ-बाार एसोसिएशन बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया के केस में दिए गए अपने निर्णय के अनुसार एफ.आई.आर. दर्ज किए जाने के 24 घंटे के भीतर पुलिस और राज्य सरकारों की वैबसाइट्स पर उसका प्रकाशन किए जाने से इंकार किया है।

एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सौरव दास के अधिवक्ता की हैसियत से कोर्ट के वर्ष 2016 के निर्णय पर भरोसा जताया। दास की याचिका में जनता के

(शेष पृष्ठ 7 पर)



## विचार बिन्दु

शरीर को रोगी और निर्बल रखने के समान दूसरा कोई पाप नहीं है। –लोकमान्य तिलक

# सरकारी अफसर और कर्मचारी प्राय: स्वस्थ क्यों नहीं रह पाते?

आज पुन: एक ऐसे विषय पर विश्लेषण प्रस्तुत है जिस पर पूर्व में चर्चा हुई थी किन्तु नवीन शोध के प्रकाश में देखना आवश्यक है। आइये, पहले एक दृष्टांत देखते हैं। बात लगभग 900 वर्ष ईसा पूर्व की है। उत्तर भारत के सुरम्य और घने वनों में आयुर्वेद के पठन-पाठन की क्लास चल रही थी। हमेशा की तरह अग्निवेश ने अपने दिग्गज गुरु भगवान पुनर्वसु आत्रेय के सामने एक रोचक प्रश्न रखा: 'गुरु श्रेष्ठ! क्या कुछ ऐसे लोग भी हैं जो हमेशा ही बीमार रहे आते हैं?' 'बिल्कुल, अग्निवेश! ऐसे लोग जो सदैव बीमार बने रहते हैं उनमें लंबी-चौड़ी पूजा करने वाले, सरकारी कर्मचारी व अफसर, वेश्या और व्यापारी हैं।' भगवान आत्रेय का उत्तर था। ;ऐसा क्यों होता है, गुरु श्रेष्ठ, और इनकी चिकित्सा कैसे की जाये?; अग्निवेश अपनी स्वाभाविक उत्सुकता प्रगट करने से नहीं रोक पाये।

महर्षि-वैज्ञानिक पुनर्वसु आत्रेय ने इस प्रश्न का लंबा-चौड़ा उत्तर दिया है। 'सदैव बीमार रहने का कारण यह है कि पूजा-पाठ व वेदाध्ययन में लगे हुये व्यक्ति व्रत और उससे जुड़ी तमाम दैनिक क्रियाओं के कारण शरीर के हितार्थ चेष्टा नहीं करता है। सरकारी अफ़सर व कर्मचारी हमेशा ऐसे कार्यों में व्यस्त रहते हैं जिससे सरकार को खुश कर सकें, और अफसरों के अनुरोध पर उनका ध्यान रखने के कारण बाकी नौकर-चाकर बहुत चिन्तित और डरते रहने के कारण अपने शरीर पर ध्यान नहीं दे पाते। अपने ग्राहकों को प्रसन्न करने हेतु वेश्या अपने शरीर को साफ रखने, सौंदर्य प्रसाधन लगाने और आभूषणों का उपयोग करने में व्यस्त रहती है। इसलिये स्वास्थ्य के रखरखाव के लिये आवश्यक आहार-विहार का पालन करने में विफल रहती है। व्यापारी भी सदा बैठे-बैठे काम करने और बेचने-खरीदने के लालच में लगे रहने के कारण अपने शरीर के रखरखाव के लिये उपयोगी जीवन-शैली का पालन करने में विफल रहते हैं। क्योंकि ये सब (पूजा-पाठी, सरकारी अफ़सर व कर्मचारी, वेश्या और व्यापारी) सदैव आये हुये अधारणीय वेगों को रोकते रहते हैं और समय पर भोजन नहीं करते हैं। इसलिये सदैव बीमार ही रहते हैं। असल में कोई भी व्यक्ति जो असमय में मलादि का विसर्जन तथा बिगड़ी हुई जीवन-शैली का सेवन करने वाले होते हैं, वे भी सदैव रोगी होते हैं।'

उक्त सम्पूर्ण संवाद का मूल स्त्रोत यह है (च.सि.11.27-30)-- अथाग्निवेशः सततातुरान् नरान् हितं च पप्रच्छ गुरुस्तदाह च। सदाऽऽतुराः श्रोत्रियराजसेवकास्तथैव वेश्या सह पण्यजीविभिः।। द्विजो हि वेदाध्ययनव्रताह्निकक्रियादिभिर्देहहितं न चेष्टते। नृपोपसेवी नृपचित्तरक्षणात् परानुरोधाद्बहुचिन्तनाद्भयात्।। नृचित्तवर्तिन्युपचारतत्परा मृजाभि(वि)भूषानिरता पणाङ्गना।

सदासनादत्यनुबन्धविक्रयक्रयादिलोभादपि पण्यजीविनः।। सदैव ते ह्यागतवेगनिग्रहं समाचरन्ते न च कालभोजनम्। अकालनिर्हारविहारसेविनो भवन्ति येऽन्येऽपि सदाऽऽतुराश्च ते।।

सरकारी अफसर और कर्मचारी इससे क्या सन्देश लें? आइये देखते हैं।

1. सबसे पहला सन्देश तो यह है कि मन और शरीर पर ध्यान न देना सदा-बीमार रहने का पहला कारण है। अत: मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। सभी अन्य भावों को छोड़कर शरीर की रक्षा करनी चाहिये। शरीर के अभाव होने पर सभी भावों का अभाव हो जाता है (च.नि.6.7): सर्वमन्यत् परित्यज्य शरीरमनुपालयेत्। तदभावे हि भावानां सर्वाभावः शरीरिणाम्।।

स्वास्थ्य-रक्षण की प्राथमिकता का सिद्धांत इतना महत्वपूर्ण है कि जनवरी 2023 तक विश्व भर में इस विषय पर 50 लाख से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। यदि निरंतर स्वास्थ्य-रक्षण आपकी प्राथमिकता में नहीं है तो आप निरंतर बीमार रहेंगे।

2. दूसरा सन्देश यह है कि निरंतर बीमार होने से बचने के लिये जीवनशैली को निरंतर हितकारी और सुखकारी रखना होगा। जीवनशैली स्वास्थ्य के लिये इतनी अहम है कि जनवरी 2023 तक इस विषय में डेढ़ लाख से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। त्रिदोष-भड़काऊ जीवनशैली का सिद्धांत स्पष्ट करता है कि बिगड़ी हुई जीवनशैली वात, पित्त, और कफ को प्रकुपित करते हुये अंतत: बीमार कर देती है। अत: दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या का पालन और प्रज्ञापराध और असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग से मुक्त रहना उपयोगी है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि छल-कपट और तिकड़म से दूर रहना चाहिए अन्यथा वात, पित्त और कफ दिन-रात भड़कते रहते हैं। रोग होने के बाद भी रोगोत्पत्ति के मूल कारणों से मुक्ति न पाना निरंतर सर्वदोषप्रकोपक स्थिति ला देता है। सुखायु, हितायु और दीर्घायु के इच्छुक व्यक्ति को, निरंतर अपने को स्वास्थ्य के दुश्मनों से घिरा हुआ मानते हुये, आत्म-नियंत्रित और जितेन्द्रिय रहकर बड़ी सावधानी के साथ सतत हितकर आहार-विहार के साथ जीवन जीना चाहिये (च.सू.17.119): नित्यं सन्निहितामित्रं समीक्ष्यात्मानमात्मवान्। नित्यं युक्तः परिचरेदिच्छन्नायुरनित्वरम्।। इसी प्रकार (च.सू.5.103): नगरी नगरस्येव रथस्येव रथी यथा।

स्वशरीरस्य मेधावी कृत्येष्ववहितो भवेत्।। जिस प्रकार नगर-प्रमुख अपने नगर और एक ड्राईवर अपनी गाड़ी का ध्यानपूर्वक प्रबंधन करता है, उसी प्रकार बुद्धिमान व्यक्ति को अपने शरीर की देखभाल में हमेशा सतर्क रहना चाहिये। स्वस्थ जीवनशैली पर 6,500 शोधपत्र छपने के बाद भी आयुर्वेद के सुझाव यथावत सुदृढ़ हैं। अत: जीवनशैली दुरुस्त रखिये।

**स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देना, व्यस्तता के कारण चिंतित, भयाक्रांत और तनाव में रहना, सदासन या बैठे रहने की आदत, चेष्टाद्वेष या व्यायाम से घृणा करना, अव्यायाम, अधारणीय वेगों को रोकना, कालभोजन के बजाय जब मन आये तब खाते रहना, और असमय व अनियमित आहार-विहार सेवन सदा-बीमार कर देते हैं।**

3. तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि अधारणीय वेगों का रोकना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। मूत्र, मल, वीर्य, अपान वायु (पादना), उल्टी, छींक, डकार, जम्हाई, भूख, अश्रु, निद्रा और श्रम के बाद नि:श्वास ऐसे वेग हैं जिन्हें शरीर में कभी नहीं दबाना चाहिये (च.सू. 7.3-4): न वेगान् धारयेद्धीमाञ्जातान् मूत्रपुरीषयोः। न रेतसो न वातस्य न छर्द्याः क्षवथोर्न च।। नोद्गारस्य न जृम्भाया न वेगान् क्षुत्पिपासयोः। न बाष्पस्य न निद्राया निःश्वासस्य श्रमेण च।। तात्पर्य यह है कि ये वेग बीमारी का कारण बनते हैं, अत: इनके आते ही शरीर से निकालते रहना ही श्रेयस्कर है। यदि आप परिस्थितिवश निरंतर वेगों को दबाये रहते हैं तो निरंतर बीमार रहे आते हैं।

4. चौथी महत्वपूर्ण बात यह है कि दैनिक जीवन में यथाकाल भूख लगाने पर भोजन न करना या गलत समय में भोजन करने की आदत भी व्यक्ति को निरंतर बीमार किये रहती है। महर्षि कश्यप कहते हैं कि आरोग्य भोजन के अधीन होता है (काश्यपसंहिता, खि. 5.9): आरोग्यं भोजनाधीनम्। पुनर्वसु आत्रेय अपने शिष्यों को सर्वश्रेष्ठ द्रव्यों, भावों और क्रियाओं को समझाते हुये भोजन के सन्दर्भ में एक रोचक सूत्र बताते हैं (च.सू.25.40): कालभोजनमारोग्यकराणां श्रेष्ठम्। तात्पर्य यह है कि नियत समय पर भोजन आरोग्य देने वालों में श्रेष्ठ है। कई सहस्त्राब्दियों बाद अब आधुनिक वैज्ञानिक शोध भी इस समझ की ओर बढ़ रही है कि एक निर्धारित भोजन-काल में खाना-पीना लेना-न कि एड लिबिटम या जब मन आये तब-स्वस्थ रहने के लिये सबसे उत्तम रणनीति है। इसे टाइम-रिस्ट्रिक्टेड फीडिंग के नाम से जाना जाता है। इस जोखिम की जानकारी तो बहुत पहले से भारत को रही है। कम से कम 5000 साल से यह ज्ञात है कि पहले खाया भोजन पचाये बिना व भूख लगे बिना बार-बार खाते रहने की आदत अनेक गैर-संचारी रोगों की जन्मदाता है (सु.सू.46.494): हिताहितोपसंयुक्तमन्नं समशनं स्मृतम्। बहु स्तोकमकाले वा तज्ज्ञेयं विषमाशनम्।। अजीर्णे भुज्यते यत्तु तदध्यशनमुच्यते।

त्रयमेतन्निहन्त्याशु बहून्व्याधीन्करोति वा।। हितकर और अहितकर भोजन को मिलाकर खाना (समशन), कभी अधिक कभी कम या कभी समय पर कभी असमय खाना (विषमाशन) या पहले खाये हुये भोजन के बिना पचे ही पुन: खाना (अध्यशन) शीघ्र ही अनेक बीमारियों को जन्म दे देते हैं। अत: सदैव भूख लगाने पर उपयुक्त समय पर भोजन लीजिये, दिन भर बार बार मत खाते रहिये। दिन में अधिक से अधिक दो बार भोजन लीजिये। सदा-बीमार रहने की स्थिति से बचे रहेंगे।

5. पांचवीं बात यह है कि सदा बैठे-बैठे काम करने से भी निरंतर बीमार रहे आने की आशंका बढ़ जाती है। इस समस्या का समाधान नियमित व्यायाम और क्रियाशील जीवन-शैली में निहित है। ऐसे कई सुख हैं जो अंतत: दु:ख देते हैं। उदाहरण के लिये (च.चि.6.4): आस्यासुखं स्वप्नसुखं दधीनि ग्राम्यौदकानूपरसाः पयांसि। नवान्नपानं गुडवैकृतं च प्रमेहहेतुः कफकृच्च सर्वम्।। लगातार बैठे रहने का सुख लेना, खूब सोने का सुख लेना आदि ऐसे कारक हैं जो बीमारी में उलझा देते हैं। आगे भी देखिये (च.सू.23.3-5) सन्तर्पयति यः स्निग्धैर्मधुरैर्गुरुपिच्छिलैः। नवान्नैर्नवमद्यैश्च मांसैश्चानूपवारिजैः।

गोरसैर्गौडिकैश्चान्नैः पैष्टिकैश्चातिमात्रशः। चेष्टाद्वेषी दिवास्वप्नशय्यासनसुखे रतः।

रोगास्तस्योपजायन्ते सन्तर्पणनिमित्तजाः। जो लोग अत्यधिक मीठा, पचने में भारी और गरिष्ठ भोजन, नया अनाज, नई शराब, दलदली भूमि या या जलीय पारिस्थितिक तंत्र में रहने वाले जानवरों का मांस, दूध और इससे बने उत्पादों, पीठी या आटे, चीनी व गुड़ से बने खाद्य-पदार्थों की अत्यधिक मात्रा में सेवन करते हैं, शारीरिक गतिविधि से घृणा (चेष्टाद्वेषी, निष्क्रिय जीवन शैली, लम्बे समय तक बैठे-बैठे काम करना), दिन में सोना, आरामदायक बिस्तर और कुर्सियों का आनंद लेते हैं उन्हें संतर्पण-जन्य बीमारियों का भारी जोखिम रहता है। गैर-संचारी रोगों के वैश्विक बोझ का मूल स्त्रोत अहिताहार है। गुरु और स्निग्ध भोजन करने, शारीरिक व मानसिक व्यायाम न करने और ख़ूब सोने से दिल के रोग होते हैं (च.सू. 17.34): अत्यादानं गुरुस्निग्धमचिन्तनमचेष्टनम्। निद्रासुखं चाभ्यधिकं कफहृद्रोगकारणम्।। कार्यों की चिंता न करने, खूब खाने-पीने और खूब सोने से आदमी सुअर की तरह मोटा हो जाता है (च.सू. 21.34): अचिन्तनाच्च कार्याणां ध्रुवं संतर्पणेन च। स्वप्नप्रसङ्गाच्च नरो वराह इव पुष्यति।। यही सब सूत्र हैं जो स्पष्ट करते हैं कि भारत गैर-संचारी रोगों की राजधानी क्यों बनता जा रहा है।

6. कालभोजन और साथ में व्यायाम ही समस्या का समाधान है। व्यायाम से हल्कापन, कार्य करने की क्षमता, मजबूती, दु:ख सहने की क्षमता, शरीर में दोषों की साम्यता, और अग्नि में बढ़ोतरी होती है (च.सू. 7.32): लाघवं कर्मसामर्थ्यं स्थैर्यं दुःखसहिष्णुता। दोषक्षयोऽग्निवृद्धिश्च व्यायामादुपजायते।।

सुश्रुत का कथन है कि (सु.चि. 24.39-40): शरीरोपचयः कान्तिर्गात्राणां सुविभक्तता। दीप्ताग्नित्वमनालस्यं स्थिरत्वं लाघवं मृजा।। श्रमक्लमपिपासोष्णशीतादीनां सहिष्णुता। आरोग्यं चापि परमं व्यायामादुपजायते।। अर्थात, व्यायाम करने से शरीर की पुष्टि, कान्ति, सौष्ठवपूर्ण अंग, बढ़िया भूख, आलस्य समाप्त होना, स्थिरता, हल्कापन, तथा शरीर की शुद्धि होती है। श्रम, क्लम, प्यास, गर्मी, सर्दी सहने की क्षमता बढ़ती है और व्यायाम से परम आरोग्य उत्पन्न होता है।

7. अंतिम सन्देश यह है कि निरंतर चिंतित रहने वाले या निरंतर डरते रहने वाले भी सदा-बीमार हो जाते हैं अत: इनसे बचें। लोभ, शोक, भय, क्रोध, घमण्ड, निर्लज्जता, ईर्ष्या, अत्यधिक जुड़ाव, दूसरे की सम्पत्ति प्राप्त करने की लालसा से एकदम दूर रहना चाहिये या इन वेगों को रोकना चाहिये (च.सू. 7.27): लोभशोकभयक्रोधमानवेगान् विधारयेत्। नैर्लज्ज्येर्ष्यातिरागाणामभिध्यायाश्च बुद्धिमान्।।


तात्पर्य यह है कि ये वेग, बीमारी का कारण बनते हैं, अत: इनसे दूर रहना ही श्रेयस्कर है।

सत्त्वावयज या आत्म-नियंत्रण रखते हुये मन को अहितकारी विषयों से दूर करना ही इसका उपाय है।

स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देना, व्यस्तता के कारण चिंतित, भयाक्रांत और तनाव में रहना, सदासन या बैठे रहने की आदत, चेष्टाद्वेष या व्यायाम से घृणा करना, अव्यायाम, अधारणीय वेगों को रोकना, कालभोजन के बजाय जब मन आये तब खाते रहना, और असमय व अनियमित आहार-विहार सेवन सदा-बीमार कर देते हैं। आहार व जीवनशैली की त्रुटियों से उत्पन्न होने वाले रोग बिना त्रुटियों को सुधारे दुनिया की किसी चिकित्सा पद्धति से ठीक नहीं होते। युक्तिपूर्वक शरीर की निरंतर रक्षा करने में हिताशन, मिताशन, कालभोजन, व्यायाम, वनानुभव, निद्रा और सत्त्वावजय का महत्वपूर्ण योगदान है। आगे इन पर चर्चा जारी रहेगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# राज्यपाल के अभिभाषण के समय विधानसभा की बैठक विधिवत् बैठक क्यों नहीं?



डॉ. कैलाश चन्द सैनी

भारत के संविधान के अनुच्छेद 176(1) के अन्तर्गत राज्यपाल प्रत्येक आम चुनाव के बाद प्रथम सत्र तथा प्रत्येक कलैण्डर वर्ष के प्रथम सत्र के प्रारंभ में विधानसभा को सम्बोधित करते हैं। इस सम्बोधनात्मक बैठक को विधानसभा की विधिवत बैठक नहीं माना जाता और संभवत: इसी कारण राज्यपाल अभिभाषण को सदन की कार्यवाही का अंग नहीं माना जाता। अभिभाषण समाप्त होने के आधा घंटे बाद जो औपचारिक बैठक होती है उसे ही विधानसभा के सत्र की पहली बैठक मानते हुए राज्यपाल अभिभाषण की प्रति सदन की मेज पर रखी जाती है ताकि वह सदन की कार्यवाही में सम्मिलित हो सके। राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया नियम 11 के अनुसार सदन की बैठक तभी विधिवत गठित होती है जब उसमें अध्यक्ष या कोई अन्य सदस्य पीठासीन हो जो संविधान अथवा इस नियमावली के अन्तर्गत सदन की बैठक में पीठासीन होने के लिए सक्षम हो।

विधान मण्डल के समक्ष राज्यपाल के सम्बोधन के सम्बन्ध में अटूबर, 1958 में हुए पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में सभापति श्री अनन्तशयनम अयंगर ने कहा कि 'विचारणीय प्रश्न यह है कि सदस्यों की संयुक्त बैठक में उन्हें सम्बोधित करते समय राज्यपाल को स्वयं अध्यक्ष के समस्त अधिकार काम में नहीं ले लेने चाहिए और उस बैठक में व्यवस्था बनाए रखना चाहिए, क्योंकि विधानमंडल राज्यपाल और विधानमंडल के दोनों सदनों से मिलकर बनता है?

अटूबर, 1966 के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में सभापति सरदार हुकम सिंह ने कहा कि अब, यह विधानमंडल की बैठक नहीं है। ... यह प्रश्न अभी भी अनिर्णीत है कि राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवस्था कौन बनाए रखेगा, यद्यपि इसका नियमन स्वयं राज्यपाल को ही करना है क्योंकि राज्यपाल ने ही सदस्यों को बुलाया है। अध्यक्ष या सभापति उस समय कार्यवाही नहीं कर सकता। जुलाई, 1970 में हुए पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के सभापति डॉ. गुरदयाल सिंह ढिल्लो ने भी कहा कि उक्त बैठक में यद्यिप शिष्टाचारवश अध्यक्ष राज्यपाल के पास बैठते हैं, नियंत्रण रखने का कार्य राज्यपाल का ही है।

उड़ीसा उच्च न्यायालय के समक्ष यह प्रश्न आया कि जब राज्यपाल ने अपना अभिभाषण ही 7 मार्च, 1952 को दिया उस स्थिति में विधान सभा की पहली बैठक 4 मार्च, 1952 को हुई नहीं मानी जा सकती जब नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथठाहण किया। उड़ीसा उच्च न्यायालय ने कहा कि नवगठित विधान सभा की प्रथम बैठक संविधान के अन्तर्गत तभी विधिवत प्रारम्भ मानी जा सकती है जब उसमें राज्यपाल ने अभिभाषण दिया हो।

दूसरा मामला राजस्थान उच्च न्यायालय का है जिसमें 26 फरवरी, 1965 को राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल द्वारा दिए जा रहे अभिभाषण के समय कुछ सदस्यों द्वारा बाधा पहुँचाने पर राज्यपाल द्वारा उन्हें सदन से निकलवा देने पर यह प्रश्न उत्पन्न हुआ कि राज्यपाल ने ऐसा करके अवैधानिक कार्य तो नहीं किया।

उड़ीसा न्यायालय के उपरोक्त निर्णय के संदर्भ में राजस्थान उच्च न्यायालय ने योगेन्द्र नाथ हांडा एवं अन्य बनाम राज्य के मामले में निर्णय दिया कि राज्यपाल के अभिभाषण के पश्चात् ही विधान सभा को यह अवसर मिलता है कि वह उस पर अपनी सम्मति दे और चूँकि राज्यपाल ने अभिभाषण का अंश पढ़ दिया था और शेष को पढ़ने में असमर्थ रहे थे तो ऐसी स्थिति में भाषण पढ़ा हुआ माना जाएगा। साथ ही चूँकि प्रार्थी सदस्य स्वयं एक अनियमितता के दोषी हैं और चूँकि मामला राज्य विधानसभा के आन्तरिक नियमन का है और विशेषाधिकार समिति के सामने विचारणीय है, अत: वे इस पर कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

राजस्थान उच्च न्यायालय ने राजस्थान विधान सभा की जिस विशेषाधिकार समिति की चर्चा की है उसके प्रतिवेदन के अनुसार विशेषाधिकार समिति की राय थी कि राज्यपाल को उनके सम्बोधन के समय ऐसे सदस्यों को, जिन्होंने बाधा उपस्थित की, सदन से निष्कासित करने की शक्तियाँ एवं अधिकार थे ....... राज्यपाल ने बाधा उत्पन्न करने वाले सदस्यों को निष्कासित करने में न तो अध्यक्ष की शतियों का अनधिकार ग्रहण किया और न उन्होंने सदन अथवा उसके सदस्यों के विशेषाधिकारों का हनन किया। इसी प्रश्न पर राय देने के लिए लोक सभा की एक समिति गठित की गई थी जिसने अप्रैल, 1972 में अपनी राय दी।

विधि मंत्रालय की राय के अनुसार राज्यपाल जब विधान मण्डल को सम्बोधित करते हैं तो वे विधानमण्डल के एक अंग रूप में होते हैं। ऐसे अवसर पर विधान सभा की तब तक कोई बैठक नहीं होती, जब तक राज्यपाल का अभिभाषण पूरा न हो जाये और सदन का नियमित कार्य प्रारम्भ न हो जाये। उस समय विधान सभा के प्रमुख के नाते अध्यक्ष द्वारा विधान सभा की अध्यक्षता करने का प्रश्न ही नहीं उठता। उसे उस समय की कार्यवाहियों को नियमित करने का भी कोई अधिकार नहीं है। वस्तुत: राज्यपाल ही उस कार्यवाही के अधिष्ठाता होते हैं और उन्हीं पर सदन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए उचित तरीके से सदन की कार्यवाहियों को संचालन करने का दायित्व है।

यही माना गया है कि जिस समय राज्यपाल विधानमण्डलों के सदस्यों के समक्ष अभिभाषण देते हैं और उन्हें आहूत करने के कारण बताते हैं उस अवसर पर सदन की विधिवत बैठक नहीं होती, तथा इसी कारण अध्यक्ष को उस बैठक की अध्यक्षता करने का अधिकार नहीं है। अब चूँकि इस विषय में संविधान मूक है, अत: यह सुझाव दिया गया है कि उसमें संशोधन करके यह व्यवस्था कर दी जानी चाहिए कि राज्यपाल ऐसी बैठकों की अध्यक्षता करेंगे और उनका नियमन करेंगे।

विचारणीय प्रश्न यह है कि संविधान या नियमों की कौन-सी ऐसी व्यवस्था है जिसके अनुसार अध्यक्ष ऐसी बैठकों की अध्यक्षता नहीं कर सकते? यदि अध्यक्ष इस बैठक की अध्यक्षता करे तब तो वह बैठक विधिवत बैठक हो सकती है। विधि मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया है कि राज्यपाल विधान मण्डल का एक अभिन्न अंग है और वह अपने संवैधानिक दायित्व की पूर्ति के लिए ही सदन में आते हैं तथा उनका अभिभाषण भी सदन के कार्य का एक भाग है, योंकि वे राज्याध्यक्ष के नाते सदन में अभिभाषण करने आते हैं।

यह कहा जा सकता है कि राज्यपाल जैसे गरिमामयी वरिष्ठ पदधारी की उपस्थिति में अध्यक्ष सभा की अध्यक्षता कैसे कर सकता है। इसका निराकरण सहज सम्भव है। हमारे संविधान निर्माताओं की भी शायद यह मंशा नहीं रही होगी कि राज्याध्यक्षों के सम्बोधनों वाली बैठकों को अनौपचारिक ही बना दिया जाए या उसे बैठक ही न माना जाए। विभिन्न निकायों द्वारा दिया गया यह सुझाव कि संशोधन कर यह व्यवस्था कर दी जाय कि राज्यपाल ऐसी बैठकों की अध्यक्षता करें, अव्यावहारिक प्रतीत होता है। मेरा विनम्र सुझाव है कि अध्यक्ष को ही ऐसी औपचारिक बैठकों की अध्यक्षता करनी चाहिए तथा उनमें दिये गये सम्बोधनों को कार्य विवरणों में शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही नियमों में यह व्यवस्था की जानी चाहिए कि ऐसी बैठकों में सदस्यों द्वारा कोई व्यवधान उपस्थित नहीं किया जायेगा। इससे राज्यपाल अभिभाषण के समय सदस्यों द्वारा व्यवधान पैदा करने की प्रवत्ति पर रोक लगना संभव होगा क्योंकि ऐसे सम्बोधन के दौरान अध्यक्ष द्वारा बैठक की अध्यक्षता किये जाने पर व्यवधान उपस्थित होने पर उस घटना को औपचारिक तरीके से अंकित कर कार्यवाही की जा सकेगी।

राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल अभिभाषण : राजस्थान में राज्यपाल का पद वर्ष 1956 में अस्तित्व में आया। इससे पूर्व वर्ष 1952 से 1956 तक राजप्रमुख श्री सवाई मानसिंह द्वारा 6 बार अभिभाषण ही दिये गये। राजस्थान विधान सभा में वर्ष 2022 तक 29 राज्यपालों ने कुल 75 अभिभाषण पढ़े हैं जिनमें प्रथम राज्यपाल सरदार गुरुमुख निहाल सिंह ने सर्वाधिक 8 बार अभिभाषण पढ़े। राजस्थान के 70 साल के संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर भी आये हैं जब कार्यवाहक राज्यपाल के रूप में सर्वश्री वेदपाल त्यागी (1977), के.डी. शर्मा (1982), नवरंग टिबरेवाल (1998) तथा श्रीमती प्रभा राव (2010) ने अभिभाषण दिये हैं।

अनेक बार ऐसे अवसर भी आये हैं जब राजस्थान के राज्यपाल के पद का अतिरिक्त कार्यभार किसी अन्य राज्य के राज्यपाल के पास रहा है। ऐसे राज्यपालों में श्री शिवराज वी.पाटील (2011,2012) तथा श्रीमती मार्गरेट अल्वा (2013,2014) ने दो-दो बार विधान सभा के सदन में अभिभाषण पढ़े हैं। राजस्थान के अब तक के राज्यपालों में केवल दरबारा सिंह ही ऐसे राज्यपाल रहे जो विधान सभा में अभिभाषण नहीं दे पाये। इनका दिनांक 24.5.1998 को आकस्मिक रूप से निधन हो जाने के कारण ये 24 दिन ही राज्य के राज्यपाल रहे।

**-डॉ. कैलाश चन्द सैनी,**
**पूर्व मुख्य अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी, राजस्थान विधान सभा**

# उदयपुर में 300 से ज्यादा बर्ड वॉचर्स ने पक्षियों की साईटिंग की

**उदयपुर/कानोड़,** (कासं)। विश्वविख्यात उदयपुर बर्ड फेस्टिवल के 9वें संस्करण का दूसरा दिन शनिवार बर्ड वॉचिंग के नाम रहा। इस दौरान जिले के ख्यात पक्षी विशेषज्ञों के नेतृत्व में पक्षी प्रेमियों ने बर्ड वॉचिंग की और परिंदों की रंगीन दुनिया को करीब से निहारा।

बर्ड फेस्टिवल संयोजक व उप वन संरक्षक (वन्य जीव) अजय चित्तौड़ा ने बताया कि शनिवार को जिले व आसपास के जिलों से लगे 5 रूटों पर टीम लीडर पक्षी विशेषज्ञ देवेन्द्र मिस्त्री, विनय दवे, शरद अग्रवाल, अनिल रोर्जस, उज्जवल दाधिच ने 300 से अधिक पक्षी प्रेमियों के साथ अलग-अलग जलाशयों का दौरा किया और यहां पर न केवल पक्षियों की जल क्रीड़ाओं का लुत्फ उठाया अपितु उनकी प्रजातियों और संख्या के बारे में भी जानकारी संकलित की। इस दौरान पहले रूट पर मेनार, बड़वई व किशन करेरी, दूसरे रूट पर उदयपुर, पीलादर, मकड़शाह, चावण्ड, तीसरे रूट पर राजसमंद व गुड़ला, चौथे रूट पर उदयपुर, मंगलवाड़, नगावली, व वल्लभनगर तथा पांचवें रूट पर उदयपुर, डिन्डोली व भोपालसागर जलाशयों पर बर्ड वॉचिंग की गई। चित्तौड़ा ने बताया कि 22 जनवरी को समस्त दल प्रतिनिधि ओ.टी.सी. में आयोजित होने वाले समापन समारोह में बर्ड वॉचिंग पर अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। उदयपुर बर्ड फेस्टिवल के तहत चेतक सर्कल स्थित सूचना केन्द्र की कला दीर्घा में पक्षी फोटो गेलेरी एवं स्टाम्प प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।



**उदयपुर में बर्ड फेस्टिवल के दूसरे दिन शनिवार को विविध जलाशयों पर बर्ड वॉचिंग करते पक्षी प्रेमी।**

- **सूचना केन्द्र की कला दीर्घा में पक्षी फोटो गेलेरी एवं स्टाम्प प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी**
- **प्रदर्शनी में पक्षियों पर आधारित डाक टिकटों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी**

शनिवार को भी छात्र-छात्राओं का दल यहां प्रदर्शनी को देखने पहुंचा। डाक टिकट संग्रहकर्ता पुष्पा खमेसरा ने उन्हें प्रदर्शनी का विजिट कराया। यहां प्रदर्शनी में ख्यात वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स द्वारा क्लिक किये गये फोटोग्राफ्स यहां लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में पक्षियों पर आधारित डाक टिकटों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। डाक टिकट संग्रहकर्ता पुष्पा खमेसरा ने भारत सहित विश्व के 333 से अधिक देशों द्वारा जारी किए गए दस हजार से अधिक डाक टिकटों तथा पक्षियों पर जारी मुद्राओं का संग्रह किया है और उनमें से कई यहां प्रदर्शित किए गए हैं।

# 100 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण

**देवली,** (निसं)। यहां नगरपालिका द्वारा नवाचार करते हुए अटल उद्यान में 100 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण करवाया गया। इसका लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक हरीश चन्द्र मीणा ने किया। पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने जानकारी में बताया कि यह टोंक जिले में प्रथम कस्बा है। जहां पर 100 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। विधायक मीणा ने नगरपालिका द्वारा किये गये उक्त नवाचार की प्रशंषा करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि टोंक जिले में देवली एक मात्र ऐसा कस्बा है जहां पर हमारे देश की आन-बान-शान के प्रतीक 100 फुट ऊंचे राष्ट्रीय का निर्माण कराया है। विधायक ने नगरपालिका मण्डल, देवली के सभी पार्षदगण एवं अधिकारी, कर्मचारियों का ध्यान ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम में विधायक हरीश चन्द्र मीणा, उपखंड अधिकारी भारतभूषण गोयल पालिका अध्यक्ष नेमीचन्द जैन पंचायत समिति प्रधान गणेशराम जाट कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महादेव मीणा पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा नगरपालिका देवली सहित जनप्रतिनिधि एवं नगरपालिका स्टाफ गण उपस्थित रहे।

- **देवली जिले का पहला कस्बा है जहां 100 फुट का राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया**

## राशिफल रविवार 22 जनवरी, 2023



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, श्रवण नक्षत्र रात्रि 3:21 तक, वज्र योग दिन 10:05 तक, किस्तुघ्न करण दिन 12:25 तक, चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-मकर, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और द्विपुष्कर योग, राजयोग रात्रि 3:21 से सूर्योदय तक है। आज शुक्र कुम्भ राशि में दिन 3:54 पर प्रवेश करेगा। आज से गुप्त नवरात्र आरम्भ होंगे। आज श्री बल्लभ जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:40 से 9:59 तक, लाभ-अमृत 9:54 से 12:38 तक, शुभ 1:58 से 3:17 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:56

### मेष




अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### वृष



नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में परिचितों से सहयोग मिलेगा।

### मिथुन




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्क



घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में मांगलिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग-समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### सिंह



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

### कन्या



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा और सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### तुला




घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं और नये-पुराने मित्रों से संपर्क बनेगा।

### वृश्चिक



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### धनु



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर



अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता और योजनानुसार बनने लगेंगे। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### कुंभ



व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

### मीन



आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

# महिला मंत्री के सामने पुरुष कर्मचारी ने फरियादी महिला को धक्के मारे

## महिला फरियादी अपनी शिकायत लेकर मंत्री ममता भूपेश के सरकारी आवास आई थी

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनाव से पहले वादा किया था कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री से लेकर सरकार के मंत्रियों के दरवाजे 16 घंटे जनता के लिए खुले रहेंगे। इसके बाद सरकार बनने पर राहुल गांधी ने कई बार मंत्रियों को जनता के बीच रहने और सुनवाई करने की नसीहत दी थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश प्रभारी भी बैठकों में कई बार निर्देश दे चुके हैं, लेकिन 16 घंटे तो बहुत दूर की बात है मंत्रियों के यहां सुनवाई बहुत दूर की कौड़ी है और यदि कोई सुनवाई के लिए चला भी गया तो मंत्री के यहां से उसे धक्के मार कर बाहर निकाला जाता है।

- **महिला आयोग की अध्यक्ष ने भी इस व्यवहार को अनुचित बताया**

ऐसा ही वाकया राज्य की महिला और बाल विकास मंत्री ममता भूपेश के सरकारी आवास पर देखने को मिला है, जिसमें मंत्री के सामने उनका पुरुष कर्मचारी एक महिला को धक्के देकर सरकारी आवास से बाहर निकाल रहा है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

दरअसल राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश के सरकारी बंगले पर आई महिला को धक्के देकर बाहर निकाल दिया गया। यह पूरी घटना मंत्री की मौजूदगी में ही हुई है। अपनी शिकायत लेकर एक महिला यहां पहुंची थी, इसी दौरान किसी बात को लेकर महिला मंत्री से तेज आवाज में बात करने लगी थी। दरअसल शुक्रवार की इस घटना का वीडियो शनिवार को सामने आया जिसमें महिला इस वीडियो में मंत्री से कुछ कह रही है। इस पर मंत्री कहते सुनाई दे रही है कि मेरा जो कुछ होगा,वह मैं देख लूंगी। इसके बाद मंत्री के पुरुष स्टाफ में से एक व्यक्ति उस महिला को धक्के देकर बाहर निकालते हुए दिख रहा है।

इस मामले पर राजस्थान महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कोई फरियादी आया है। वह पुरुष हो या महिला, उसके साथ इस तरह का व्यवहार किया जाना उचित नहीं है। यदि फरियादी महिला की कोई गलती भी हो, तो उसे समझाना चाहिए, इस तरह का व्यवहार अनुचित है। दरअसल प्रदेश की आम जनता की समस्या यह है कि उन्हें अपनी हर समस्या को लेकर मंत्री के सरकारी आवास पर जाना होता है क्योंकि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सुनवाई लंबे समय से बंद है। ऐसे में किसी को शिकायत लेकर जाना हो तो मंत्रियों के सरकारी बंगलों पर जाने के अलावा कोई चारा नहीं है। अब सुनवाई लेकर गई महिला को मंत्री के सरकारी आवास से धक्का देकर निकाले जाने के बाद मंत्रियों की ओर से आम जनता से किए जा रहे व्यवहार को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं।

## कोई नया करोना संक्रमित नहीं मिला

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। प्रदेश में शनिवार को एक भी नया करोना संक्रमित नहीं मिला है। हालांकि इस बीच कोई भी मरीज रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस फिलहाल चार ही बने हुए हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को एक संक्रमित मिलने के बाद शनिवार को फिर कोई भी नया मरीज सामने नहीं आया है। इधर राजधानी जयपुर में आज आठवें दिन भी कोई नया संक्रमित नहीं मिला है। अब जिले में न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस बचा है।

उधर प्रदेश में शनिवार को भी कोई मरीज ठीक नहीं होने से एक्टिव केस 4 ही हैं। इनमें जैसलमेर, नागौर, सीकर और उदयपुर में 1-1 एक्टिव केस बचा है। प्रदेश में शनिवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है।

हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में शनिवार को 10 हजार 663 लाभार्थियों को निर्धारित टीके लगाये गये है। इनमें 7763 लोगों को प्रोकॉशन डोज दी गई है।

# सतीश पूनियां सेना के जवानों व ग्रामीणों से संवाद किया

## 'वाईब्रेंट बॉर्डर विलेज' कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भारत-पाक सीमा पर कालूवाला गांव पहुंचे




**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने वाईब्रेंट बॉर्डर विलेज कार्यक्रम में बीकानेर जिले के खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के कालूवाला गांव में लोगों से केन्द्र की मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर संवाद किया।**

**जयपुर/बीकानेर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देशभर में सभी वर्गों को जोड़ने के क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने वाईब्रेंट बॉर्डर विलेज यानि जीवंत सीमांत ग्राम कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गाँवों में आमजन से संवाद के क्रम में बीकानेर जिले के खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के कालूवाला गांव में रात्रि प्रवास कर आज रात बिता रहे हैं, जहां लोगों से केन्द्र की मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर संवाद किया और संस्कृति पर भी विस्तृत चर्चा की।

बीकानेर जिले में कालूवाला गांव भारत-पाक सीमा पर स्थित है, जहां सतीश पूनियां आज एक दिवसीय रात्रि प्रवास पर हैं। सतीश पूनियां ने सीमाजन कल्याण समिति के साथ बैठक की, इस दौरान उन्होंने सीमा प्रहरी जवानों के हाल-चाल जाने। सेना अधिकारी आलोक शुक्ला, डिप्टी कमांडेंट प्रशांत चौहान साथ रहे।

इस दौरान सतीश पूनियां के साथ भाजयुमो राष्ट्रीय महामंत्री वरूण जावेरी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष हिंमाशु शर्मा, विधायक बिहारी लाल विश्नोई, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, जिलाध्यक्ष ताराचंद सारस्वत, पूर्व विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, भाजपा जिला मंत्री देवीलाल मेघवाल, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, विश्वजीत कस्वां, प्रधान धर्मपाल बिरडा, नगरपालिका चेयरमैन अशोक फौजी इत्यादि साथ रहे।

कालूवाला प्रवास पर जाने के दौरान पूनियां ने बीकानेर में ही सीमावर्ती क्षेत्र के पास राजासर व सतासर गांवों में भी कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

बता दें कि वाईब्रेंट बॉर्डर विलेज कार्यक्रम भाजयुमो द्वारा देश एवं प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय और प्रदेश के पदाधिकारी विभिन्न जिलों में प्रवास करेंगे।

## राणा प्रताप सागर की तृतीय इकाई शरू

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम प्रशासन के राणा प्रताप सागर पन बिजलीघर की समस्त विद्युत इकाईयाँ वर्ष 2019 में चंबल नदी में आई भीषण जल विभिषिका में पूर्णत: जलमग्न हो गयी थी एवं 50 वर्ष पुरानी इन इकाइयों से पुनः विद्युत उत्पादन को असंभव मान लिया गया था। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम प्रशासन के सक्षम मार्गदर्शन एवं अभियन्ताओं के अथक प्रयासों से राणा प्रताप सागर पन विद्युत गृह की 43 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 1 से दिसम्बर 2021 एवं इकाई संख्या 4 से जून 2022 से पुनः विद्युत उत्पादन शुरू किया जा चुका है। इसी कड़ी में निरन्तर प्रयासरत रहते हुए 43 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 3 को आज सिक्रोनाइज कर पुनः विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया गया है। पूर्ण क्षमता से संचालित होने पर इस इकाई से प्रतिदिन 10.32 लाख यूनिट विद्युत उत्पादन किया जायेगा।

राणा प्रताप सागर पन बिजलीघर राजस्थान राज्य का सबसे पुराना बिजलीघर है। राजस्थान एवं मध्यप्रदेश राज्यों की साझा चम्बल घाटी परियोजना के अन्तर्गत वर्ष 1968 में चम्बल नदी पर बने राज्य के राणा प्रताप सागर बांध पर स्थापित 172 मेगावाट (43 मेगावाट 4 यूनिट) क्षमता के पन बिजलीघर का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी द्वारा किया गया था।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक आर.के.शर्मा ने इन इकाइयों के पुनः संचालन हेतु पन बिजलीघर के अनेक दौरे कर विस्तृत निरीक्षण किया एवं राज्य के विभिन्न ताप बिजलीघरों में कार्यरत अनुभवी अभियंताओं की टीम का गठन कर पूर्ण अध्ययन एवं समीक्षा कर न्यूनतम खर्च में पुनः संचालन हेतु दिशा निर्देश दिये।

# जीवन में मौन का अपना महत्व होता है : श्री श्री रविशंकर




**प्रसिद्ध वैश्विक आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी, गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने वर्षों के बाद जयपुर शहर का दौरा किया। अपनी बहुप्रतीक्षित यात्रा के दौरान गुरुदेव ने 3000 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति वाले एसएमएस इनडोर स्टेडियम, जयपुर में हैप्पीनेस महोत्सव के प्रतिभागियों को संबोधित किया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रसिद्ध वैश्विक आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी, गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने वर्षों के बाद जयपुर शहर का दौरा किया। अपनी बहुप्रतीक्षित यात्रा के दौरान गुरुदेव ने 3000 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति वाले विशाल एसएमएस इनडोर स्टेडियम, जयपुर में हैप्पीनेस महोत्सव के प्रतिभागियों को संबोधित किया।

- **चार प्रमुख विश्वविद्यालयों ने आर्ट ऑफ लिविंग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**

प्रतिभागींयों को संबोधित करते हुए गुरुदेव ने कहा, "जीवन में मौन का अपना महत्व होता है। थोड़ी-थोड़ी देर हम मौन का अभ्यास करेंगे तो हमारे भीतर ऊर्जा रहेगी। आपको पता है कि इंडोनेशिया के बाली शहर में साल में 1 दिन मौन होता है। उस दिन पूरा शहर मौन हो जाता है, ना कई गाड़ी चलाता है और ना ही कुछ होता है। सभी लोग मौन का आचरण करते हैं। उसका आनन्द ही कुछ और होता है। एक नई दुनिया में हमारा प्रवेश हो जाता है। एक नया आयाम हमारे जीवन के साथ जुड़ जाता है।"

गुरुदेव ने यह भी कहा कि जैसे धरती में बीज बोये जाते हैं, उसी प्रकार मन को उल्लास और परमानंद भी मंत्रोचारण, ध्यान और सकारात्मक विचारो द्वारा पोषित किया जा सकता है। मन्त्रों को सुनने और उच्चारण करने से घर और वातावरण में सकारात्मक तरंग उत्पन्न होते है। प्रतिदिन केवल 10-15 मिनट गायत्री मंत्र सुनने से हमारे तरंगों की शुद्धि होती है, गुरुदेव ने कहा।

विश्व के कई भागों में 4 महीनों तक प्रेम, शांति और प्रसन्नता का प्रसार करने के बाद गुरुदेव हैप्पीनेस महोत्सव के प्रतिभागियों को ज्ञान और ध्यान की गहराई में ले जाने के लिए भारत लौट आए।

आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा युवाओं में तनाव दूर करने, ध्यान को बेहतर ढंग से केंद्रित करने और अपने भीतर खुशी खोजने के लिए साधन देकर उनमें लचीलापन पैदा करने के लिए किए जा रहे काम से प्रेरित होकर, 4 प्रमुख विश्वविद्यालयों ने गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की गरिमामयी उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इन विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए आत्म विकास करने और तनाव से राहत दिलाने वाले कार्यक्रमों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. एन.पी. पाढ़ी, निदेशक, एमएनआईटी, जयपुर; डॉ. जी के प्रभु, अध्यक्ष, मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर; डॉ. सुधीर भंडारी, कुलपति, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर; और डॉ. अशोक गुप्ता, चांसलर, आईआईएस, जयपुर, समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए उपस्थित थे।

आर्ट ऑफ लिविंग और राजस्थान जेल विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसके अंतर्गत राजस्थान की सभी जेलों के सभी कैदी और कर्मचारी आर्ट ऑफ लिविंग संगठन द्वारा चलाए जा रहे जेल कार्यक्रमों में भाग लेंगे। डीजी जेल राजस्थान भूपेंद्र कुमार डाक और आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग निदेशक कैप्टन विमल जैन के बीच एमओयू का आदान-प्रदान हुआ।

## जे.एल.एफ. का तीसरा दिन अनुभवी और नई आवाज़ों के नाम रहा

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जेएलएफ फेस्टिवल के तीसरे दिन की शुरुआत 'अनिरुद्ध वर्मा कलेक्टिव' ने राग बासंती से की। सुबह संगीत के ये प्रोग्राम फेस्टिवल और श्रोताओं के मूड को राईट पिच पर सेट करने का काम करते हैं। तीसरे दिन के प्रोग्राम में अनामिका, नंदभारद्वाज, शेहान करुनातिलक, दीप्ति कपूर, यतीन्द्र मिश्र, खालिद जावेद, बारां फारुकी जैसे लेखकों के नाम रहा।

'एक हिंदी अनेक हिंदी सत्र' में प्रतिष्ठित लेखकों अनामिका, नंदभारद्वाज, पुष्पेश पंत, गीतांजलि और यतीन्द्र मिश्र ने हिंदी के माध्यम से भाषा और साहित्य के समकालीन और शास्त्रीय स्वरुप की बात की। अनामिका ने अपने लेखन में भाषा वैविध्य के विषय में बताया, जब लिखने चलो तो चेतन बार-बार स्मृतियों की ओर लौटता है। उन्हीं स्मृतियों से भिन्न आवाजें और बोलियाँ आपके लेखन को विविधता प्रदान करती हैं। फेस्टिवल में एक दिन पहले नोबेल पुरस्कार विजेता, अब्दुल रज़ाकगुरनाह ने भी लेखन के संदर्भ में अच्छी स्मृति को बड़ी उपलब्धि माना था।

राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज ने भाषा के संदर्भ में कहा, हिंदी जिस क्षेत्र में जाती है, वहां ढल जाती है और उस क्षेत्र के बहुत सारे भावों और शब्दों को अपने में समाहित कर अपना विस्तार बढ़ाती है। पुष्पेश पंत ने गीतांजलि की भाषा के सन्दर्भ में बताया, गीतांजलि जो भाषा के साथ करती हैं, वो भाषा के आयाम को विस्तार देना है। भाषा की शुद्धतावादी बहस पर गीतांजलि ने कहा, भाषा में कोई सरहद नहीं होनी चाहिए... भाषा और संस्कृति का लगातार आदान-प्रदान होना चाहिए। भाषा में लोच, रवानी और वैविध्य इसी आदान-प्रदान से आते हैं।


**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 23/23

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

नाम प्रार्थी महेश सिंह तॅवर स्व. ठाकुर रामसिंह जाति-राजपूत प्लॉट नं. 15-डी, विष्णु मार्ग, हनुमान नगर विस्तार

मृतक स्व. उमा कुमारी पुत्री ठाकुर रामसिंह सिरसी रोड, जयपुर की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 28.02.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम उमा कुमारी पुत्री स्व. ठाकुर रामसिंह जाति-राजपूत निवासी प्लॉट नं. 60 पवन पुत्र जी करनी पैलेस मार्ग, पांच्यावाला, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 28.02.2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 19 माह 01 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय


## जयपुर में दो दिन निजी अस्पताल बंद रहेंगे

**जयपुर**,(कासं)। राइट टू हैल्थ बिल को लेकर जयपुर में निजी क्षेत्र में रविवार और सोमवार को चिकित्सा सेवाएं प्रभावित रहेगी। रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राज्य शाखा के आव्हान पर सांकेतिक रूप से तो वहीं सोमवार को प्राइवेट अस्पताल एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के आव्हान पर सभी प्राइवेट हॉस्पिटल में ओपीडी सर्विस को बंद रखने का फैसला किया गया है। दोनों दिन आपातकालीन सेवाएं और इंडोर मरीजों का ईलाज होगा।

प्राइवेट अस्पताल एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कपूर ने सम्पूर्ण बिल का विरोध किया हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमारी मांगों को नजरअंदाज करते हुए बिल को लाने की हठधर्मिता कर रही है। हमारी एसोसिएशन के अलावा डॉक्टर्स के अन्य संगठनों ने भी बिल में आवश्यक बदलाव के लिए अपने सुझाव पत्र दिए है, लेकिन सरकार उन पर कोई विचार नहीं कर रही। इसके विपरीत बिल को 23 जनवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में लाकर पास करने की तैयारी कर रही है।

सरकार की इसी हठधर्मिता के विरोध में 23 जनवरी को बंद रहेगा। इसके तहत प्रदेश के सभी प्राइवेट हॉस्पिटल, नर्सिंग होम्स, डायग्नॉस्टिक सेंटर्स, क्लिनिक में ओपीडी समेत दूसरी सेवाएं बंद रखी जाएगी।

इधर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राज्य शाखा के मीडिया प्रभारी डा. संजीव गुप्ता ने बताया कि बिल में विसंगतियों के विरोध में रविवार को निजी चिकित्सालय सांकेतिक रूप से बंद रहेंगे। आपात्तकालीन सेवाएं जारी रहेगी। यह सांकेतिक हड़ताल हैं जो रविवार को सुबह आठ से रात आठ बजे तक बंद रहेगी।

## एकात्म मानवदर्शन व्याख्यान एक को

**जयपुर**। राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले 1 फरवरी को जयपुर आ रहे हैं। इस दौरान होसबले एकात्म मानवदर्शन प्रतिष्ठान के 22वें व्याख्यान को सम्बोधित करेंगे। एकात्म मानवदर्शन प्रतिष्ठान प्रतिवर्ष जयपुर में प्रबुद्धजनों के साथ विभिन्न विषयों पर व्याख्यान आयोजित करता हैं। इस वर्ष व्याख्यान माला में होसबले 'संघ कल, आज ओर कल' विषय पर व्याख्यान देंगे।


**नाम परिवर्तन**

मैं प्रशांत सिंघल, निवासी बी-30, देवी चिरंजीव कॉलोनी, सूर्य नगर, गोपालपुरा बायपास, जयपुर, मैंने अपने पुत्र का नाम राघव से बदलकर राघव सिंघल रख दिया है, भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना जाये।

मैंने अपना नाम पिंकी और पिंकी राठौड से बदलकर प्रियंका राठौड पत्नी श्री संग्राम सिंह राठौड प्लाट 27-ए, श्री नारायणपुरी कॉलोनी, चमनबारी कॉलोनी के पास, झोटवाडा, जयपुर कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम एवं पते से पहचाना जावें।

I Krishana Kanwar legally wedded spuse of army JC 450259A Ex Sub. Late Sh. Vikram Singh S/o Dariyaw Singh R/o 87 Mitra Nagar Khirni Phatak Jhotwara Jaipur. That have changed my Daughter name From PREETI (DOB 16/2/1999) To PRITI RATHOR (DOB 16/2/1998) vide affidavit datd 19 Jan 2023 before district notary, Jaipur.

**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या 8/HMM/15 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर का मूल आवंटन पत्र एवं संशोधित आवंटन पत्र कहीं खो गये हैं। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो.7014859673

जेडीए द्वारा जारी पट्टा योजना वर्धमान सरोवर के भूखण्ड संख्या 24 का जेडीए पट्टा, स्टांप, साईट प्लान खो गए है सूचित करें-मुकेश जैन मो. 9024044411

माणक चन्द ने मनोज कुमार मीणा के नाम से पॉवर ऑफ अटोर्नी मकान नं. 6/323 विद्याधर नगर बना रखी थी। जो खो गई किसी को मिले तो बताने की कृपा करें। मो.9414077263

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

(साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

न्यायालय प्राधिकारी अन्तर्गत वेतन एवं भुगतान अधिनियम 1936 जयपुर शहर।

भारती दुबे विरूद्ध मास फाईनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

वाद/दावा-अन्तर्गत धारा 4 वेतन भुगतान अधिनियम 1936

प्रार्थना पत्र ख्या -64/2012

नाम भारती दुबे पत्नि श्री अनुज दुबे निवासी प्लॉट नम्बर 52, पटेल कॉलोनी, गर्वमेंट प्रेस के सामने, सी-स्कीम, जयपुर, राजस्थान।

उक्त अप्रार्थीया ने इस न्यायालय में यह आवेदन अन्तर्गत धारा 4 वेतन भुगतान अधिनियम 1936 किया है अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दि. 06 माह 02 सन् 2023 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज तारीख 09 माह 01 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दी गई।

मोहर अदालत

प्राधिकारी अन्तर्गत वेतन
एवं भुगतान अधिनियम 1936
जयपुर शहर


# नड्डा मिशन 2023 और 2024 के लिये कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने 23 को राजस्थान आएंगे

## नड्डा का भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला राजस्थान दौरा है

**जयपुर**। भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में दिल्ली में भाजपा राजस्थान जनाक्रोश यात्रा के सफल आयोजन के प्रजेंटेशन से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियाँ उत्साहित हैं, इसकी खास वजह यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में जनाक्रोश यात्रा का प्रजेंटेशन सतीश पूनियां ने रखा, जिसको लेकर प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह और सतीश पूनियां को केन्द्रीय नेतृत्व ने बधाई दी।

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में जनाक्रोश यात्रा का प्रजेंटेशन रखा, जिसको लेकर केन्द्रीय नेतृत्व ने बधाई दी**

दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारणी में शामिल होकर 18 जनवरी को राजस्थान लौटे सतीश पूनियां नई ऊर्जा के साथ दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा आए और इस अवसर का लाभ लेने से भी वह नहीं चूके और सीधे पूर्वी राजस्थान के अलवर पहुंच गये, जहां कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

जयपुर लिटरेटर फेस्टिवल में अनौपचारिक मुलाकात के दौरान पूनियां और युवाओं के बीच नरेन्द्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर संवाद हुआ, जिसमें खुलकर सवाल-सवाल हुये और सकारात्मक संवाद हुआ।

पार्टी के प्रदेश के सभी प्रमुख नेताओं को साथ लेकर चलने वाले और वरिष्ठों से हमेशा मार्गदर्शन लेने वाले सतीश पूनियां का राजनीतिक चातुर्य इसी बात से लग जाता है कि कुशल संगठनकर्ता भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने पुत्र के विवाह समारोह के सिलसिले में जयपुर रहेंगे तो इस अवसर को भुनाने में भी नहीं चूके और 23 जनवरी को प्रदेश कार्यसमिति आयोजित कर जेपी नड्डा को मुख्य अतिथि के तौर आमंत्रित कर दिया, जिनके स्वागत की बड़े स्तर तैयारियां की जा रही हैं। नडडा का दूसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला राजस्थान दौरा है, जो मिशन 2023 और 2024 के लिये संगठन को ताकत और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने आ रहे हैं।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जनवरी को भीलवाड़ा के मालासेरी में देवनारायण भगवान के पवित्र स्थल पर आ रहे हैं, लेकिन सतीश पूनियाँ ने यह सारा ज़िम्मा आयोजकों पर ही नहीं छोड़ा है, बल्कि संख्या बल से भी नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए स्वयं केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ जायज़ा लेने पहुँचे, वह मोदी के कार्यक्रम का मिशन 2023 और 2024 के लिहाज से माइलेज लेने में पीछे नहीं रहना चाहते। सतीश पूनियां विधानसभा चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 में राजस्थान में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिये बूथ, पन्ना इकाइयों की मजबूती के लिये गुजरात मॉडल को पूरे प्रदेश में जमीन पर लागू करने में कामयाब हो गये, इन दोनों बड़े चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत को केन्द्रीय नेतृत्व को समर्पित कर स्वयं इतिहास रचने की रणनीति में सतीश पूनिया जुटे हैं।

भाजपा प्रदेश पदाधिकारी व प्रदेश कार्यसमिति बैठक का आयोजन राजधानी जयपुर में 22 और 23 जनवरी को होगा। जिसमें 23 जनवरी को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा के जयपुर में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत कार्यक्रम हैं और शाम को प्रदेश कार्यसमिति बैठक को वह संबोधित करेंगे। 22 जनवरी को प्रदेश पदाधिकारी बैठक का भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजन होगा, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर इत्यादि संबोधित करेंगे। इसके साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत शहर में 3 स्थानों पर बड़े स्तर पर किया जाएगा। इसके साथ ही आमेर में कुंडा किराए पर धर्मसिंह सर्किल पर और जवाहर सर्किल पर भाजपा पदाधिकारियों और सातों मोर्चा के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नोएडा का स्वागत किया जाएगा इसकी तैयारियां जोरों पर है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India**

तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजील, मैट्रिक्स मॉल सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राजस्थान)- 302004
ई-मेल: sbi.18184@sbi.co.in, शाखा कोड.- 18184
फोन: 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों के लिए)**

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री नरेश कुमार जाँगिड़ पुत्र श्री नागर मल, श्रीमती संतरा देवी पत्नी श्री नरेश कुमार जाँगिड़ एवं स्व. श्री गजानन्द जाँगिड़ पुत्र श्री नागर मल (मृतक)** जरिये कानूनी वारिस- **श्रीमती मंजू देवी पत्नी स्व. श्री गजानन्द जाँगिड़, सुश्री पलक कुमारी पुत्री श्री गजानन्द जाँगिड़ यू/जी श्रीमती मंजू देवी, श्री अजय कुमार पुत्र श्री गजानन्द यू/जी श्रीमती मंजू देवी, सुश्री झलक पुत्री श्री गजानन्द यू/जी श्रीमती मंजू देवी एवं श्री आर्यन पुत्र श्री गजानन्द यू/जी श्रीमती मंजू देवी पर मांग सूचना दिनांक 30.09.2022** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 26.09.2022 को बकाया राशि रू. 27,35,626/- (रूपये सताईस लाख पैंतीस हजार छह सौ छब्बीस मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक** 19, माह **जनवरी**, वर्ष **2023** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 26.09.2022 को बकाया राशि रू. 27,35,626/- (रूपये सताईस लाख पैंतीस हजार छह सौ छब्बीस मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर के** प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्तियों का वर्णन**

सम्पत्ति 1- सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती संतरा देवी पत्नी श्री नरेश कुमार जाँगिड़ के नाम साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो पट्टा नं. 14, दिनांक 18.02.2016, ग्राम पंचायत साईवाड़, पंचायत समिति शाहपुरा, तहसील शाहपुरा, जिला जयपुर पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 199.55 वर्ग गज है। सीमाएं- उत्तर: स्वयं का खाली प्लॉट, दक्षिण: रास्ता 15 फीट चौड़ा, पूर्व: रामचन्द्र पुत्र गौरू राम कुमावत का मकान 3 फीट गली के बाद, पश्चिम: सत्यनारायण पुत्र राम चन्द्र कुमावत का खाली प्लॉट आम 3 फीट गली के बाद

सम्पत्ति 2- सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री नरेश कुमार जाँगिड़ पुत्र श्री नागर मल के नाम साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो पट्टा नं. 3, दिनांक 10.03.2016, ग्राम पंचायत साईवाड़, पंचायत समिति शाहपुरा, तहसील शाहपुरा, जिला जयपुर पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 121.11 वर्ग गज है। सीमाएं- उत्तर: बाबू लाल पुत्र रामचंद कुमावत की भूमि, दक्षिण: स्वयं की खाली भूमि एवं आम रास्ता, पूर्व: रामचन्द्र कुमावत पुत्र गौरू राम कुमावत का मकान 3 फीट गली के बाद, पश्चिम: सत्यनारायण पुत्र राम चन्द्र कुमावत का खाली प्लॉट आम 3 फीट गली के बाद

स्थान: जयपुर
दिनांक: 19.01.2023

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी



**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

(साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

न्यायालय अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश महा. स्थान जयपुर महा. प्रथम

अशोक कुमावत विरूद्ध सुभाष चन्द कुमावत

वाद/प्रार्थना पत्र प्रा. पत्र शीघ्र सुनवाई

प्रार्थना-पत्र संख्या..........सन

नाम श्रीमति मीरा देवी पत्नी तेज प्रकाश कुमावत पुत्री स्व. श्री नारायण कुमावत जाति.... पता निवासी ग्राम-टोडी, ग्रा.पो.नीदड, धांगल्या की ढाणी, तहसील-आमेर जिला जयपुर

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि......

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 25 माह 01 सन् 2023 को 10.00 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 20 माह 01 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश
क्र-02, जयपुर महानगर प्रथम

# पेपर लीक गिरोह की 'अधिगम कोचिंग' के पास बनी 5 मंजिला बिल्डिंग ध्वस्त

## गोपालपुरा बाईपास पर गुर्जर की थड़ी स्थित सुख विहार कॉलोनी में जे.डी.ए. की कार्रवाई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जेडीए ने गुर्जर की थड़ी स्थित सुख विहार कॉलोनी में आवासीय भूखंड़ पर बनीं 5 मंजिला अवैध इमारत को ध्वस्त किया है। यह अवैध इमारत पेपर लीक के मास्टरमाइंड सुरेश ढ़ाका व भूपेन्द्र सारण की "अधिगम कोचिंग" के पास बनी हुई थी। भूखंड़ मालिक ने करीब 296 वर्गगज आवासीय प्लॉट पर कॉमर्शियल उपयोग के लिए बेसमेंट समेत पांच मंजिला बिल्डिंग जीरो सेटबैक पर तैयार कर ली थी। जिसे जेडीए ने शुक्रवार को ध्वस्त करना शुरू किया था और आधी इमारत ध्वस्त कर दी थी। शेष बचा हुआ अवैध निर्माण शनिवार को जमींदोज कर दिया गया।

जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि गुर्जर की थड़ी स्थित सुख विहार कॉलोनी में 296 वर्गगज के आवासीय प्लॉट पर जेडीए की अनुमति बिना 5 मंजिला अवैध निर्माण किया हुआ था। जब बिल्डिंग बन रही थी, तब भी जेडीए प्रशासन ने भूखंड़ मालिक को नोटिस थमाया था, लेकिन फिर भी अवैध इमारत तैयार कर ली गई थी। शुक्रवार सुबह इस अवैध बिल्डिंग को तोड़ने का काम शुरू किया था, लेकिन तकनीकी समस्या आने के कारण बिल्डिंग नहीं गिर सकी थी। शनिवार सुबह करीब 8 बजे जेडीए ने दुबारा कार्रवाई शुरू की तो सबसे पहले बिल्डिंग के चारों तरफ फैला मलबा हटाया। उस बिल्डिंग के पिल्लरों को पोकनेल मशीन से कमजोर किया। पिल्लर कमजोर करने के साथ ही बिल्डिंग ताश के पत्तों की तरफ बिखर गई। सैनी ने बताया कि जब यह अवैध इमारत बन रही थी, तब जेडीए ने नोटिस थमाया था। जिस पर प्लॉट मालिक ने जेडीए की ट्रिब्यूनल कोर्ट से स्टे ले लिया और इसका निर्माण जारी रखा। पिछले साल जब कोर्ट ने सील खोलने के आदेश दिए थे, तब जेडीए को बिना सूचना दिए भवन मालिक ने भवन की सील खोल दी और निर्माण पूरा कर लिया।

रघुवीर सैनी ने बताया कि जब इस बिल्डिंग का निर्माण चल रहा था, तब जेडीए टीम ने 24 फरवरी 2020 को नोटिस जारी किया था और बिल्डिंग मालिक को कंस्ट्रक्शन बंद करने के लिए कहा गया। नोटिस के बाद भी भूखण्ड स्वामी ने निर्माण जारी रखते हुए नोटिस का जवाब भिजवाया। भूखण्ड के मालिक का जवाब मिलने और टेक्निकल टीम से जांच करवाने पर जवाब संतोषजनक नहीं मिला। इसके बाद जेडीए ने इस बिल्डिंग को 13 जनवरी 2021 को सील कर दिया था। इस सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में भूखण्ड मालिक ने जेडीए की ट्रिब्यूनल कोर्ट में याचिका लगाई। इसके बाद कोर्ट ने स्टे दे दिया। इस मामले पर चली लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने पिछले साल 17 अक्टूबर 2022 को भूखण्ड को सात दिन में सील मुक्त करने के जेडीए के आदेश दे दिए।

ज्ञात रहे कि करीब 12 दिन पहले ही जेडीए ने इस बिल्डिंग से लगती हुई एक और 5 मंजिला बिल्डिंग तोड़ी थी। इस बिल्डिंग में "अधिगम कोचिंग" सेंटर चलता था। इसके संचालक सुरेश ढ़ाका व भूपेन्द्र सारण टीचर भर्ती परीक्षा के पेपर लीक के मास्टर माइंड थे। जेडीए ने इस बिल्डिंग को भी अवैध श्रेणी का मानते हुए कार्रवाई करके पूरा जमींदोज कर दिया था। इसके बाद 13 जनवरी को जेडीए ने इस कोचिंग संचालक के अजमेर रोड स्थित घर में भी अवैध निर्माण के हिस्से को ढहाया था।



जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने गोपालपुरा बाईपास पर सुखविहार कॉलोनी में बनी पांच मंजिला अवैध बिल्डिंग को शनिवार को जमींदोज कर दिया।

- 296 वर्गगज आवासीय भूखंड पर जेडीए की बिना अनुमति जीरो सेटबैक पर बनी थी यह अवैध इमारत
- वर्ष 2020 में जेडीए ने जब नोटिस थमाया तो भूखंड मालिक ने ट्रिब्यूनल से स्टे लेकर गुपचुप पूरी बिल्डिंग बना ली थी : रघुवीर सैनी

# दो बच्चों पर गिरी निर्माणाधीन मकान की दीवार, एक की मौत

- भट्टा बस्ती इलाके के बजरंग नगर में शनिवार शाम को हुआ हादसा
- लोगों ने खुद ही मिट्टी खोदकर 10 मिनट में बच्चों को बाहर निकाला

**जयपुर (कासं)।** शास्त्री नगर स्थित भट्टा बस्ती इलाके में शनिवार शाम को निर्माणाधीन मकान की दीवार धमाके के साथ गिर गई। मलबे में दो बच्चे दब गए। लोगों हाथों से मिट्टी खोदकर बच्चों को बाहर निकाला और हॉस्पिटल ले गए, जहां एक बच्चे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि हादसा न्यू संजय नगर बजरंग नगर में शाम करीब सवा 6 बजे हुआ। कॉलोनी में शेरू खान के निर्माणाधीन मकान का काम कर चल रहा है। देर शाम पडौसी फैजान (6) पुत्र साजिद और शैंपू (6) पुत्र शरीफ पास ही खेल रहे थे। अचानक निर्माणाधीन मकान की मिट्टी ढह गई। मिट्टी ढहने से मकान की दीवार धमाके के साथ गिर गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। लोग हाथों से ही मलबे को हटाकर बच्चों को ढूंढने लगे। करीब 10 से अधिक लोग खुद फावड़ा लेकर मिट्टी हटाने में जुट गए। पुलिस और सिविल डिफेंस टीम भी मौके पर पहुंच गई। हाथों से मिट्टी को खोदकर ही दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया। दोनों बच्चों को कावंटिया अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने फैजान को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल शैंपू को भर्ती कर लिया गया। डिप्टी कंट्रोल (सिविल डिफेंस) अमित शर्मा ने बताया कि टीम के साथ काफी संख्या में लोग मिट्टी में दबे बच्चों को ढूंढने में जुट गए थे। हादसे के महज 5 मिनट बाद ही एक बच्चे शैंपू को हाथों से मिट्टी खोलकर बाहर निकाल लिया गया था। मिट्टी में दबे दूसरे बच्चे फैजान को उसके करीब 10 मिनट बाद बाहर निकाला गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि शेरू खान के मकान निर्माण के दौरान पडौस के मकान की दीवार में दरार आ गई थी। पडौसी साजिद ने उसे दीवार में दरार आने के बारे में बताया था। दीवार की दरार को ठीक करने के लिए भी कहा था। हालांकि दरारों को नहीं भरवाया गया था। जिसके कारण निर्माणाधीन मकान की मिट्टी ढह गई। शेरू खान के खिलाफ लापरवाही के चलते बच्चे की मौत का मामला दर्ज किया जाएगा।

## रिलायंस डिजिटल इंडिया सेल की धमाकेदार वापसी

**जयपुर, (का.सं)।** रिलायंस डिजिटल भारत की सबसे बडी इलेक्ट्रोनिक्स सेल, डिजिटल इंडिया सेल शुरू की है। अपनी पसंद के इलेक्ट्रॉनिक्स आइटल पर अविश्वसनीय ऑफर और छूट प्राप्त कर सकते है। साथ ही, 29 जनवरी तक सभी क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 20,000 रुपए तक की तत्काल छूट केवल रिलायंस डिजिटल, माई जियो स्टोर्स पर पा सकते है। इस साल डिजिटल इंडिया सेल के अनुभव को और भी बेहतर बनाया गया है, आसान फाइनेंसिंग और ईएमआई विकल्पों के साथ। ग्राहक अपने नजदीकी स्टोर से इंस्टा डिलीवरी (3 घंटे से कम समय में डिलीवरी) और स्टोर पिक-अप विकल्पों का लाभ उठा सकते हैं।

इन ऑफसे के अलावा रिलायंस डिजिटल पर टीवी, स्मार्ट फोन, लैपटॉप, रेफ्रिजरेटर, ऑडियो डिवाइस, छोटे घरेलू डिवाइस सहित सभी श्रेणियों के सभी इलेक्ट्रॉनिक्स पर रोमांचक ऑफर है। सैमसंग नियो क्यूएलईडी रेंज, जिसकी शुरूआत हो रही है केवल 99,990 रुपये से और इसके साथ 23,990 रुपये का सैमसंग गैलेक्सी ए-23 मोबाइल 20 फीसदी तक के कैशबैक के साथ पूरी तरह से मुपत पाएं, और टीसीएल 65" यूएचडी गूगल टीवी 44,990 रुपये कैशबैक के साथ 2 साल की वारंटी पर पाएं। यही नहीं 9,990 रुपये का मल्टीचैनल साउंडबार प्राप्त करें। 3,999 रुपये की कम कीमत पर पाएं चुनिंदा एलईडी टीवी, और साथ ही कैशबैक ऑफर भी है।

## चुनाव संपन्न

**जयपुर।** श्री श्याम सत्संग मंडल संस्था कांवटियों का खुर्रा रामगंज बाजार जयपुर के त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। मंदिर महंत पं. लोकेश मिश्रा ने बताया कि अध्यक्ष कुंजबिहारी आबासवाला, उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, महामंत्री अशोक चतुर्वेदी, सह मत्री अनिल मोदी, कोषाध्यक्ष बाबूलाल गुडवाले, संगठन मत्री रामनारायण जयसवाल, कार्यालय मंत्री मुकेश बागडा, प्रचार मंत्री जगदीश शर्मा चुने गए हैं।

## संक्षिप्त

### दिव्यांग की आंख में तीर मारा

**जयपुर।** विद्याधर नगर इलाके में पडौसी ने 27 वर्षीय दिव्यांग युवक की आंख में तीर मार दिया। चोट लगने से आंख की रोशनी चली गई। युवक की मां सेक्टर-8 विद्याधर नगर निवासी जैबुननिशा ने शुक्रवार को एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़िता जैबुननिशा ने बताया कि घटना 24 दिसम्बर की है। वह पति मोहम्मद उमर और दिव्यांग बेटे सोहेल के साथ घर के बाहर बैठी थी। तभी पडौस में रहने वाला 14 वर्षीय किशोर अपने साथियों के साथ धनुष बनाकर खेल रहा था। उसने तीर सोहेल की ओर चलाया, जो उसकी आंख में लग गया। रिपोर्ट के अनुसार 24 दिसंबर को विद्याधर नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। आश्वासन दिया कि किशोर के पिता इलाज में मदद कर देंगे। सोहेल को इलाज के लिए कांवटिया अस्पताल से एसएमएस अस्पताल रैफर कर दिया। जहां से निजी अस्पताल भेज दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि आंख की रोशनी चली गई।

### महाशिवरात्रि महोत्सव 8 से

**जयपुर (कासं)।** अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ व स्वामी करपात्री फांउडेशन के तत्वावधान में महाशिवरात्रि महोत्सव श्री प्रबल जी महाराज की कुटिया, भादरा, जिला-हनुमानगढ में भारतीय संस्कृति के संवर्धन व गौ सेवार्थ होगा। इसके तहत 8 से 18 फरवरी तक अनेक कार्यक्रम होंगे। जानकारी के मुताबिक 8 से 10 फरवरी तक श्री शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। इसके बाद 11 फरवरी, शनिवार से 17 फरवरी, शुक्रवार तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। युवा तपस्वी संत परम पूज्य डॉ. गुण प्रकाश चैतन्य महाराज की अध्यक्षता में परम श्रद्धेय समर्थश्री त्रयम्बकेश्वर चैतन्य जी महाराज के मुखारबिंद से श्रीमद भागवत कथा का रसपान रोजाना दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होगा। साथ ही भागवत कथा से पहले रोजाना सुबह 8 बजे से 12 बजे तक व अपरान्ह 2 बजे से शाम 6 बजे तक 100 कुंडीय श्री पंचदेव महायज्ञ भी होगा। श्रीमद भागवत कथा के अंत में रोजाना सांय 6 बजे काशी की दिव्य आरती होगी।

### बसंत पंचमी की तैयारियां शुरू

**जयपुर।** बिहार समाज संगठन जयपुर जिला की ओर से 26 जनवरी बसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी सरस्वती का पूजन किया जाएगा। इस आशय का निर्णय संस्थ की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के संस्थापक दिलीप महतो ने की। महा सचिव सुरेश पंडित ने बताया कि बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा सामूहिक रूप से की जाएगी। इसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही है। बैठक में संजीव कुमार सिंह, ललित दास, विजय कश्यप, राजकुमार सिंह, मुरारी सिंह, आनंद शर्मा, रघुवीर राय, संजय शुक्ला, राहुल राय, संजीव मिश्रा, हरेन्द्र कुमार चौरसिया, जलेश्वर सिंह, देवेंद्र मंडल, छोटू मंडल, चिन्टू राय मौजूद थे।

# जयपुर में ड्रग्स तस्करी करने वाली 23 महिलाओं समेत 43 गिरफ्तार

## आरोपियों से गांजा-स्मैक खरीदने वाले 45 छात्र भी पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर (कासं)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने जयपुर में ड्रग्स तस्करी में लिप्त 23 महिलाओं समेत 43 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों से नशीले पदार्थ खरीदने वाले 45 लोग भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं, इनमें से अधिकांश छात्र है।

दरअसल शनिवार को जयपुर पुलिस ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। शहर के 23 इलाकों में कार्रवाई कर पुलिस ने इन बदमाशों को दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से 23 किलो 156 ग्राम गांजा, 15.28 ग्राम स्मैक, बिक्री के 5.79 लाख रुपये, देशी शराब के 1950 पव्वे, अंग्रेजी शराब के 212 पव्वे, बीयर की 49 बोतल और 2 दुपहिया वाहन जब्त किए। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- पुलिस ने आरोपियों से 23 किलो 156 ग्राम गांजा, 15.28 ग्राम स्मैक, 5.79 लाख रुपये, देशी शराब के 1950 पव्वे, अंग्रेजी शराब के 212 पव्वे, बीयर की 49 बोतल जब्त की

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) अजयपाल लाम्बा ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के अंतर्गत वैशाली नगर, करधनी, विश्वकर्मा, झोटवाड़ा, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर, कानोता, चाकसू, खो-नागोरियान, रामनगरिया, महेश नगर, करणी विहार, सांगानेर सदर, मालपुरा गेट, प्रताप नगर, मुहाना, सोडाला, मानसरोवर, शिवदासपुरा, श्याम नगर, सदर, गांधी नगर, मुरलीपुरा थाना इलाकों में कार्रवाई करते हुए 23 महिला सहित 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं।

लाम्बा ने बताया कि मानसरोवर की पत्रकार कॉलोनी में जब ड्रग्स तस्कर नगीना सांसी के घर पर पुलिस पहुंची तो वह फरार मिली। पुलिस ने भेष बदलकर करीब 1 घंटे इंतजार किया। इस दौरान 45 लोग स्मैक और गांजा खरीदने के लिए नगीना के घर पहुंचे, इनमें से अधिकांश छात्र थे। इस पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर मुहाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने ड्रग्स तस्करी में लिप्त आरोपी भवानी सिंह मीणा, सूरज अग्रवाल, मंजू सांसी, पिंकी मालावत, उषा सांसी, सौदागर उर्फ वकील, योगेश कुमार, सोनू सांसी, शीला सांसी, मंजू सांसी, अशोक शर्मा, अमित सांसी, पारस जैन, पंकज सैनी, कमलेश ठुकरान, राजवीर राजावत, सुरेश सांसी, आशा सांसी, मंगना सांसी औश्र विमला सांसी को गिरफ्तार किया।

इसी प्रकार शराब तस्करी में लिप्त गीता सांसी, गोकुल सांसी, राजकुमार कडेरा, संतरा सांसी, ममता मालावत, नीतू सांसी, देवाराम जाट, रविचन्द शर्मा, पार्वती सांसी, मुकेश हरिजन, निशा मालावात, सुमन सांसी, मुस्कान सांसी, काजल सांसी, गीता सांसी, बदाम सांसी, रोहित बिडावत, सोनू सांसी, रामू सांसी, विजय मेहरा, सुनीता सांसी, पूनम सांसी और विनोद सांसी को गिरफ्तार किया।


मानसरोवर की पत्रकार कॉलोनी में ड्रग्स तस्कर नगीना सांसी के घर पर गांजा-स्मैक खरीदने पहुंचे 45 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।


# पट्टे बांटने में फिसड्डी ग्रेटर निगम अवैध निर्माण करवाने में बुलंद : राहुल तंवर

## अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करने के बजाय सिर्फ नोटिस थमाकर 'डील' करने में जुटे हुए हैं अफसर : संजीव शर्मा

**जयपुर (कासं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टे बांटने में फिसड्डी साबित हो रहे ग्रेटर नगर निगम पर अवैध निर्माणों को शह देने का आरोप खुलकर लग रहा है। बीजेपी नेता एवं पूर्व पार्षद संजीव शर्मा और जयपुर फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ मुहाना टर्मिनल के अध्यक्ष राहुल तंवर ने बयान जारी कर अधिकारियों को आड़े हाथों लिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर आमजन के पट्टे अटकाने और अवैध निर्माण करवाने सिलसिला नहीं थमा तो बड़ा जनआंदोलन किया जायेगा।

राहुल तंवर ने कहा कि ग्रेटर निगम के अधिकारी इन दिनों शहर में अवैध निर्माण करवाने में व्यस्त हैं, इसलिए वे पट्टे बांटने में फिसड्डी साबित हो रहे हैं। बापू नगर, मालवीय नगर और आसपास की कॉलोनियों में इन दिनों अवैध निर्माणों की जैसे बाढ़ आई हुई है। निगम प्रशासन स्वयं प्रसंज्ञान लेकर कार्रवाई करना तो दूर लोगों की शिकायतों को भी दबाए बैठा है। प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टे देने के लिए राज्य सरकार ने सख्त हिदायत दे रखी है, इसके बावजूद आमजन को अपने भूखंड़ों के पट्टे पाने के लिए नगर निगम के दफ्तर में धक्के खाने पड़ रहे हैं, उनकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं। शहर में सफाई-सीवरेज व्यवस्था बंटाधार है, टूटी सड़कों के कारण आमजन दु:खी है, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों को आमजन की पीड़ा दिखती ही नहीं।

पूर्व पार्षद एवं बीजेपी नेता संजीव शर्मा ने कहा कि गुरूवार को राहुल तंवर और मैंने वार्ड 148 व 149 के सैकड़ों लोगों के साथ मालवीय नगर जोन का घेराव किया था। ग्रेटर निगम के अधिकारी-कर्मचारी पट्टे देने के बजाय लोगों को बेवजह ऑफिस में चक्कर कटवा रहे हैं। बदहाल सफाई-सीवरेज की शिकायतों पर सुनवाई नहीं होती। ग्रेटर निगम के तमाम जोन में अवैध निर्माण चरम पर हैं। बिल्डिंग मालिकों को नोटिस थमाकर खुलेआम 'सील की डील' की जा रही है। ज्यादा भयावह हालात मालवीय नगर, बापू नगर और आसपास के क्षेत्र में है। तमाम शिकायतों के बावजूद महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और कमिश्नर महेन्द्र सोनी आंखें मूंदे बैठे है। उनकी इस नजरअंदाजी के कारण जोन उपायुक्त धड़ल्ले से अवैध निर्माणों को शह दे रहे हैं। संजीव शर्मा ने चेतावनी दी कि अगर ग्रेटर अफसरों ने यह ढर्रा नहीं सुधारा तो बड़ा जनआंदोलन किया जायेगा। गुरूवार को भी मालवीय नगर जोन के घेराव के दौरान युवा नेता निक्की गुर्जर, देवांशु गुर्जर, रजत यादव, चितरंजन सैनी, करन गुर्जर, दीपक समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।


मालवीय नगर जोन पर विरोध जताते वार्ड 148 व 149 के लोग।

# चूड़ी कारखाने से बिहार के 25 नाबालिग बच्चे छुड़वाए

- तीन महिलाओं समेत 7 बाल तस्करों को पुलिस ने दबोचा

**जयपुर (कासं)।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने बिहार से तस्करी कर लाए 25 नाबालिग बच्चों को चूडी कारखाने से छुडवाया है और साथ ही बच्चों की तस्करी कर काम करवाने वाली तीन महिला सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया था। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस को बाल विकास धारा संस्था के फील्ड अधिकारी महेश बंजारा ने सूचना दी थी कि व्यास कॉलोनी शास्त्री नगर स्थित मकान में बच्चों की मानव तस्करी कर चूडी कारखाने में बालश्रम का अवैध काम करवाया जा रहा है। इस पर पुलिस टीम ने मकान में दबिश दी। जहां मकान में बने दो फ्लोर पर चूडी कारखाने में बच्चे काम करते दिखे। साथ ही पुलिस को देख कर आरोपितों द्वारा पीछे के रास्ते से बच्चों को निकाल कर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मकान में मौजूद सभी को पकड़ा और बिहार से तस्करी कर जयपुर लाए 25 बच्चों को छुडवाया। छुडवाए गए बच्चों में ज्यादातर की उम्र 14 साल से कम है। जो एक ही परिवार के आपसी रिश्तेदार है। थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सफीना खातुन (45) निवासी समस्तीपुर बिहार, मोहम्मद निजामुद्दीन (38) निवासी समस्तीपुर बिहार, मोहम्मद गुलाब रब्बानी (31) निवासी समस्तीपुर बिहार, मोहम्मद मजीद (45) निवासी समस्तीपुर बिहार, मोहम्मद इम्तियाज (38) ,सीतारा खातुन (35) निवासी बलीगांव वैशाली नगर और शबनम परवीन (20) निवासी बलीगांव वैशाली बिहार को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित पिछले करीब 3-4 साल पहले बिहार के गांवों से नाबालिग बच्चों को लालच देकर लाया गया था। गांव से लाने के बाद इन्हें घर से नहीं निकलते दिया जाता था। सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक चूड़ी बनाने का काम करवाया जाता। कम खाना देने के साथ ही काम नहीं करने पर मारपीट करते। छोटे से स्थान में एक जगह सभी को रखा जाता।

# दुष्कर्मी को 20 वर्ष की सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर द्वितीय ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त राहुल सिंह शेखावत को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि भले ही पीड़िता और उसके परिजन पक्षद्रोही हो गए हो, लेकिन मेडिकल साक्ष्य से साबित है कि पीड़िता के साथ अभियुक्त ने दुष्कर्म किया है।

## सार-समाचार

### ड्रग्स तस्करी में पिता-पुत्र को सजा

**जयपुर, (का.सं.)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की विशेष अदालत एवं सीबीआई कोर्ट क्रम-3 महानगर प्रथम ने केटामाइन ड्रग्स की तस्करी व कारोबार करने के अभियुक्त मुकेश भारद्वाज और उसके बेटे राहुल भारद्वाज को 15 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा है कि अभियुक्तों से बरामद 70.50 लाख रुपए, फ्रिज किए बैंक खातों व दो कारों सहित अन्य बरामद सामान के संबंध में अलग से परिवाद दर्ज किया जाए। डीआरआई के विशेष लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि डीआरआई को गोपनीय सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध तरीके से ड्रग्स तस्करी व कारोबार करते हैं जिस पर डीआरआई की टीम ने 9 अगस्त 2012 को आरोपियों के घर पर छापा मारा और वहां से 106 किलो केटामाइन ड्रग्स व 70.50 लाख रुपए बरामद किए। डीआरआई ने जांच में पाया कि आरोपी विदेशों व रेव पार्टियों में अवैध तरीके से ड्रग्स सप्लाई थे। वहीं अलग-अलग नामों के फर्जी बैंक खातों में विदेशों से रुपए मंगवाते थे। डीआरआई ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट में डीआरआई ने 1426 दस्तावेज पेश किए और 42 गवाहों के बयान दर्ज कराए। डीआरआई ने दलील दी कि दोनों आरोपी बिना लाइसेंस के गैर कानूनी तरीके से ड्रग्स का कारोबार कर रहे हैं। उनके कब्जे से भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद किया है। ड्रग्स तस्करी व गैर कानूनी तरीके से कारोबार करना गंभीर अपराध है और इससे युवाओं का स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

### तंत्र विद्या का डर दिखाकर करते थे लूट

**जयपुर (कासं)।** गलता गेट पुलिस ने उत्तराखंड की गुडबाजी गैंग के बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो तंत्र विद्या का डर दिखाकर महिलाओं से गहने-कैश लूट की वारदात को अंजाम देते है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही गैंग के फरार बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने उत्तराखंड की गुडबाजी गैंग के बदमाश इकबाल अली (27) निवासी गदरपुर उधम सिंह (उत्तराखंड) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गैंग के बदमाश तंत्र विद्या का डर दिखाकर सुनसान जगह पर मिलने वाली महिला से गहने-कैश लूट की वारदात को अंजाम देते थे। योजना के तहत गैंग के बदमाश अपने ठिकानों से बाइक लेकर निकलते है और फिर सुनसान जगह पर अकेली महिला को चिन्हित करते। गैंग का एक बदमाश उस महिला से बातचीत कर बातों में गुमराह करता। अपने आपको हरिद्वार-वृंदावन से आने की बताकर सम्मोहित कर उसकी और परिवार की हिस्ट्री जान लेता। इसके बाद परिवार के सदस्यों की अकाल मृत्यु का भय दिखाकर माताजी की पूजा-पाठ एवं यात्रा 51 कदम चलने की कहकर गहने, कैश और कीमती सामान लूटकर फरार हो जाते थे। गौरतलब है कि 3 दिसम्बर को गलता गेट थाने में घाटगेट निवासी बीना मीणा (30) ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपने तीन साल के बेटे के साथ डेयरी बूथ पर सामान खरीदने जा रही थी। आरएसी गेट के पास पीछे से दो आदमी आए और डरा-धमकाने के साथ ही धारदार हथियार दिखाकर सोने का मंगलसूत्र, टॉप्स, अंगूठी, 400 रुपए और मोबाइल लूट ले गए थे।

### चिकित्सकों को फेमा का समर्थन

**जयपुर।** जयपुर में चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा-2022 में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर बेरोजगार चिकित्सकों की ओर से दिए जा रहे आंदोलन को फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. अमित यादव ने अपना समर्थन दिया है। डॉ. यादव ने बताया कि शनिवार को जयपुर में धरना स्थल पर पहुंचकर उन्होंने आमरण अनसन पर बैठे चिकित्सकों से मिलकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए मुख्यमंत्री के नाम जन निदेशक को ज्ञापनर सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा- 2022 में पदों की संख्या 1765 से बढ़कर 4500 करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बेरोजगार चिकित्सकों द्वारा गत तीन दिन से चिकित्सा अधिकारी पदों की संख्या बढ़ाने की जायज मांग को लेकर आमरण अनशन किया जा रहा है। ऐसे में फेडरेशन ऑफ आल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन बेरोजगार चिकित्सको के आंदोलन का पूर्ण समर्थन करता है। ज्ञापन में सरकार से आग्रह किया गया कि वह चिकित्सा विभाग को निर्देशित कर चिकित्सा अधिकारी के 1765 पदों को बढाकर 4500 करे।

### रिश्वतखोर पटवारी-दलाल को सजा

**जयपुर, (का.सं.)।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 ने सीमा ज्ञान करने की एवज में रिश्वत लेने वाले तत्कालीन पटवारी प्रभु नारायण बैरवा और दलाल श्रीकृष्ण बैरवा को तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजपाल सिंह राठौड़ ने अदालत को बताया कि परिवादी रामराय मीणा ने एसीबी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि चाकसू में उसके परिजनों के नाम कृषि भूमि है। जिसकी सीमा ज्ञान कराने के लिए उसने तहसीलदार के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किया था। इस पर तहसीलदार ने सीमा ज्ञान करने के लिए श्रीपुरा, चाकसू के पटवारी प्रभु नारायण को अधिकृत किया था। परिवादी ने जब पटवारी से बात की तो उसने सीमा ज्ञान कराने के एवज में छह हजार रुपए मांगे और बाद में पांच हजार रुपए में सौदा तय हुआ। वहीं अभियुक्त ने 21 जून, 2007 को परिवादी को कोटखावदा स्थित ज्यूस की दुकान पर बुलाया। यहां अभियुक्त पटवारी ने परिवादी को रिश्वत राशि दलाल श्रीकृष्ण को देने को कहा। परिवादी की ओर से रुपए देने पर एसीबी ने दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### कच्ची बस्ती में तोड़फोड़ का विरोध

**जयपुर (कासं)।** ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में ग्रेटर नगर निगम द्वारा की गई तोड़फोड़ के विरोध में स्थानीय लोग एकजुट हो गए हैं। उपायुक्त द्वारा चस्पा किए गए नोटिस को लेकर स्थानीय बाशिंदों ने महापौर डॉ.सौम्या गुर्जर व अन्य अधिकारियों से मिलकर शिकायत दर्ज करवाई। इसके साथ ही वार्ड संख्या 147 के क्षेत्रीय पार्षद पर स्थानीय दुकानदारों व रहवासियों से मंथली राशि की डिमांड करने का आरोप लगाया। हालांकि पार्षद ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए सिरे से खारिज किया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पार्षद ने धमकी दी हैं कि यदि उन्हें मंथली राशि नहीं दी गई तो वह मकान और दुकान छुड़वा देंगे। इस संदर्भ में स्थानीय बस्ती वासियों की डॉक्टर ओपी टांक एवं बाबूलाल के सानिध्य में बैठक हुई। जिसमें बस्ती वासियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे नगर निगम ग्रेटर एवं क्षेत्रीय पार्षद की नीतियों का हर स्तर पर विरोध करेंगे। डॉ. ओ.पी. टांक ने बताया कि नगर निगम द्वारा दिए गए नोटिस का उन्होंने जवाब दे दिया है। वहीं मेयर सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को स्थिति से अवगत करवाते हुए इस मामले को लेकर ज्ञापन भी दिए हैं।



## Chinese New Year

Chinese New Year, also known as the Spring Festival, is a holiday that celebrates the beginning of the year on the traditional Chinese calendar. It is the most important holiday in China and is celebrated by millions of people around the world, including countries with large Chinese populations such as Singapore, Vietnam, and Indonesia. The holiday typically falls between late January and mid-February, and is marked by a variety of cultural traditions and activities. It's also a time for families to come together and celebrate the start of a new year.



# #JLF DIARIES

## Book Lovers, Pay Up

**In** this digital age, physical books are like unicorns: rare and magical creatures that only a select few appreciate. But instead of being celebrated and revered, book buyers at JLF bookstore are being charged for the privilege of carrying their precious tomes home in some extra carry bags. It's like they're being punished for not succumbing to the Kindle-wielding masses or the endless scroll of TikTok and Reels. But alas, at JLF, the rush for physical books continues, proving that some things truly are worth the extra carry bag fee.




## Pee first, read later

**At** JLF, the hierarchy of needs is clear: apparently, meeting an author is just a fleeting 10-minute dream, while the urgent and pressing need for a restroom takes precedence. The line for the loo is longer than the line to meet the author, especially during the lunch hour. It seems there's no such thing as a "pee lunch." But hey, at least the author's line is shorter, so you can finally meet them and tell them about your exciting bathroom experience.

## Festival fuel: Coffee

**Looks** like the curation of the food stalls at JLF was done by a caffeine-crazed individual, because over eighty percent of the food stalls are serving coffee. From coffee giants like Blue Tokai and The Roastery to homegrown coffee brands, it's like the festival is counting on the attendees to consume enough coffee to stay awake through the sessions, because let's face it, some of those lectures can be pretty snooze-worthy.

## Less is More media kit

**Looks** like the JLF media kit this year is taking the minimalist approach to the extreme. Instead of the usual array of goodies, journalists are left to survive on a diet of apricots and mulberries. No dettol sanitizers to fend off pesky germs, no cutesy diaries to document their literary musings, no books to keep them company during their down-time and no tea to soothe their frazzled nerves. But don't worry, all complaints of a light goodie bag are being compensated with an ordinary notepad and pen, because who needs fancy stationery when you have the gift of imagination!

## Digital Detox Delight


Attention all tech-dependents, if you're looking for a digital detox while expanding your literary horizons, look no further than the Clarks Amer Hotel. The network here is so bad, you'll be forced to put your phone down and engage in face-to-face conversations. Say goodbye to dropped calls and hello to uninterrupted book reading. And don't even bother trying to upload that Instagram story, it'll take longer than it takes to read War and Peace. Welcome to JLF, where technology takes a backseat to the written word.

# #UNIVERSE

## Troublingly Elusive

It all started with a bang. During an unimaginably brief fraction of a second, the embryonic universe ballooned in size with unimaginable swiftness. In a flash, dimples of imperfection stretched into cosmic scars and locked in the universe we experience today, a milieu filled with galaxies, stars, planets, and humans.

A group of astronomers known as the BICEP/Keck collaboration leads the hunt for these "primordial gravitational waves." In 2021 the researchers released their latest results, the culmination of years of painstaking labour in one of the harshest places



on Earth. Once more, they found no sign of their quarry. If an inflating universe reverberated with gravitational waves-as most cosmologists still fully expect it did- it must have done so in a rather subtle way.

The "simplest flavours, we are right now ruling out," says Clem Pryke, an astrophysicist at the University of Minnesota and member of the BICEP/Keck collaboration. "[This result] is killing previously very popular theories of inflation."

### The First Instant

The oldest light in the universe has been streaming through space for more than 13 billion years, ever since the cosmos cooled enough to become transparent. Astronomers have precisely mapped this "Cosmic Microwave Background (CMB)" and used it to learn that the universe was, and has remained, strikingly uniform overall. The CMB indicates that when the universe was just 380,000 years old, it had nearly the same density of matter everywhere. And today, astronomers see galaxies in every direction.

But the CMB is ever so slightly clumpy, and it clumps in a special way. Dense and thin spots come in all sizes, from very small to very large. Today we see a related pattern, from single galaxies to giant mega clusters of them.

How did the universe get this way? Inflation winds back the clock even further, attempting to explain how lumps of all sizes developed during the cosmos's first 0.000000000000000000000000000000000001 of a second. During this period, the minuscule universe seethed with energy, and quantum theory ruled the day.

### The Missing Piece

Or so the story goes. Inflation has become the leading theory of the birth of the cosmos because it explains exactly what astronomers see when they study the large-scale patterns formed by matter, dark matter, and more.

But one pattern has eluded them. The fabric of spacetime itself cannot hold perfectly still at the quantum scale, and inflation should have stretched those initial tremors into proper waves just as it did with matter and everything else. These primordial gravitational waves would have left faint fingerprints in the CMB, specific whorls in the light known as "B-mode polarization." Astronomers have the capability to directly detect these whorls today, if the pattern is prominent enough, but have yet to find any.

Frustratingly, the universe is awash in materials that shine in a similarly whirly way. The BICEP team triumphantly announced the discovery of primordial gravitational waves in 2014, for instance, only to later learn that they had picked up the dim heat glow of dust grains streaming along the magnetic fields that fill the space between stars in the Milky Way.

# I don't expect an ideal world, but a decent one: Kapil Dev

> "Every human being has a brain, but it's not used… Who has given anybody the right to take someone else's life? Such brutality on the premises of an educational institution… What's the mindset of today's generation? More than the boys, I'll blame their parents. What values have they instilled?"



Icon Kapil Dev with wife Romi & daughter Amiya. The family is all for the welfare of animals.



Lokendra Pratap Sahi
Senior Journalist

Kapil Dev, India's first captain to win cricket's World Cup, has moved the Supreme Court for justice. Not for himself, but for a female dog (Donna) bludgeoned to death by some students of Don Bosco Technical Institute in the capital's Okhla area.

It is unusual for an icon to pursue such cases, but dogs and cats - both pets and strays - have been a part of Kapil's life. He is, in fact, speaking up for those without a voice via a Writ Petition.

Kapil's wife Romi and activist Anjali Gopalan are co-petitioners, with the Union of India respondent No.1. The Institute is respondent No.38, after every State and Union Territory.

Eminent lawyer Aman Lekhi, a former Additional Solicitor-General of India, is fighting the case pro bono. He is passionate about animals in general and dogs in particular, which explains why somebody of his stature has pitched in so strongly.

A two-member Bench, comprising Justice KM Joseph and Justice BV Nagarathna, has heard the Petition once, on January 2. The next hearing is most probably early next month.

Justice Joseph is also on the Bench hearing the Jallikattu case. The outcome there may impact the Petition filed by the Devs and Ms Gopalan.

Besides justice for the female dog, which apparently was pregnant, the Petition has raised larger issues, including the inadequacy of existing laws to deal with cruelty to animals and the response of law-enforcing agencies when offences get committed.

There is a pressing need to amend what is outdated, recognising the reality of today's world. Quite simply, archaic laws must go.

While the petitioners have gone to the apex court, Ms Divya Puri filed an FIR with the New Friends Colony police station on November 19 last year, the date many in Delhi received a ghastly video of the killing.



Kapil Dev with Chikoo at a shelter. When a pup, both hind legs were crushed.

Four students were arrested, but released on bail. More than two months have gone by, but the chargesheet is yet to be filed.

If Ms Puri feels frustrated, like other complainants on similar issues, one can only empathise.

The Institute's principal, Brother Thomas, has admitted to an "unfortunate incident" on the "campus" a month prior to December 7. In a letter to Romi, he has mentioned "cruel act" as well. "Dog" finds one reference.

Brother Thomas's letter, however, is silent on the allegation that the female dog was buried on campus. He has been quiet too on the allegation that a few staff members, present when the horrific act was committed, did not stop the students.

Before writing this Column, I made multiple calls to Kapil and Romi, besides talking to Lekhi.

"There has to be respect for life, not just the lives of animals. Nobody has the license to behave in an improper way. There must be effectiveness in deterring," Lekhi said.

As the Petition is still being heard by the Supreme Court, Lekhi did not wish to specifically speak about the case. Understandably so.

Lekhi did, however, talk about his love for animals, besides his one-time high level of interest in cricket.

"I have dogs at home, but they're the desi type. I'm not for pedigreed ones, which become a status symbol. Besides my pets, I care for 60-70 strays in the neighbourhood…

"My residence (in South Extension-II) is actually a feeding ground for animals. Stray dogs, cats, birds, monkeys… It's fine with me…

"I grew up in an era when the radio was a constant companion and one looked forward to the cricket commentary…

"Back then, I used to be a huge admirer of Sunil Gavaskar and Kapil. Gavaskar epitomised character and that's what I look for, not records…

"In fact, if I glance around, what's lacking is character…

"Like character, values also matter to me. The real stalwarts, in my book, have character and espouse values which are worthy of appreciation…

"To be honest, I've never had time for the politically correct ones. Scoring tons of runs, but not speaking up on any issue…

"Of late, I've lost interest of the kind I once had. It's not that I don't appreciate fine performances - from a Virat Kohli, for example - but it's not like the time Gavaskar and Kapil made us proud…

"Call me a traditionalist, but nothing is better than a good Test match. That's my format, "Lekhi pointed out.

A man of many parts would be an apt description.

Lekhi's spouse Meenakshi happens to be a Union minister. She has been a member of the Lok Sabha from 2014.

## #CARE FOR ANIMALS




Now for the Q&A with Kapil and Romi…

### KAPIL DEV

***Q: You watched the painful video on WhatsApp and wept…***

**Kapil:** I grieved because I care for life, care for animals who can't voice their pain like you and I… I've always maintained if you can't love animals, you're incapable of loving anybody.

***Q: Subsequently, what did you feel?***

**Kapil:** That every human being has a brain, but it's not used… Who has given anybody the right to take someone else's life? Such brutality on the premises of an educational institution… What's the mindset of today's generation? More than the boys, I'll blame their parents. What values have they instilled?

***Q: You're 64 and come from a different generation…***

**Kapil:** Irrespective of the generation you belong to, you have to help somebody who is struggling (to survive), not torture a human/animal to death for fun… I was taught to respect life… Over centuries, it has been established that a dog indeed is man's best friend… Dogs, cats, rabbits, parrots… They give such joy, it's all about them giving and expecting nothing but a bit of love in return.

***Q: There would have been some communication between you and the Institute…***

**Kapil:** I wrote a letter on November 21, after the video started circulating, but got no response from the principal… Only after Romi sent a reminder, on December 3, that he replied – four days later. The principal admitted the "unfortunate incident" took place on campus and that "one of the students" had circulated the video recorded by those present.

***Q: It is in black and white…***

**Kapil:** Absolutely.

***Q: You've mentioned caring… But, almost every day, men/women/children are either killed or raped or assaulted… Life, in India, appears to have no value. You're hoping for an ideal world…***

**Kapil:** I don't expect an ideal world, but a decent one. Terrifying acts, like what happened to helpless Anjali (Singh) on the night of December 31, too reflect a lack of education. Again, I'll say parents have a bigger responsibility than educational institutions. Families must sit down and talk at the dinner table, parents have to keep instilling the right things: Respect for life, respect for women. Otherwise...

***Q: Confident that the apex court will give a favourable verdict?***

**Kapil:** We respect the judiciary and have faith… I hope our Petition helps in spreading awareness as well. The fact that you're writing about it is a step in that direction… Like the harmful effects of firecrackers on Diwali, there has to be a campaign to respect animals. Don't kick a helpless cat or dog, show affection… Don't drive your vehicle over animals, allow them to pass... Won't cost you anything.

***Q: Lack of respect for life apart, is there something else that worries you after what happened at the Institute?***

**Kapil:** Generally… That some people may have money, but do they have ethics at all? Life mein unke principles kya hain?

***Q: Asking out of curiosity… Did you approach any of the cricketers, past or present, who're active on social media, to voice their condemnation on any of the platforms?***

**Kapil:** You've known me for decades, I usually don't ask… I left that part to Romi… She did approach a few who're dog lovers. I'm not aware if they commented on social media. You have to accept everyone has commitments.

***Q: Last one… Do you still have Dobermanns as pets?***

**Kapil:** Don and Pachino were my earliest pets, but I realised Dobermanns need space… After them, we had seven dogs, all pedigreed. Then, Romi decided we'd stop going for fancy breeds and adopt instead. Right now, we have two Pomeranians (Cham Cham, TukTuk) inside our house in Sundar Nagar and two strays near the guard room… Romi and I, by the way, are associated with a dog shelter, run by the Udgam Charitable Trust.

### ROMI DEV

***Q: Who forwarded the video to you?***

**Romi:** I'm a member of a few Delhi-specific WhatsApp groups and it came on one of them… That forward mentioned the gruesome killing was at the Institute… I put it on our family group. While (daughter) Amiya and I couldn't watch it in entirety, Kapil did. He wept on seeing the barbarism.

***Q: Nobody else on that WhatsApp group reacted?***

**Romi:** Well, the appropriate sentiments were expressed by everybody, the right words used… But, as is most often seen, nobody went beyond that. I was, however, determined not to let this go unpunished.



Kapil Dev feeding Gutteru as Cham Cham waits for his turn.

Some of the others felt likewise. So, on November 21, a candle light march/vigil was scheduled outside the Institute - in a loosely-organised manner, I could add.

***Q: How many attended?***

**Romi:** Somebody mentioned on WhatsApp that the march/vigil was off, which caused confusion. That wasn't so... When my niece and I reached the venue, there were only a handful present. We then started calling friends who'd cancelled the trip thinking it was off. Eventually, there were around 50-60 of us, mostly women. After a while, however, we had to leave as Delhi Police's permission hadn't been taken. The police came and requested we disperse, else they would get into trouble. We obliged, after singing bhajans and lighting candles.

***Q: Wasn't Kapil there?***

**Romi:** Kapil was travelling, couldn't have been present.

***Q: Didn't anybody from the Institute meet the 50-60 men and women?***

**Romi:** Oh, no. The gate was locked… The few lights that were on when we started assembling, got switched off. That was the response!

***Q: As the female dog was a stray, who named her 'Donna'?***

**Romi:** A kind soul in the WhatsApp group, where the video was circulated, very thoughtfully did so. I assume 'Donna' because she was killed on the Don Bosco Technical Institute's premises.

***Q: Is Ms Puri, the young lady who filed the FIR, known to Kapil and you?***

**Romi:** No.

***Q: How did the Petition come about?***

**Romi:** Look, Kapil and I were intent on taking this forward and a candle light march/vigil just wasn't enough… I forwarded the video to one of our neighbours, Vedant Sharma, who also loves dogs. Distressed, he had a word with Mr Lekhi, under whom he is interning. Besides being a top lawyer, Mr Lekhi is passionate about animals. Naturally, he was upset by what had happened.

***Q: Did Lekhi suggest a Writ Petition be filed?***

**Romi:** Yes… Vedant arranged a meeting with Mr Lekhi and it was during my interaction with him that he put forward the idea. Mr Lekhi isn't charging a Rupee.

***Q: Finally… What message have the "boys" of Don Bosco Technical Institute sent out?***


**Romi:** Let your readers form their own opinion… There are larger issues involved… Unless what's currently being taught at home and in educational institutions is given a hard look, I'm scared to think of what next… Even humans are at risk, forget strays… Given what keeps happening in Delhi, there's a baseball bat and a cane stick in my car. Bat for the driver and the stick for me if we get attacked. Surely, we'll have to defend ourselves. My car has a pepper spray too… Better be safe than sorry… Even a decade after the Nirbhaya episode, there's no end to heart-wrenching stories. Where's that 'Daughter of India' sentiment gone? Forgotten.

writetoarbit@rashtradoot.com



Legal eagle Aman Lekhi, who is passionate about animals, dogs in particular.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पंचायत राज्य मंत्री ने सपोटरा में ध्वस्त मन्दिर का जायजा लिया

## दुर्घटना में मृतक परिवार के प्रति एवं घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**सपोटरा/करौली, (निसं)।** पंचायत राज्य मंत्री रमेश मीणा ने सपोटरा में गत दिन शिव मंदिर की दीवार गिरने की घटना का जायजा लिया और कन्हैया दंगल कार्यक्रम में एकट और सूरतपुरा गांव में शिरकत की।

क्षेत्रीय विधायक एवं पंचायत राज्य मंत्री रमेश मीणा शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र सपोटरा पहुंचे। जहां उन्होंने जेसीबी मशीन से नाला निर्माण के दौरान कस्बे में शिव मंदिर की दीवार गिरने की दु:खद घटना का जायजा लिया और दुर्घटना में मृतक परिवार के प्रति एवं घायलों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। साथ ही दुर्घटना में दोषी अधिकारी, कर्मचारी या संवेदक की लापरवाही की जांच कर करने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने गांव एकट और सूरतपुरा में कन्हैया दंगल धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की।



पंचायत राज मंत्री रमेश मीणा ने शिव मंदिर की दीवार गिरने की घटना स्थल का जायजा लिया।

इस मौके पर गांव एकट एवं सुरतपुरा के ग्रामवासी एवं पंच पटेलों ने माला साफा पहनाकर मंत्री का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से धर्म के प्रति लोगों में आस्था का प्रचार होता है एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता आती है। ऐसे आयोजनों से भाईचारा बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री को ग्रामीणों एवं किसानों ने बिजली कटौती की समस्या से अवगत कराया। इस मौके पर मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात की और साथ ही कहा कि अगर किसानों को समय पर संपूर्ण बिजली नहीं मिलेगी तो इस संबंध में मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे। सुरतपुरा एवं एकट दोनों गांव में 15 -15 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की।

- लापरवाही की जांच करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए

# बाड़मेर के सांवलाराम बिश्नोई को मिला मरणोपरांत 'यू.एन. मिशन मैडल'

## संयुक्त राष्ट्र संघ ने मैडल प्रदान कर बाड़मेर के शौर्य और पराक्रम को गौरवान्वित किया

**बाड़मेर, (निसं)।** सात समंदर पार कांगो में यूएनमिशन पर तैनात बीएसएफ के वीर जाबांज बांड निवासी वीर सपूत सांवलाराम बिश्नोई ने कांगो के मोरक्को में हुए प्रदर्शनकारियों के हमले में अंतिम सांस तक लड़ते हुए 26 जुलाई 2022 को अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया था। उनकी वीरता की कद्र करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने उन्हें मरणोपरांत यूएनमिशन मैडल प्रदान कर बाड़मेर के शौर्य और पराक्रम को गौरवान्वित किया है। साता में चल रही कबड्डी और खो-खो लीग के उद्घाटन अवसर पर बीएसएफ की 83 वीं वाहिनी के कमांडेंट एम पी सिंह ने ये जानकारी प्रदान की कि बीएसएफ के वीर जाबांज सांवलाराम बिश्नोई को संयुक्त राष्ट्र संघ ने मरणोपरांत यूएन मिशन मैडल प्रदान किया है जो कि समूचे बाड़मेर वासियों के लिए गर्व की बात है।

ये मैडल कब्बड्डी और खो-खो की खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बाड़मेर सेक्टर हेडक्वार्टर के उपमहानिरीक्षक प्रीतपालसिंह भट्टी और 83 वीं वाहिनी के कमांडेंट एम पी सिंह के आतिथ्य में वीरांगना रूखमण देवी को प्रदान किया जाएगा। इस दौरान हजारों लोग इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनेंगे। थार के वीर संस्थान के संयोजक रघुवीरसिंह तामलोर ने बताया कि सात समंदर पार कांगो में वसुधैव कुटुम्बकम का परिचय देते हुए वीर गति को प्राप्त होने वाले वीर सपूत सांवलाराम बिश्नोई के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ से सीमा सुरक्षा बल और भारत सरकार के माध्यम से यू एन मैडल और भारत सरकार से अशोक चक्र प्रदान करने की मांग की थी। गणतंत्र दिवस से पहले टीम थार के वीर ने संयुक्त राष्ट्र संघ,भारत सरकार और बीएसएफ का आभार जताया है।

बीएसएफ के 83वीं वाहिनी के कमांडेट एमपी सिंह ने बताया कि बीएसएफ के वीर सपूत सांवलाराम बिश्नोई को उनकी वीरता के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा यूएन मिशन मैडल प्रदान करना गर्व की बात है। हम हमेशा वीर सपूत के परिवार के साथ है।

थार के वीर संयोजक रघुवीर सिंह तामलोर ने बताया कि यूएन मिशन मैडल के साथ-साथ हमने भारत सरकार से वीर सपूत सांवलाराम को मरणोपरांत अशोक चक्र भी देने की मांग की है। पूरा देश ही नहीं अपितु कांगो के लोग भी सांवलाराम के अदम्य साहस और पराक्रम को सदैव याद रखेंगे। अब भारत सरकार अशोक चक्र प्रदान करे तो इस क्षेत्र के लोगों का मनोबल बढ़ेगा।

- सांवलाराम ने कांगो के मोरक्को में हुए प्रदर्शनकारियों के हमले में बलिदान दे दिया था
- सांवलाराम को मरणोपरांत अशोक चक्र देने की मांग की

# प्रेमिका के कहने पर प्रेमी ने मासूम बच्ची का गला दबा हत्या की थी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** मां सुनीता के कहने पर सन्नी ने रात को सो रही 3 साल की मासूम किरण का गला दबा हत्या की थी। तीन साल की मासूम किरण की गला दबाकर हत्या करने वाली बच्ची की मां और उसका प्रेमी दूर के रिश्ते में संबंधी भी हैं।

आरोपी मां उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के बरगदेई गांव निवासी सुनीता देवी पत्नी बिन्देश्वरी उर्फ दिनेश कुमार व रायबरेली जिले के सलवन गांव निवासी सन्नी उर्फ माल्टा पुत्र रामगोपाल पांडे की आपस में मुलाकात और नजदीकी श्रीगंगानगर जिले में ही हुई थी। जांच अधिकारी हिन्दुमलकोट थानाधिकारी संजीव चौहान ने बताया कि बिंदेश्वरी पत्नी सुनीता के साथ शादी के बाद श्रीगंगानगर आ गया था और दोनों ईंट भट्टे पर काम करने लग गए थे। दोनों 8 साल तक श्रीगंगानगर में साथ-साथ रहे थे। इस दौरान सुनीता ने पांच बच्चों को जन्म दिया।

इसी दौरान आरोपी सन्नी उर्फ माल्टा जो कि भट्टे पर काम करता था। सुनीता के बहुत अधिक नजदीक आया। वह सुनीता के भाई के ससुराल परिवार से है। सन्नी का परिवार करीब 40 वर्षों से श्रीगंगानगर में रहकर भट्टों पर काम करता आ रहा है। जब सुनीता को वह अपने पति से कहीं ज्यादा अच्छा लगने लग गया। तब उन दोनों ने साथ रहने का फैसला कर लिया। बिंदेश्वरी अपने तीन बच्चों को साथ लेकर वापस यूपी अपने गांव चला गया। पुलिस के पास रिमांड पर चल रही सुनीता और उसका प्रेमी सन्नी उर्फ माल्टा पांडे मानसिक रूप से बीमार लगते हैं। ये दोनों किसी बात पर झगड़ते हुए एक दूसरे से मारपीट करने लग जाते हैं। फिर कुछ देर बाद शांत होकर बैठ जाते हैं।

एसएचओ ने बताया कि जहां ये रहते थे, वहां के लोगों ने भी इनके ऐसे ही व्यवहार के बारे में बताया था। तीन साल की मासूम किरण की हत्या की कोई बड़ी वजह अभी तक सामने नहीं आई है। आशंका है कि सनक के कारण ही उसकी जान ले ली थी। एसएचओ चौहान ने अनुसार 31 दिसम्बर को पुरानी आबादी में एसबीआई बैंक के पीछे सन्नी और सुनीता ने इसी बच्ची किरण को छत से नीचे लटकाकर मारने की कोशिश की थी। तब मोहल्ले के लोगों ने शोर मचाकर आरोपी को ऐसा करने से रोका था।

आरोपियों ने बच्ची से मारपीट कर घायल कर दिया था। उस घटना के संबंध में बाल कल्याण समिति और चाइल्ड लाइन अधिकारियों के भी बयान दर्ज किए जायेंगे। पूछताछ में सन्नी ने बताया कि 16 जनवरी की रात को करीब डेढ़ बजे ही किरण का सुनीता के कहने पर उसने गला दबाकर हत्या कर दी थी। सुनीता ने ही आइडिया दिया कि बच्ची के शव को नहर में डाल देते हैं। किसी को पता नहीं चलेगा। सुनीता के शॉल में बॉडी को लपेटकर बांधा और फिर ट्रेन में सवार होने को स्टेशन पर जाकर बैठ गए। डेड बॉडी को फेंकते समय देरी हो गई और ट्रेन स्पीड में होने के कारण बच्ची का शव नहर में ना गिरकर बाहर जा गिरा।

# ठेकाकर्मियों ने की हड़ताल

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के मथुरादास माथुर अस्पताल में शनिवार की सुबह ठेके पर लगे डाटा ऑपरेटरों ने हड़ताल कर दी। वे तनख्वाह को लेकर विरोध जता रहे थे। बाद में समझाइश की गई और ठेका कर्मी काम पर लौटे। उनके हड़ताल पर अचानक जाने से एक बारगी व्यवस्था बिगड़ गई।

ठेकाकर्मियों के हड़ताल पर जाने की जानकारी पर अस्पताल के अधीक्षक डॉ विकास राजपुरोहित भी ओपीडी पहुंचे और ठेका कर्मियों से बात की। उनके आश्वासन के बाद पर्ची काउंटर पर काम कर रहे कर्मचारी वापस काम पर लौट गए। मरीजों को परेशानी नहीं हो इसके लिए लगभग 1 घंटे तक अस्पताल के होमगार्ड और सुरक्षाकर्मियों ने पर्ची काटी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजपुरोहित के अनुसार अस्पताल में लगभग 60 कर्मचारी प्लेसमेंट कंपनी के तहत काम करते हैं। उनमें पर्ची काउंटर पर काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल है। ठेका कंपनी से इन्हे हर माह 15 तारीख तक सैलरी मिलती है। इस बार इन्हें वेतन मिलने में देरी क्यों गई इसको लेकर ठेका कंपनी से जवाब मांगा गया है।

# घास लेने गई महिला का पैर जाल में फंसा

## संभागीय आयुक्त कार्यालय में घास लेने गई थी महिला

**भरतपुर, (निसं)।** संभागीय आयुक्त कार्यालय में घास लेने गई गोपालगढ़ मोहल्ला निवासी महिला भूरी देवी की जरा सी लापरवाही उसके लिए तब भारी पड़ गई। जब महिला का पैर संभागीय आयुक्त कार्यालय में गायों को रोकने के लिए बनाए गए काउ कैचर में फंस गया। जिस पर महिला को करीब एक घंटे असहनीय पीडा झेलनी पडी। जिसके बाद नगर निगम की टीम एवं एक निजी वैल्डिंग कटर की टीम के पहुंचने पर कटर से काउ कैचर की सरिया काट कर महिला का पैर काउ कैचर से निकाला। गोपालगढ मौहल्ला निवासी कुछ महिलाएं संभागीय आयुक्त कार्यालय में घास लेने के लिए गई थी। जब महिलाएं वहां से बाहर निकल रही थी। तो उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि संभागीय आयुक्त कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगा जाल गायों को रोकने के लिए लगाया गया। महिला ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। तभी महिला का पैर काउ कैचर में फंस गया। जिससे महिला के घुटने में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी मिलने पर संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने नगर निगम को आयुक्त को फोन कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। जिसके बाद कटर से लोहे की सरिया को काटा और महिला का पैर बाहर निकाला।

- एक घंटे की मशक्कत के बाद कटर से सरिया काट कर पैर निकाला



नगर निगम की टीम ने एक निजी वैल्डिंग कटर की टीम पहुंचने पर सरिया काट महिला का पैर निकाला।

# जेईई-मेन-2023: पहली बार परीक्षा के दिन से दो दिन पहले जारी हो रहे प्रवेश पत्र

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन की शुरुआत 24 जनवरी से होने जा रही है। पहले दिन 24 जनवरी को बीई-बीटेक के लिए परीक्षा से शुरुआत होगी। यह परीक्षा छह दिन 12 शिफ्टों तक चलेगी। इसके बीच 28 जनवरी को एक शिफ्ट में बीआर्क की परीक्षा होगी। बीई-बीटेक की परीक्षा प्रत्येक दिन सुबह 9 से 12 एवं दोपहर में 3 से 6 के बीच में होगी। इस वर्ष जनवरी परीक्षा के लिए कुल 9 लाख 12 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इस वर्ष पहले सेशन के लिए भारत में 290 परीक्षा शहर एवं विदेशों में 18 शहरों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा शनिवार को एडमिट कार्ड रिलीज करने के साथ ही नोटिफिकेशन भी जारी किया गया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि शनिवार को केवल 24 जनवरी को परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के ही प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। इस तिथि के बाद होने वाली परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड परीक्षा दिन से दो दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। इसी प्रकार 25 जनवरी की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 22 जनवरी को जारी किए जाएंगे।

कोटा में बिट्स एण्ड बाइट्स, वाइबल एजुकेशन, डिजिटल डेस्क, शिवज्योति स्कूल में परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा होगी। ऐसे विद्यार्थी जिनके फोटो व सिग्नेचर स्पष्ट नहीं हैं, उनके एडमिट कार्ड जारी नहीं किए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों को अपने कैंडिडेट लॉगइन पर जाकर अपलोड इमेजेज को चेक करना होगा। एनटीए द्वारा इन विद्यार्थियों को अपलोड इमेजेज में कमी पाए जाने पर उन्हें सही करने या दुबारा अपलोड करने का मौका दिया जाएगा। वहीं ऐसे विद्यार्थी जिनकी बोर्ड परीक्षा और जेईई-मेन परीक्षा एक ही दिन है या ऐसे विद्यार्थी जिनको चारों विकल्पों में से किसी भी विकल्प परीक्षा शहर आवंटित नहीं किया गया है। इन विद्यार्थियों द्वारा एनटीए को ई-मेल किया जा रहा है। इसके बाद भी एनटीए ने बीई-बीटेक परीक्षा 12 शिफ्टों में 24 जनवरी से 1 फरवरी के मध्य होगी। वहीं बीआर्क की परीक्षा 1 शिफ्ट में 28 जनवरी को होगी। विद्यार्थी जेईई-मेन वेबसाइट पर अपना एप्लीकेशन नम्बर एवं जन्म दिनांक द्वारा प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड पर दिए गए स्वयं के रिपोर्टिंग टाइम पर रिपोर्ट करना है और परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिए जाएंगे। विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र में दिए गए बार कोड रीडर के माध्यम से लैब आवंटित की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को थ्री-लेयर मास्क भी दिया जाएगा, जिसे विद्यार्थी को परीक्षा देते समय उपयोग करना अनिवार्य होगा। प्रवेश पत्र में सेल्फ डिक्लेरेशन प्रारूप में विद्यार्थी को बांये हाथ का अंगूठा का निशान एवं स्वयं की फोटो लगाकर ले जाना होगा। विद्यार्थी को इस प्रारूप में स्वयं के हस्ताक्षर, परीक्षा केन्द्र में परीक्षक के सामने ही करने होंगे।

- अभी सिर्फ 24 जनवरी की परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी, 25 के लिए आज जारी होंगे
- देश में 290 और विदेशों के 18 शहरों में होंगे परीक्षा केन्द्र

# जमीन लीज पर देगी रोडवेज

**बीकानेर, (कासं)।** रोडवेज ने घाटे से उबरने के लिए अब खाली जमीन से इनकम जुटाने की योजना बनाई है। प्रदेश के 52 डिपो में खाली जमीन अब लीज पर देकर अतिरिक्त इनकम जुटाई जायेगी। बीकानेर डिपो में पेट्रोल पंप खोलने के आए प्रस्ताव को स्थानीय अधिकारियों ने मंजूरी के लिए हैड ऑफिस भिजवा दिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि अप्रैल से पहले स्टैंड के दूसरे प्रवेश द्वार के नजदीक पेट्रोल पंप शुरू हो जायेगा। इतना ही नहीं बस स्टैंड की बिल्डिंग में बाहर की तरफ बनी नौ दुकानों की पहली मंजिल भी लीज पर देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह जमीन उसी शख्स के सुपुर्द की जायेगी, जो करीब 10-15 साल के लिए किराये पर लेगा। उक्त जगह पर दुकानें या फिर हॉल का निर्माण कर किराये पर दिया जायेगा।

# कालासर के छात्रों को 30 किमी. चलने पर 3 टीचर मिले

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के कालासर गांव के छात्रों को तीस किलोमीटर पैदल चलने के बाद तीन टीचर मिल गए हैं। स्कूल में छह पद खाली चल रहे हैं, जिन पर स्थायी रूप से टीचर लगाने का आश्वासन दिया गया है। इसके बाद छात्रों ने एक बार आंदोलन को स्थगित करते हुए बीकानेर के बजाय गांव की ओर रवाना हो गए हैं। सोमवार से एक बार फिर स्कूल खुल जायेगा।

इससे पहले ये छात्र पंद्रह किलोमीटर की यात्रा तय करके शाम को लाखूसर पहुंचे थे। यहां रातभर आराम करने के बाद सुबह बीकानेर के लिए रवाना हो गए। करीब पंद्रह किलोमीटर और चलने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इन्हें रोक लिया। छात्रों और उनके साथ चल रहे सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने एपीओ निरस्त करने के साथ ही दो सब्जेक्ट टीचर के डेपुटेशन का आदेश दिया। साथ ही जिन टीचर्स की कालासर के उच्च माध्यमिक स्कूल से वेतन उठ रहा है, उनका आदेश भी निरस्त कर दिया। अब यहां पद स्पष्ट रूप से रिक्त ही नजर आयेगा। टीचर्स की आधी डिमांड पूरी होने के बाद छात्र वापस गांव जाने के लिए तैयार हो गए। वार्ता के दौरान खाजूवाला के पूर्व विधायक डॉ. विश्वनाथ, सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष तोलाराम कूंकणा, कालासर सरपंच पूनम देवी गोदारा, सरपंच पति रामलक्ष्मण गोदारा आदि भी उपस्थित थे। डॉ. मेघवाल ने इस मामले में जिला कलेक्टर से वार्ता भी की।

# कोटा रेल प्रशासन स्वच्छता को लेकर प्रयासरत

**कोटा, (निसं)।** कोटा मण्डल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है।

मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के मार्गदर्शन में मण्डल के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को भी जागरुक किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने का अनुरोध किया जाता है। बार-बार समझाईश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं।

ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेल द्वारा विगत वर्ष के दौरान तीनो मंडलों में रेल स्टेशन, रेल परिसर एवं गाड़ियों में गुटखा, पान मसाला, सिगरेट व बीड़ी बेचने वाले तथा गुटका पान मसाला खाकर गंदगी करने वाले एवं धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। रेलवे स्टेशन, रेल परिसर एवं यात्री गाड़ियों में गुटखा, पान मसाला, सिगरेट बेचने वाले कुल 1937 व्यक्तियों को पकड़कर रेल अधिनियम की धारा 144 के तहत कार्रवाई कर उन्हें रेलवे न्यायालय में पेश किया गया, जहां उनसे न्यायालय द्वारा उन पर रूपये 21,43,465 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

रेलवे स्टेशन, रेल परिसर एवं यात्री गाड़ियों में पान/गुटखा खाकर गंदगी करते पाये गये कुल 218 व्यक्तियों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 145 के तहत कार्रवाई कर उन्हें रेलवे न्यायालय में पेश किया गया जहा न्यायालय द्वारा उन पर 24,975 रुपये रूपए का जुर्माना लगाया गया। रेल स्टेशन, रेल परिसर एवं यात्री गाड़ियों में पान/गुटखा खाकर गंदगी करने वाले कुल 5840 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 11,43,404 रूपए का जुर्माना रेल सुरक्षा बल द्वारा वसूल किया गया।

- रेलवे स्टेशन एवं परिसर में गंदगी करने पर कार्रवाई

# मंत्री से मिलने आई महिला को रोका

**मसूदा/अजमेर, (निसं)।** मुडिया नाडा को भूमाफियों के कब्जे से मुक्त करवाने की लडाई लड रही मसूदा विधानसभा क्षेत्र में रहने वाली एक बुर्जुग महिला जब 19 जनवरी को प्रभारी मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय एक समारोह में मसूदा पहुंचे, जहां उक्त बुर्जुग महिला भी मंत्री से मिलकर उक्त नाडा को बचाने के लिये से गुहार लगाने के लिये समारोह में शामिल हुई, लेकिन जब स्थानीय प्रशासन व तहसीलदार की नजर उक्त बुर्जुग महिला पर पडी पर उन्होंने उक्त बुर्जुग महिला को मंत्री के आसपास भी नहीं भटकने दिया, जबकि महिला मंत्री मालवीय से मिलकर मुडिया नाडा को भूमाफियों के कब्जे से बचाने के लिये गिडगिडाती रही, लेकिन उसकी एक नही सुनी और तलसीलदार ने उसे एक तरफ बैठा दिया। जानकारी के अनुसार पूर्व में उक्त बुजुर्ग महिला ने स्थानीय प्रशासन से लेकर जिलाधीश तक उक्त नाडा को बचाने के लिये गुहार लगा चुकी लेकिन उसकी एक नहीं सुनी। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम मसूदा द्वितीय की भूमि खसरा संख्या 3433 व 3408 वर्षो से मुडिया नाड़ा (तालाब) के नाम से भूमि रही हैं, यानी उक्त भूमि डूबक्षेत्र में आती हैं, उक्त भूमि में सदैव 50 फीट गहरा पानी भरा रहता है।

# अजमेर में ख्वाजा की मजार से उतारा संदल

## जायरीन में मची संदल पाने की होड़, कलंदरों का जुलूस आज

**अजमेर, (कासं)।** विश्व विख्यात सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें सालाना उर्स की धार्मिक रस्में अनौपचारिक झंडा चढने के साथ शुरू हो गई है। शनिवार को दरगाह में ख्वाजा साहब की पवित्र मजार से खादिमों ने संदल उतारने की रस्म अदा की। दरगाह में मौजूद जायरीन को संदल तकसीम किया गया। संदल लेने के लिए जायरीन में जोड़ मच गई।

सालाना उर्स के मद्देनजर छह दिनों के जन्नती दरवाजा आम जायरीन के लिए खोल दिया जाएगा। देश के विभिन्न राज्यों से हज़ारों की संख्या में मलंग पैदल चलकर अजमेर पहुंचे। गंज से दरगाह तक छडियां का जुलूस निकाल कर मलंगों द्वारा ख्वाजा साहब की दरगाह पर छडियां पेश करेंगे। उर्स में सुरक्षा के लिए 5 हजार पुलिसकर्मी मोर्चा संभालेंगे, जिसके तहत तीन वॉच टावर से भीड़ पर रखी जाएगी रखी जाएगी। शनिवार को पुलिस लाइन में अजमेर एसपी चूनाराम जाट ने अधिकारियों व जवानों को दिशा निर्देश दिए।

दरगाह के खादिम सैयद फजले हसन चिश्ती ने बताया कि सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें उर्स के आगाज से पूर्व शनिवार को दरगाह में ख्वाजा गरीब नवाज की मजार से संदल उतारा गया, जिसको आम जायरीन में तकसीम किया गया। संदल लेने के लिए जायरीनों में होड़ सी मची रही। चिश्ती ने बताया कि ख्वाजा साहब की मजार पर होने वाली खिदमत के दौरान वर्षभर संदल पेश किया जाता है, उर्स के दौरान चांद दिखाई देने से पूर्व वर्षभर प्रस्तुत किए गए संदल को उतारा जाता है। दरगाह में आने वाले अकीदतमंदो को यह संदल तबर्रुक के रूप में दिया जाता है। दरगाह के खादिम सय्यद कुतुबुद्दीन सकी ने बताया कि ख्वाजा गरीब नवाज को खुशबू पसंद थी। इसलिए उनकी मजार पर संदल, गुलाबजल और केवड़ा का मिश्रण लगाया जाता है। वर्ष में एक बार मजार से संदल उतारा जाता है। रात्रि में खिदमत के बाद खादिमों ने ख्वाजा साहब की मजार पर पेश किए संदल को उतारा गया और उसे आस्ताना शरीफ में ही थैलियों में पेश किया गया।

सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें उर्स में आने वाले कलंदरों का सिलसिला शुरू हो गया। कलंदरों का जुलूस रविवार शाम को गंज स्थित उस्मानी चिल्ले से दरगाह तक निकाला जाएगा। दिल्ली स्थित महरौली शरीफ से गरीब नवाज की दरगाह तक पैदल आने वाले कलंदर शनिवार शाम तक गेगल पहुंच गए। गेगल में इन कलंदरों का इस्तकबाल किया गया। उस्मानी मोइनी गुदड़ी शाही खानकाह के मैनेजर ने बताया कि कलंदर गंज स्थित उस्मानी चिल्ले पर रात तक पहुंचना शुरू हो गए, यहां गुदड़ी शाही खानकाह द्वारा इनके ठहरने, भोजन व व चिकित्सा की व्यवस्था की गई।

खानकाह के मैनेजर ने बताया कि रविवार को शाम 4 बजे कलंदर का जुलूस गाजेबाजे व सूफियाना कलाम के साथ हैरतअंगेज करबत दिखाते हुए निकलेगा। छड़ियों के जुलूस का जगह जगह स्वागत किया जाएगा। कलंदर अपने साथ लाई छडियां दरगाह में पेश करेंगे।

ख्वाजा गरीब नवाज के 811वें उर्स को लेकर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। उर्स में इस बार 5 हजार के करीब पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। 3 वॉच टावर के जरिए भीड़ पर नजर रखी जाएगी। शनिवार को पुलिस लाइन में अजमेर एसपी चूनाराम जाट ने अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिए हैं। एसपी जाट ने बताया कि ख्वाजा गरीब नवाज के 811वें उर्स को लेकर पुलिस लाइन ग्राउंड में अधिकारियों व जवानों से चर्चा कर कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। अंजुमन सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने बताया कि उर्स की औपचारिक शुरूआत चांद दिखाई देने के साथ 22 जनवरी रविवार से हो जाएगी।



विभिन्न राज्यों से छड़ियां लेकर अजमेर दरगाह पहुंचे मलंग।

- पांच हजार जवान संभालेंगे मोर्चा, चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर




मैं टी20 की आलोचना नहीं कर रहा लेकिन यह मेरा खेल नहीं है। हां, यह यहां है और यहां रहेगा। यह रोमांचक है और इसमें मजा भी है। जब आप किसी खेल में जाते हैं, तो आप आनंद लेना चाहते हैं। हां, यह देखना अच्छा है लेकिन यह ऐसा मुकाबला नहीं है जिसे मैं नियमित रूप से देखता हूं।'' -गॉर्डन ग्रीनिज

वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर, टी-20 क्रिकेट को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** कैरोलिनी मारिन



**करियर** को खतरे में डालने वाली दो बार घुटने की चोट किसी भी खिलाड़ी का हौसला तोड़ सकती है लेकिन ओलंपिक चैम्पियन कैरोलिना मारिन ने 'दर्द को स्वीकार' किया और हार मानने के बजाय संघर्ष करने का फैसला किया। ओलंपिक, विश्व और यूरोपीय चैंपियन मारिन को जनवरी में 2019 इंडोनेशियाई मास्टर्स फाइनल के दौरान अपने दाहिने घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 2020 में वापसी की और तोक्यो खेलों की तैयारी कर रही थी जब उन्हें एक और एसीएल का सामना करना पड़ा।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल इतिहास की पहली हैट्रिक अर्जेंटीना के खिलाड़ी गुलियो स्टेविल ने मैक्सिको के खिलाफ की थी।

# भारत वनडे में नंबर-1 बनने से एक जीत दूर

## न्यूजीलैंड से दूसरा वनडे जीतकर तीसरे नंबर पर आई टीम इंडिया, ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, 21 जनवरी। टीम इंडिया ने रायपुर में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारत अब वनडे रैंकिंग में नंबर-1 होने के भी बेहद करीब आ गया। रैंकिंग में अब रोहित एंड कंपनी के 113 पॉइंट्स हो गए और वह एक पायदान की छलांग के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। अगर टीम इंडिया सीरीज का तीसरा मैच भी जीत लेती है तो वह नंबर-1 पर काबिज हो जाएगी। यह कैसे होगा आगे समझते हैं।



न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले भारतीय टीम 111 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर 4 पर थी। इस मुकाबले में जीत के बाद भारत के 113 पॉइंट्स हो गए हैं। पहले नंबर-1 पर काबिज न्यूजीलैंड के 2 पॉइंट्स का नुकसान हुआ और उसके भी अब 113 पॉइंट्स हो गए हैं। कीवी टीम दूसरे स्थान पर खिसक गई है। इंग्लैंड अब नंबर-1 हो गया है और उसके भी 113 पॉइंट्स हैं। आप यह पूछेंगे कि जब भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड तीनों के एक समान 113-113 पॉइंट्स हैं तो फिर इंग्लैंड नंबर-1 कैसे हो गया। इसका जवाब है दशमलव के बाद के अंकों की गणना। इस मामले में इंग्लैंड सबसे आगे है। न्यूजीलैंड दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है।

टीम इंडिया अगर सीरीज का तीसरा मुकाबला भी जीत लेती है तो उसके 114 अंक हो जाएंगे और वह रैंकिंग में नंबर-1 हो जाएगी। इंग्लैंड दूसरे स्थान पर खिसक जाएगा और न्यूजीलैंड टीम चौथे स्थान पर लुढ़क जाएगी। ऑस्ट्रेलिया 112 अंकों के साथ नंबर-2 हो जाएगा।

भारतीय टीम के पास एक साथ क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनने का मौका है। टी-20 में भारत पहले ही नंबर-1 है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा वनडे जीतते ही 50 ओवर के फॉर्मेट में भी हमारी टीम नंबर-1 हो जाएगी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर उसमें भी शीर्ष स्थान हासिल किया जा सकता है। हालांकि, उससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में हमें अपनी रैंकिंग बरकरार रखनी होगी। इसके लिए उस सीरीज में कम से कम 2 मैच जीतने होंगे।

# पाटिल ने की केदार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग

मुंबई, 21 जनवरी। इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने शनिवार को क्रिकेटर केदार जाधव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। केदार जाधव पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए मैच बीच में ही छोड़कर चले गए।

पाटिल ने कहा कि वह जाधव के कृत्य के संबंध में बीसीसीआई में शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा, कोई भी खिलाड़ी कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे मैच समिति के नियमों का पालन करना चाहिए और खेल भावना से व्यवहार करना चाहिए, नहीं तो जाधव को क्रिकेट छोड़कर घर बैठना चाहिए।''

उन्होंने कहा कि केदार का व्यवहार क्रिकेट के भरोसे बड़ा होना और इस खेल को ही लात मारने जैसा है, पैसे के उन्माद में कुछ भी करना उचित नहीं है। केदार ने अब तक कई गलतियां की हैं, अब उनकी गलतियों को माफ नहीं किया जाएगा।''

उन्होंने कहा कि केदार रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र टीम में हैं। महाराष्ट्र बनाम तमिलनाडु रणजी ट्रॉफी मैच पुणे के गहुंजे स्टेडियम में खेला गया। इस मैच के दौरान हालांकि केदार ने पारिवारिक कारणों का हवाला देकर मैच बीच में ही छोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहित पवार से मुलाकात की।

केदार ने रोहित पवार द्वारा बुलाई गई एमसीए की बैठक में भाग लिया। पाटिल ने मांग की कि यह अनुशासन का उल्लंघन है और बिना किसी देरी के उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

## विमेंस आईपीएल टीमों की होड़ में 30 कंपनियां

# अडाणी ग्रुप से लेकर हल्दीराम तक ने खरीदे टेंडर, नाम का ऐलान 25 जनवरी को

नई दिल्ली, 21 जनवरी। विमेंस टीमें खरीदने के लिए करीब 30 से ज्यादा कंपनियों ने टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदे हैं। इन्हीं में से किन्हीं 5 कंपनियों को 25 जनवरी को टीमें मिलेंगी। डॉक्यूमेंट खरीदने वाली 30 कंपनियों में कई नई कंपनियां भी शामिल हैं। इनमें चेन्नई का श्रीराम ग्रुप, नीलगिरी ग्रुप और काटकुरी ग्रुप समेत अपोलो और नमकीन बनाने वाली कंपनी हल्दीराम शामिल है।

चेट्टीनाद सीमेंट और जेके सीमेंट ने भी डॉक्यूमेंट खरीदे। इंडिया सीमेंट्स कंपनी पहले से में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम खरीदे हुए हैं। ऐसे में इस फ्रेंचाइजी लीग में एक और सीमेंट कंपनी की एंट्री हो सकती है। 20 लीग में शारजाह वॉरियर्स टीम की मालिक काप्री ग्लोबल और अडाणी ग्रुप ने भी टेंडर डॉक्यूमेंट्स खरीद रखे हैं।

पुरुष में शामिल सभी 10 टीमों के मालिकाना हक वाली कंपनियों ने महिला के टेंडर डॉक्यूमेंट भी खरीदे हैं। महिला टीमों का ऑक्शन 25 जनवरी को मुंबई में होगा। दिल्ली कैपिटल्स टीम की कंपनियां ग्रुप और ग्रुप ने 2 अलग-अलग महिला टीम खरीदने में इंटरेस्ट दिखाया है।

दोनों ने साथ मिलकर टीम खरीदने के लिए भी अलग से डॉक्यूमेंट खरीदे हैं। टेंडर डॉक्यूमेंट की कीमत करीब 5 लाख रुपए थी। जिन भी 30 कंपनियों ने डॉक्यूमेंट खरीदे। जरूरी नहीं कि उन सभी कंपनियों ने महिला टीम खरीदने के लिए बोली लगाई हो। साथ ही टेंडर डॉक्यूमेंट में लिखा था कि महिला टीम खरीदने के लिए कंपनी की नेटवर्थ 1000 करोड़ रुपए होनी चाहिए। ऐसे में कई कंपनियों ने अपने नाम वापस ले लिए होंगे। टेंडर डॉक्यूमेंट 21 जनवरी को बिकना बंद हो जाएंगे।

महिला को लेकर बताया कि पहले साल में मीडिया राइट्स की बिक्री से उन्हें करीब 125 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं, 2024 में उन्हें करीब 162 करोड़ रुपए मिलेंगे। 950 करोड़ रुपए (7.09 करोड़ प्रति मैच) में मीडिया राइट्स खरीदने वाली कंपनी वायकॉम 18 पर पहले साल में कम नुकसान होने की संभावना है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महिला जीतने वाली टीम को के रेवेन्यू शेयर से 28.08 करोड़ रुपए मिलेंगे। दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम को 27.20 करोड़, तीसरे नंबर की टीम को 26.33 करोड़, चौथे नंबर पर रहने वाली टीम को 25.45 करोड़ और आखिरी नंबर पर रहने वाली टीम के मालिकाना हक वाली कंपनी को 24.57 करोड़ रुपए मिलेंगे। 2027 तक हर साल ये रेवेन्यू शेयर भी बढ़ता जाएगा।

# अनुराग ठाकुर संग बैठक के बाद पहलवानों ने धरना खत्म किया

नयी दिल्ली, 21 जनवरी। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और अन्य सम्मानित पहलवानों ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ बैठक के बाद भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ जंतर-मंतर पर तीन दिन से चल रहे अपने विरोध प्रदर्शन को शुक्रवार देर रात समाप्त किया।



पूनिया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, हम अपना प्रदर्शन खत्म कर रहे हैं क्योंकि सरकार ने हमें आश्वासन दिया है कि न्याय होगा। डब्ल्यूएफआई के दिन-प्रतिदिन के कार्यों को संभालने और हमारी चिंताओं को देखने के लिये एक समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। खेल मंत्री ने कहा है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है क्योंकि खिलाड़ियों को महासंघ से पहले भी धमकियां मिल चुकी हैं। मंत्री ने हर कदम पर हमें अपना समर्थन दिया है। हमारा खेल बहुत दूर आ गया है और हम यह विरोध भी नहीं चाहते थे लेकिन चीजें इतनी हाथ से निकल गयीं कि हमें ऐसा कदम उठाना पड़ा पूनिया ने पहलवानों का समर्थन करने के लिये सभी को धन्यवाद देते हुए विरोध प्रदर्शन का समापन किया।

इसी बीच बैठक के बाद श्री ठाकुर ने कहा कि बृज भूषण शरण सिंह डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष का पद छोड़ेंगे और जांच में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएफआई के खिलाफ जांच के लिये निगरानी समिति का गठन किया जायेगा। यह समिति खिलाड़ियों द्वारा लगाए गये यौन दुराचार, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक चूक के आरोपों की जांच करेगी। समिति चार सप्ताह में जांच पूरी करेगी।

# इंडिया ओपन : फाइनल में पहुंचे एक्सलसन, यामागूची

नयी दिल्ली, 21 जनवरी। डेनमार्क के विक्टर एक्सलसन और जापान की अकाने यामागूची ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शनिवार को अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर इंडिया ओपन 2023 के फाइनल में कदम रखा। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में सिर्फ 38 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में एक्सलसन ने इंडोनेशिया के जॉनथन क्रिस्टी को 21-6, 21-12 से मात दी। फाइनल में विश्व नंबर एक एक्सलसन का मुकाबला थाईलैंड के कुनलावट विटिडसर्न से होगा, जो सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग को 27-25, 21-15 से हराकर आ रहे हैं।

दूसरी ओर, यामागूची ने साल के दूसरे टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के लिये थाईलैंड की सुपानिदा केटथॉन्ग को शिकस्त दी। एक घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में यामागूची ने विश्व नंबर एक सुपानिदा को 21-17, 21-16 से हराया। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स और मलेशिया ओपन के बाद यह यामागूची का लगातार तीसरा फाइनल है। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के बाद मलेशिया ओपन भी जीता था और वह इंडिया ओपन जीतकर स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी करना चाहेंगी। फाइनल में यामागूची का सामना दक्षिण कोरिया की आन सेयंग से होगा जो अपने सेमीफाइनल मुकाबले में चीन की हे बिंग जियाओ को 11-21, 21-16, 21-16 से हराकर आ रही हैं। यामागूची ने पिछले हफ्ते हुए मलेशिया ओपन के फाइनल में भी सेयंग को मात दी थी।

# दिमित्रोव की चुनौती पार कर चौथे चरण में पहुंचे नोवाक जोकोविच



मेलबर्न, 21 जनवरी। नोवाक जोकोविच ने 10वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए शनिवार को तीसरे चरण में बुल्गारिया के ठिगोर दिमित्रोव को 3-0 से मात दी।

रॉड लेवर एरिना पर खेले गये मुकाबले में जोकोविच ने अपने बुल्गारियाई प्रतिद्वंद्वी को 7-6(7), 6-3, 6-4 से हराकर चौथे चरण में कदम रखा, हालांकि वह पूरे मैच के दौरान अपनी हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझते नजर आये। राफेल नडाल की बराबरी करने के लिये 22वें ठौंड स्लैम खिताब पर नज़र गड़ाये सर्बियाई दिग्गज पहले सेट में असहज नज़र आये। उन्होंने मुकाबले की शुरुआत में ही एक ब्रेक लिया, 5-3 पर तीन सेट अंक गंवाये और आखिर में सर्विस भी गंवाई।

उन्होंने हालांकि टाई ब्रेकर में यह सेट जीत लिया। दूसरे सेट में मेडिकल ब्रेक लेकर लौटे जोकोविच ने आक्रामक शॉट खेले और 27वीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव पर 4-2 की बढ़त बना ली। दिमित्रोव ने संघर्ष दिखाया लेकिन एक शॉट नेट पर खेलकर सर्विस खो दी जिसके बाद जोकोविच ने लगातार दो पॉइंट बनाकर दूसरा सेट भी जीत लिया।

हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण जोकोविच ने तीसरे सेट में भी कुल दो ब्रेक लिये। वह इस दौरान कोर्ट में दौड़ते हुए कुछ हद तक असहज भी नज़र आये, हालांकि दिमित्रोव की अप्रत्याशित गलतियों ने उनकी जीत को आसान बना दिया। चौथे चरण में जोकोविच का सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा, जो इटली के बेंजमिन बोंज़ी को 7-6(7), 6-2, 6-1 से हराकर आ रहे हैं दिन के अन्य मुकाबलों में, आंद्रे रुबलेव ने ब्रिटेन के डैन इवान को 6-4, 6-2, 6-3 से मात दी। स्पेन के रॉबर्टो बॉटिस्टा ऐगट ने ब्रिटेन के एंडी मर्रे को 6-1, 6-7(9), 6-3, 6-4 से मात दी। फ्रांस की कैरोलीना गार्सिया ने महिला एकल के तीसरे चरण में जर्मनी की लौरा सिगमंड को 1-6, 6-3, 6-3 से मात दी। एरीना सबालेंका ने बेल्जियम की एलीसे मार्टिन्स को 6-2, 6-3 से हराया।

# ओलिंपिक में 6 टीमों का क्रिकेट टूर्नामेंट ने पुरुष और महिला वर्ग के लिए फॉर्मेट पेश किया

## रैंकिंग के आधार पर होगा फैसला

नई दिल्ली, 21 जनवरी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलिंपिक गेम्स में क्रिकेट को शामिल कराने की अपनी मुहिम तेज कर दी है। इसी के तहत ने ओलिंपिक में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों कैटेगरी में 6-6 टीमों की भागीदारी का प्रस्ताव रखा है।

रैंकिंग में टॉप-6 टीमों की एंट्री के प्रस्ताव के मुताबिक एक खास कट ऑफ डेट को जो टीमें रैंकिंग में टॉप-6 में रहेंगी उन्हें सीधा ओलिंपिक में एंट्री मिल जाएगी। पुरुष और महिला दोनों कैटेगरी के लिए यही तरीका अपनाया जाएगा। कटऑफ डेट क्या होगी इस पर फैसला अभी नहीं लिया गया है।

ओलिंपिक में अभी क्रिकेट की भागीदारी तय नहीं के प्रस्ताव का यह मतलब नहीं है कि क्रिकेट का 2028 ओलिंपिक में शामिल होना तय हो गया है। शनिवार को यह खबर भी सामने आई थी कि अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने क्रिकेट को शामिल न करने का फैसला किया है। फिर खबर आई कि अभी इस बारे में कोई फैसला नहीं हुआ है और क्रिकेट की उम्मीदें कायम हैं।

एक बार हुआ है ओलिंपिक में क्रिकेट साल 1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। इसके बाद क्रिकेट को ओलंपिक्स में नहीं लिया गया। पेरिस ओलंपिक्स के क्रिकेट इवेंट में सिर्फ दो टीमों इंग्लैंड और फ्रांस ने हिस्सा लिया था। इसमें इंग्लैंड ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर जीता था। क्रिकेट को शामिल करने से इसलिए हिचकिचाती रही है क्योंकि इसके आयोजन में बहुत पैसा खर्च होता है। टीमों को ट्रेवल करना होता है और पिच को भी मेंटेन रखना होता है। यह इवेंट एक जगह नहीं हो पाता क्योंकि इससे पिच की मेंटेनेंस में दिक्कत होती है। 2022 बिर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला क्रिकेट शामिल किया गया था। इसमें सारे मैच एक ही वेन्यू पर हुए थे। मैच दो वेन्यू पर कराना चाहती थी लेकिन सारे मैच एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर ही खेले गए।

क्रिकेट के अलावा ये खेल भी होड़ में क्रिकेट के अलावा बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, ब्रेक डांसिंग, कराटे, किकबॉक्सिंग, स्क्वैश और मोटरस्पोर्ट भी 2028 ओलंपिक्स में शामिल होने की होड़ में है। फरवरी 2022 में पहले से तय की गई 28 खेलों की सूची में इनमें से कितने जोड़े जा सकते है, उसपर इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी विचार करेगी। लॉस एंजिल्स ओलिंपिक कमेटी और दोनों के साथ लगातार बातचीत कर रही है। का एक प्रतिनिधिमंडल ने स्विट्जरलैंड के लुसाने में हेडक्वार्टर में बातचीत करने भी गया था। दिसंबर में के ज्योफ एलार्डिस ने लॉस एंजिल्स में अधिकारियों के साथ मुलाकात की थी।

सचिव जय शाह को भी के ओलंपिक वर्किंग ग्रुप में शामिल किया गया है। इस ग्रुप का नेतृत्व के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले कर रहे है। इसमें इंदिरा नूयी (इंडिपेंडेंट डायरेक्टर) और पराग मराठे (पूर्व क्रिकेट अध्यक्ष) भी शामिल हैं। को लगता है की ओलिंपिक कमेटी को मनाने के लिए भारत की भागीदारी अहम रहेगी क्योंकिं भारत भी आने वाले समय में ओलंपिक गेम्स होस्ट करने पर विचार कर रहा है। साथ ही क्रिकेट के सबसे ज्यादा फैंस भारत में ही रहते हैं।

## इंडिया-न्यूजीलैंड मैच के बीच घुसा बच्चा

नई दिल्ली, 21 जनवरी। रायपुर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच खेला गया। इस बीच हुए एक मोमेंट ने इंडियन स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा को चौंका दिया। दरअसल स्टेडियम में सारे सुरक्षा घेरों को तोड़कर एक 12-15 साल का फैन मैदान में घुस आया। रोहित शर्मा ने जैसे ही एक चौका लगाया, बच्चा लांग ऑन एरिया से मैदान में कूदा और दौड़कर रोहित के गले लग गया। इतने में दूसरी ओर से आए सुरक्षाकर्मी ने झटककर लड़के को हटाया। इससे रोहित शर्मा एकदम चौंक गए और खुद को गिरने से संभाला। इंडिया की शानदार जीत का जश्न पूरे स्टेडियम में डांस के साथ मनता रहा। बीच मैच में हुई इस घटना से रोहित शर्मा, नाराज दिखे। न्यूजीलैंड के खिलाड़ी भी हैरान रह गए कि आखिर ये कैसे हो गया। दूसरी तरफ लाइव सीन को देख रहे क्रिकेट प्रेमियों ने जबरदस्त हूटिंग की। लड़के को मैदान में घुसने से रोकने में नाकाम सुरक्षाकर्मी बाद में उसे वहां से भगाते हुए बाहर लेकर गए। इसके बाद स्टेडियम के चारों ओर पुलिस ने पहरा बढ़ाया गया। निगरानी के लिए वालंटियर्स लगाए गए।

## डब्ल्यूएफआई के लिए निगरानी समिति के गठन की घोषणा

नयी दिल्ली, 21 जनवरी। केन्द्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के लिए निगरानी समिति के गठन की घोषणा की है। समिति खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए यौन दुराचार, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक चूक के आरोपों की जांच करेगी। समिति चार सप्ताह में जांच पूरी करेगी। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने जांच में सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

# पोंटिंग चाहते है चोटिल पंत दिल्ली टीम से जुड़े, ऋषभ हफ्ते में एक दिन डगआउट में बैठे

नई दिल्ली, 21 जनवरी। दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर रिकी पोंटिंग ने कार एक्सीडेंट में चोटिल हुए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर बड़ी बात कही है।

48 साल के पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पोंटिंग ने रिव्यू में कहा- पंत को पूरी तरह ठीक होने में लबा समय लगेगा। वे अभी खेल नहीं सकते हैं लेकिन मैं चाहता हूं कि वे हफ्ते में कम से कम एक दिन दिल्ली कैपिटल्स के डगआउट में बैठें। अगर वे खेलने की स्थिति में नहीं होते हैं तो भी हम उनका साथ पसंद करेंगे। अगर पंत कुछ ही यात्रा करने की स्थिति में होते हैं तो टीम के आसपास रहें और अगर संभव हो तो कम से कम एक दिन टीम के साथ बैठें, इससे काफी फर्क पड़ेगा। पोंटिंग ने अपनी बात को आगे बढ़ते हुए कहा- हम उन्हें रिप्लेस नहीं कर सकते। वे कप्तान हैं। हमें देखना होगा कि एक विकेट कीपर बल्लेबाज हमें कैसे मिलेगा। पोंटिंग ने कहा- मैं चोट लगने के बाद ऋषभ पंत के साथ लगातार सम्पर्क में रहा हूं। पंत का इलाज मुंबई के कोकिलाबेन हॉस्पिटल में चल रहा है। पंत के घुटने के लिगामेंट की सफल सर्जरी इस महीने की शुरुआत में हुई थी। वे अभी डॉक्टरों की निगरानी में ही हैं। पंत का ऑपरेशन अस्पताल के स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड ऑर्थोस्कोपी हेड डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया था। यह ऑपरेशन 3 घंटे तक चला था।

# इंडियन क्रिकेट टीम के लग्जरी ड्रेसिंग रूम का वीडियो

## चहल ने दिखाया क्या खाते है रोहित, विराट जैसे खिलाड़ी, यहीं बनता है जीत का प्लान

नई दिल्ली, 21 जनवरी। रायपुर में शनिवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच वन डे मैच खेला गया। टीम इंडिया के सबसे मस्तमौला सितारे युजवेंद्र चहल ने रायपुर के स्टेडियम में बने लग्जरी ड्रेसिंग रूम का मुआयना क्रिकेट प्रेमियों को करवाया है।

बस्तर वॉल आर्ट से सजा ये ड्रेसिंग रूम इंडियन क्रिकेट हिस्ट्री में खास बन चुका है। सचिन तेंदुलकर भी रोड सेफ्टी सीरीज में यहां मस्ती करते दिखे थे। अब टीम इंडिया के मेन इन ब्लू भी यहां है। इस लग्जरी ड्रेसिंग रूम में सोफा स्टाइल आराम दायक चेयर्स हैं। इन्हीं पर खिलाड़ी बैठते हैं। यहीं बैठकर रोहित, विराट, हार्दिक जैसे खिलाड़ी प्रैक्टिस के दौरान अपनी परफॉर्मेंस पर डिस्कस करते हैं।

एक आराम दायक मसाज टेबल भी यहां बना है जो खिलाड़ियों को मसाज देने के काम आती है। यहीं प्लेयर्स विरोधी टीम को हराने की तैयारी करते हैं, जीत का प्लान इसी विशाल कमरे में बनता है। यहीं खिलाड़ियों के 3-5 स्टार होटल का गरमा-गर्म खाना भी परोसा जाता है। चायनीज स्नैक्स नूडल्स, इटैलियन पास्ता, जीरा राइस, स्टीम राइस, दालें, अंकुरित अनाज, सैलेड ये खिलाड़ियों को रायपुर में परोसा जा रहा है। की तरफ से लो फैट, हाई प्रोटीन डाइट खिलाड़ियों को प्रोवाइड करवाई जाती है।

शुक्रवार को प्रैक्टिस के दौरान खिलाड़ियों ने रायपुर के मैदान में काफी पसीना बहाया। इससे ठीक पहले बीते बुधवार को इंडिया ने हैदराबाद के मैदान में न्यूजीलैंड को हराया है। रोहित, के साथ उनकी पूरी टीम और न्यूजीलैंड के प्लेयर्स ने मैच से पहले शुक्रवार को प्रैक्टिस की।

शुभमन गिल की डबल सेंचुरी के दम पर टीम इंडिया ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड को 12 रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड की ओर से माइकल ब्रेसवेल ने 78 गेंद पर 140 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस जीत से मेजबान टीम सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है।

## रोनाल्डो के फैन हुए विराट कोहली

नई दिल्ली, 21 जनवरी। फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट जर्मेन और रियाद इलेवन के बीच सऊदी अरब की राजधानी रियाद में फ्रेंडली मैच खेल गया था। करीबी मुकाबले में रियाद इलेवन के खिलाफ 4-5 से जीता। वहीं मैच में रियाद इलेवन की ओर से क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2 गोल दागे। मैच के बाद विराट कोहली रोनाल्डो के सपोर्ट में उतरे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए रोनाल्डो की तारीफ की। विराट कोहली ने इंस्ट्राग्राम पर शुक्रवार रात स्टोरी शेयर की। उन्होंने रोनाल्डो की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि, 38 साल की उम्र में भी रोनाल्डो का बड़ी टीमों को मात दे रहे है। फुटबॉल एक्सपर्ट्स हर हफ्ते उनकी आलोचना करते है। के खिलाफ उनकी परफॉर्मेंस से साबित कर दिया की वे अब भी बड़े स्तर के खिलाड़ी है।

# क्या शादी के बाद चमकेगा केएल राहुल का किरदार, रोहित का रिकॉर्ड सुधार

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार बैटर केएल राहुल 23 जनवरी को शादी कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज से ब्रेक लिया है। शादी के बाद वे फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया से जुड़ जाएंगे। इसका सटीक जवाब तो समय के साथ ही पता चलेगा। फिलहाल हम यह देख सकते हैं कि राहुल के साथ भारतीय टीम में खेले स्टार खिलाड़ियों के करियर पर मैरेज का क्या इफेक्ट रहा था। इसके लिए हमने तीन नाम शॉर्ट लिस्ट किए है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी।

इन खलाड़ियों का शादी के पहले भी अच्छा खासा करियर रहा और शादी के बाद भी। निजी जीवन का स्टेटस सिंगल से मैरिड होने का करीबी असर जानने के लिए हम इन खिलाड़ियों के शादी से पहले के दो साल के करियर को शादी के बाद के दो साल बाद तक के करियर से कम्पेयर कर के देखेंगे।



केएल राहुल बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी से 23 जनवरी को शादी करेंगे। अथिया दिग्गज एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी हैं। सुनील शेट्टी के खंडाला स्थित फार्महाउस पर ही दोनों शादी के बंधन में बंधेंगे। 21 जनवरी को दोनों के प्री वेडिंग फंक्शन शुरू हो चुके हैं। उनकी शादी में कुछ फैमिली मेंबर्स और करीबी दोस्तों को ही बुलाया गया है। केएल राहुल भारत के लिए तीनों फॉर्मेट खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में एक हैं। 2014 में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करने के बाद उन्होंने 2019 का वनडे वर्ल्ड कप और 2021 व 2022 का टी-20 वर्ल्ड कप भी खेला। 2021 में पहली बार हुई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की कुछ सीरीज जीत में भी राहुल ने अहम भूमिका निभाई।

अब तक खेले 45 टेस्ट में उन्होंने 34.26 की औसत से 2,604 रन बनाए हैं। इनमें उनके बैट से 7 शतक और 13 फिफ्टी आईं। 6 शतक उन्होंने भारत के बाहर ही लगाए। वनडे के 51 मैचों में उन्होंने 44.52 की औसत 1,870 रन बनाए। इनमें 5 शतक और 12 फिफ्टी आईं। वहीं, 72 टी-20 में 139.12 के स्ट्राइक रेट से राहुल ने 2,265 रन बनाए। इस फॉर्मेट में उन्होंने 2 शतक और 22 फिफ्टी लगाईं। कुल मिलाकर कहें तो अब तक उनका करियर इंटरनेशनल क्रिकेटर के रूप में शानदार रहा है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 4 जुलाई 2010 को साक्षी सिंह से शादी की। शादी से पहले उन्होंने भारत को अपनी कप्तानी में टी-20 वर्ल्ड कप जिताया था। शादी से पहले ठीक 2 साल में धोनी ने 2008 से 2010 तक 14 टेस्ट में 67.33 की औसत से 1,010 रन बनाए थे। इनमें 3 शतक और 8 फिफ्टी शामिल थीं। 52 वनडे में 58.34 की औसत से 2,042 रन बनाए। इनमें 3 शतक और 14 फिफ्टी आईं। 15 टी-20 में 112.55 के स्ट्राइक रेट से 269 रन बनाए।

अब शादी के ठीक बाद के दो सालों, यानी जुलाई 2010 से जुलाई 2012 तक धोनी ने 24 टेस्ट में 29.21 की औसत से 1,081 रन बनाए। इनमें एक शतक और 7 फिफ्टी आईं। 40 वनडे में 53.63 की औसत 1,180 रन बनाए। वहीं, 6 टी-20 में 101.88 के स्ट्राइक रेट से 108 रन बना सके। अगले ठाफिक्स में आप इस कम्पेरिजन को तीनों फॉर्मेट को मिलाकर भी देख सकते हैं।

## संक्षिप्त

### कार्यकारणी का विस्तार किया

**निवाई, (निसं)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा डांगरथल मंडल के अध्यक्ष छोटूलाल सैनी ने प्रदेश आव्हान पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सैनी एवं डांगरथल मंडल अध्यक्ष मदनलाल सैनी के निर्देशों पर कार्यकारणी विस्तार किया है। अध्यक्ष सैनी ने बताया कि कार्यकारणी में उपाध्यक्ष शिवजीराम चौधरी, धारासिंह, रामधन सैनी व बद्रीलाल जांगिड, महामंत्री रामकरण हरसाना व राजेन्द्र यादव, मंत्री रमेश चौहान, दिलराज नेगाडी, महावीर स्वामी व चिरंजीलाल खारोल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम लक्षकार एवं कार्यालय मंत्री के पद पर बद्रीलाल कुमावत को नियुक्त किया है। इसी प्रकार बद्री प्रजापत, पप्पूलाल सैन, सुरेश लक्षकार, शिवराज जांगिड, रामप्रसाद चौधरी, प्रभुलाल यादव, शिवजीराम, महेश प्रजापत, रमेश गुर्जर, राजूलाल चौहान एवं कजोडमल गुर्जर को सदस्य मनोनीत किया है।

### स्वेटर वितरण एवं वार्षिकोत्सव

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरपुरा में शनिवार को सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव एवं स्वेटर वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी व कक्षा आठ के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं पृथ्वी फाउंडेशन जयपुर की अध्यक्षा संजू कुकरेती एवं विशिष्ट अतिथि गजेंद्र कुकरेती की ओर से विद्यालय के सभी 101 विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव के लिये स्वेटर वितरण किए गए। संस्था प्रधान पूरणमल कुमावत एवं स्कूल स्टाफ द्वारा अतिथियों का माला साफा पहना सम्मान किया व आभार जताया।

### जुआ खेलते दो जनों को पकड़ा

**टोंक, (निसं)।** शहर कोतवाली एवं जिला विशेष पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रुप से चलाएं जा रहे जुआ सट्टा अभियान के तहत 2 जुआरियों को जुआ खेलते हुए पकड कर 2590 रुपए बरामद किए। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड व पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद के सुपरविजन में शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण, एएसआई प्रभुसिंह, हैडकास्टेबल चन्दप्रकाश, शरीफ मोहम्मद, कजोडमल, कानिस्टेबल हरिराम, महादेव की टीक ने वाल्मिकी पुलिया के पास 2 जुआरियों खालिद गैस गोदाम के पीछे टोंक व अमन वाल्मिकी वाल्मिकी बस्ती कालीपलटन टोंक को गिरफ्तार कर 2590 रुपए बरामद किए है।

### दो दुकानों से सामान व नगदी पार

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के धर्मनगरी डिग्गी के कुरथल रोड स्थित दो दुकानों को शातिर चोरों ने निशाना बना ताले तोड नगदी व सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शनिवार की सवेरे जाग होने पर चोरी की वारदात का पता लगा। पीडित दुकानदार की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मौका रिपोर्ट तैयार की तो रतन टेलर की दुकान के पिछे की जाली तोड 13 हजार रूपये की नगदी व सामान चोरी होना सामने आया व दुसरी दुकान से भी नगदी व सामान चोरी की वारदात सामने आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू की।

### मारपीट करने के पांच आरोपी गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** सदर थाना निवाई में 12 जनवरी को आकोडिया निवासी शिवजी बलाई ने 5 लोगों के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने बताया कि पीडित ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपियों ने उसके बाडे के चारों ओर लगे हुए गडुओं को हटा दिया और तारों को तोड दिया। मना करने पर आरोपियों ने परिवार की महिलाओं व उसके साथ मारपीट कर दी। पीडित ने कैलाश, रामफूल, सोनू, दिनेश व छोटू लाल सभी जाति बलाई निवासी आकोडिया के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने बताया कि दर्ज मुकदमे में अनुसंधान कर पांचों आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

### शनि मंदिर में भक्तों का तांता लगा

**निवाई, (निसं)।** शिवाजी पार्क के समीप स्थित शनि मंदिर में शनि अमावस्या पर शनिदेव मेले का आयोजन किया गया। शनिवार की सुबह 6 बजे से सांय 4 बजे तक भगवान शनिदेव की मूर्ति का मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालु तेलाभिषेक कर परिवार की सुख समृद्धि देश में अमन चैन की दुआ मांगी।

# ‘भ्रष्टाचार ने लाखों युवाओं का भविष्य खराब किया’

## राज्यसभा सांसद ने बेरोजगार युवाओं के साथ संवाद कर प्रदेश में बढ़े भ्रष्टाचार पर गरजे



उपखंड मुख्यालय स्थित नेहरू गार्डन में जयपुर कूच एवं बेरोजगार युवा संवाद कार्यक्रम को राज्य सभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने संबोधित किया।

**लालसोट, (निसं)।** राज्यसभा सांसद डॉ किरोडीलाल मीणा ने शनिवार को पेपर लीक मामले को लेकर 24 जनवरी को दौसा से हजारों बेरोजगार युवाओं के साथ जयपुर कूच कर विधानसभा का घेराव को लेकर उपखंड मुख्यालय पर बेरोजगार युवाओं से संवाद किया।

इस दौरान राज्यसभा सांसद मीणा ने बेरोजगार युवाओं के साथ संवाद के दौरान संबोधन में कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार बढ़ा है एवं इस भ्रष्टाचार की चपेट में लाखों युवाओं का भविष्य खराब हुआ है। राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी मीणा ने नेहरू गार्डन में राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता से संपूर्ण कर्जा माफी की बात कही थी कितना कर्जा माफ हुआ वह सबके सामने है। उन्होने कहा की वे हजारों बेरोजगार युवाओं के साथ 24 जनवरी को विधानसभा का घेराव करेगे और सरकार को झटका भी देंगे। राज्यसभा सांसद डॉ मीणा ने पेपर लीक प्रकरण पर कांग्रेस व एसओजी पर बोलते हुए कहा कि राजस्थान में पेपर लीक मामलों ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़े है लेकिन सरकार कार्रवाई के नाम पर सिर्फ छोटी मछलियों पर शिकंजा कस रही है। इस खेल में जो बड़े मगरमच्छ शामिल हैं उन पर हाथ नहीं डाल रही। पेपर लीक के खेल में सरकार के विधायक मंत्री और अधिकारी शामिल हैं लेकिन सरकार उन्हें बचाने में लगी हुई है जबकि दोषियों के नाम उनके द्वारा पुलिस को दिए हुए हैं।

राज्यसभा सांसद मीणा ने कहा की जिस एसओजी को सरकार ने पेपर लीक मामले की जांच दी हुई है वह एसओजी ही भ्रष्टाचार का बड़ा खेल कर रही है और एएसपी दिव्या मित्तल द्वारा जमाई भ्रष्टाचार के खेल में गिरफ्तारी इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। ऐसे में पूरे मामले की सीबीआई जांच होगी तो सब कुछ साफ हो जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता रामविलास मीणा डूंगरपुर एडवोकेट प्रेमस्वरूप लामडा, अनिल बैनाडा, शम्भु लाल कुईवाला, राकेश जोशी, भगवान जोशी, शिवशंकर बल्या जोशी, लक्ष्मीनारायण भारद्वाज, दीपक सेडुलाई, जयसिंह मीना, महेंद्र जैन, श्यामलाल, मीरवाल, महेंद्र जैन, सोनू बिनोरी, प्रकाश मीणा, सुरेश सैनी, बालमुकुंद शर्मा, अशोक वकील, ब्रजमोहन सैनी, संजय कोराका, मुकेश मीणा रामगढ पचवारा श्रीराम माधोपुरा, हनुमान शर्मा डिडवाना पार्षद कन्हैया लाल सैनी, पार्षद छोटे लाल सैनी, हंशराज मंडावरा दीपक बोहरा, उदित बिनोरी, टीकाराम इंदावा, भागचंद सैनी, कमलेश वकील आदि कई भाजपाई एवं बेरोजगार युवा मौजूद रहे। वही डॉ किरोड़ीलाल गंगापुर सिटी के वजीरपुर के दौरे पर भी रहे।

## पांच दिवसीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का शुभारंभ

■ वातावरण को शुद्ध रखने के लिए यज्ञ सबसे उपयुक्त साधन है : विधायक

**निवाई, (निसं)।** सत्यासत्य निर्णय योग साधना वेद आश्रम मूण्डिया के तत्वाववधान में पांच दिवसीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य हरीशचंद्र शास्त्री एवं स्वामी आत्मज्ञान आनंद के कर कमलों से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रशांत बैरवा ने ऋग्वेद पारायण महायज्ञ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वातावरण को शुद्ध रखने के लिए यज्ञ सबसे उपयुक्त साधन है यज्ञ के द्वारा मानव जीवन सहित समस्त पेड-पौधे जीव जंतुओं का जीवन भी सुरक्षित रहता है। धर्मशास्त्रों ने भी हर गृहस्थी को प्रतिदिन पंच महायज्ञ करने के लिए कहा है। विधायक प्रशांत बैरवा सत्यासत्य निर्णय योग साधना वेद आश्रम मूण्डिया के तत्वावधान में पांच दिवसीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ शुभारंभ पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से इन पंच यज्ञों को करने से सुख-समृद्धि व जीवन में प्रसन्नता बनी रहती है। इन महायज्ञों के करने से ही मनुष्य का जीवन, परिवार, समाज शुद्ध, सदाचारी और सुखी रहता है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त धन-धान्य होने पर भी अधिकांश परिवार दु:खी और असाध्य रोगों से ग्रस्त रहते हैं। क्योंकि उन परिवारों में पंच महायज्ञ नहीं होते। मानव जीवन का उद्देश्य धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति है। इन चारों की प्राप्ति तभी संभव है। जब वैदिक विधान से पंच महायज्ञों को नित्य किया जाए। केसरलाल मीणा ने कहां की वातावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी प्रत्येक इंसान की होती है जिसका सभी को निर्वाह करना चाहिए। जब वातावरण प्रदूषित रहेगा तो मानव जीवन भी सुखी नहीं रह पाएगा। उन्होंने कहा कि ऋग्वेद पारायण महायज्ञ हर व्यक्ति को करना चाहिए। महायज्ञ के प्रथम दिवस को वेद पाठी बहनों द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण किया गया। यज्ञ में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी गई। बहन प्रियंका ने भजनों एवं उपदेशों के द्वारा वेदों के बारे में विस्तार से जाननकारी दी।

## पेयजल समस्या से परेशान लोग खाली बर्तन लेकर रोड पर बैठे

■ महिलाओं ने रोड पर खाली बर्तन लेकर किया विरोध प्रदर्शन



महिलाएं रोड पर खाली बर्तन लेकर धरने पर जा बैठी और विभाग के खिलाफ गुस्सा प्रकट किया।

**सांभरझील, (निसं)।** ग्राम पंचायत लूणवा स्थित मारवालों की ढाणी और खोवालों की ढाणी में पेयजल की समस्या को लेकर लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। विरोध स्वरूप महिलाएं रोड पर खाली बर्तन लेकर धरने पर जा बैठी और विभाग के खिलाफ अपना गुस्सा प्रकट किया।

ग्रामीणों ने बताया कि इन दोनों ढाणियों में आज तक न तो कोई पानी का पॉइंट बना है और ना ही कभी पीने का पानी पहुंचा है। पहले कुछ दूरी पर ग्राम पंचायत द्वारा पाइपलाइन डाली गई जिसका अभी तक कोई उपयोग नहीं हुआ है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि वार्ड नंबर 13 की दोनों ढाणियों में आज तक पेयजल लाइन तक नहीं बिछाई गई है। महिलाओं को 3 किलोमीटर दूर जाकर पानी लेकर आना पड़ता है। बताया जा रहा है कि पानी में भी फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। पीने के पानी के लिए टैंकर मंगवाए जाते हैं जिसकी कीमत करीबन 700 से 800 हैं। साथ ही यह भी बताया कि हमने कई बार उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया लेकिन आज दिन तक हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस मौके पर ग्रामीण कैसाराम, लक्ष्मण, नेमीचंद , श्रवण, पोखर नेताराम, रामेश्वर फूलचंद, गंगाराम, पन्नी देवी, संतोष देवी, सीता देवी, संतोष, ममता देवी, गंगाराम, जयराम, छगनलाल सहित सैकडों की संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

## रैगर महासभा का द्वितीय स्नेह मिलन समारोह व प्रतिभा सम्मान समारोह



विधायक इंद्राज गुर्जर ने प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर प्रतिभाओं का सम्मान किया।

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने भीम युवा समिति पालडी द्वारा आयोजित द्वितीय रैगर समाज स्नेह मिलन, प्रतिभा भामाशाह समान समारोह में रैगर महासभा के प्रतिभा समान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर प्रतिभाओं का सम्मान किया।

समारोह की अध्यक्षता पालडी सरपंच किशोर कुमार ने की विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष विराटनगर महेंद्र रातावाल, नवरंगपुरा सरपंच मीनाक्षी रैगर, बजरंगपुरा सरपंच रामनिवास मौर्य, मेड सरपंच बीना रातावाल रहें। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न 144 प्रतिभाओं का, 37 भामाशाहों व 35 नवनियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों का समान किया गया। इस दौरान विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को आगे बढने के अवसर प्रदान किये जा रहें है। युवा उनका लाभ लेकर देश-प्रदेश की उन्नति में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को आगे बढाने के लिए प्रबुद्ध नागरिकों को पहल करते हुए उन्हें सुविधाऐं प्रदान करनी होगी। उन्होंने कहा कि समाज के जागरूक एवं संगठनों के पदाधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि वे समाज में व्याप्त कुरूतियों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक करें तथा शिक्षित एवं संस्कारित समाज के निर्माण में भागीदारी निभाऐं। उन्होंने समानित होने वाली प्रतिभाओं की ओर मुखातिब होकर कहा कि वे अन्य साथियों को भी आगे बढने के लिए प्रेरित करें। इस प्रकार के समान समारोह से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। सरपंच मीनाक्षी सरपंच नवरंगपुरा ने लडकियों की शिक्षा का मुद्दा उठाया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विराटनगर अध्यक्ष महेंद्र रातावाल ने राजनैतिक क्षेत्र में भी समाज का प्रतिनिधित्व हो इस पर विचार व्यक्त किये। आयोजक समिति भीम युवा समिति पालडी के अध्यक्ष धर्मेंद्र रावत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सरपंच किशोर कुहार ने रैगर धर्मशाला पालडी की चारदिवारी व सुविधाए बनाने की घोषणा की। डॉ. मुकेश आरएएस ने पानी के टैंक बनाने की घोषणा की।

डॉ. भागीरथ, रामनारायण व महावीर रावत ने प्रवेश द्वार बनाने की घोषणा की । इस अवसर पर बीना मनोज रातावाल, रामनिवास मौर्य, तेजपाल धनवाडिया, वेदप्रकाश बाकोलिया व अन्य समाज के बन्धु उपस्थित रहे।

## तीन सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

**अलवर, (निसं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पिछले कई दिनों से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे राजस्थान राजकीय महाविद्यालय सहायक आचार्य शिक्षक संघ (विद्या संबल योजना) के आंदोलनकारी सहायक आचार्यों के साथ एकजुटता प्रकट की है। आंदोलनकारियों ने डॉ.रमेश बैरवा को अपना तीन सूत्रीय मांगपत्र सौंपा तथा समर्थन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। आंदोलनकारी सहायक आचार्यों की मांग है कि महाविद्यालय एवं संस्कृत महाविद्यालय विद्या संबल योजना अंतर्गत कार्यरत सहायक आचार्यों का एक विशेष कैडर बनाया जाए। योजना अंतर्गत हटे हुए सहायक आचार्यों को अति शीघ्र पुनर्नियुक्ति प्रदान की जाए। विद्या संबल योजना के सहायक आचार्यों को मासिक आधार पर वार्षिक वेतन प्रदान किया जाए। ऐसा इन सहायक आचार्यों के भविष्य को सुनिश्चित करने एवं रोजगार की सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्यंत जरूरी है।

## विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए अध्ययनशील होना जरूरी है : मंत्री टीकाराम जूली

■ ‘छात्रसंघ का गठन राजनीति का पहला पायदान है’



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय के शपथ ग्रहण समारोह एवं छात्र संघ कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु अध्ययनशील होना आवश्यक है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जूली शनिवार को राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय के शपथ ग्रहण समारोह एवं छात्र संघ कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि वाणिज्य महाविद्यालय में छात्र संघ का गठन राजनीति में पहली सीढी है। छात्रा संघ के पदाधिकारियों को व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर छात्रों के हित के लिए कार्य करना ही सबसे बडी सीख है। उन्होंने कहा कि छात्रा संघ पदाधिकारियों को अपने सीमित एक वर्ष में छात्रा हितों के लिए निर्णयों को इस प्रकार अमलीजामा पहनाऐं की यह नजीर बनें। इसलिए संघ के पदाधिकारी आपसी सांमजस्य के साथ पूर्ण निष्ठा के साथ इस दायित्व का निर्वहन करें।

उन्होंने छात्र संघ अध्यक्ष कजई हुसैन व उनकी कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामना प्रदान की तथा उन्होंने छात्रा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. स्मिता मिश्रा ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला बीसूका उपाध्यक्ष, तिजारा विधायक संदीप यादव, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, उमरैण प्रधान दौलतराम, जाकिर खान, गीता जूली, दीनबन्धु शर्मा, राकेश चौधरी, राकेश बैरवा, रिपु दमन गुप्ता, छात्रा संघ उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, महासचिव विशेष जैन, संयुक्त सचिव कीर्ति पाल आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### वार्षिकोत्सव में भामाशाओं का सहयोग

**मालपुरा, (निसं)।** राज्य सरकार के आदेश व शिक्षा विभाग के निर्देशों की पालना में शनिवार को मालपुरा शहर सहित उपखण्ड क्षेत्र के एक दर्जन सरकारी स्कूलों में वार्षिक उत्सव व सम्मान समारोह आयोजित किये गये। वही भामाशाहओं ने भी दिल खोलकर विद्यालय विकास सहित प्रतिभाओं के सम्मान मे सहयोग दिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कलमंडा में आयोजित वार्षिक उत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह में उपायुक्त प्रभाती लाल जाट, राजूलाल चौधरी, चैयरमेन राजग्रुप जोधपुर, बीएल चौधरी देशमा, मो. इस्हाक नकवी, रामदेव बैरवा, डीआर किशन लाल बैरवा, सरपंच शंकर भडाणा, राजाराम गुंजा, सीआर सीता देवी, राजेश चंदेल, भंवर गुर्जर, रोडूलाल चौधरी,भागीरथ सिंह,थानाधिकारी भूराराम खिलेरी, छितर खेडिया, रंगलाल चौधरी, बालूराम चौधरी, बाबूलाल नागा, जगदीश चौधरी, रामनिवास मीणा, शिवजीराम बैरवा, गंगाराम मीणा, धनरूप शर्मा, गजेन्द्र बोहरा ने बतौर अतिथि शिरकत करते हुए विद्यार्थियों को कडी मेहनत से अध्ययन कर तकदीर बदलने का आव्हान किया। विद्यालय के मंच पर भामाशाओं को स्मृति चिन्ह दे राजस्थानी पगडी पहना सम्मान से नवाजा गया। विद्यालय प्रधानाचार्य कमल कुमार पारीक, कार्यक्रम संयोजक,जतन लाल जाट व शाला परिवार की और से अतिथियों को राजस्थानी पगडी पहनाई गई। भामाशहओं ने 3 लाख रूपये की सहयोग राशि की घौषणा की। इसी क्रम मे राउप्रावि आखतडी प्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह राजावत ने भामाशाह लल्लूराम मीणा द्वारा वाटर कुलर व ग्रामीणों द्वारा 24 हजार सहयोग राशि देने पर आभार जताया। वही लक्ष्मीबाई महिला महाविद्यालय मे राष्ट्रीय शिक्षा निती पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। सीनियर सैकेण्डरी स्कूल मालपुरा में एएसपी राकेश कुमार बैरवा, डॉ. अरूण कुमार तोमर, एसडीएम रामकुमार वर्मा, प्रधानाचार्य गिरधर सिंह ने सम्बोधित किया। तो देशमी, चांदसेन, गरजेडा सहित एक दर्जन से अधिक स्कूलों में वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया।

### डीएसपी ने दिये जरूरी निर्देश

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** अपराधों की रोकथाम को लेकर उनियारा पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद खान शनिवार को एक और जहां एक्शन में नजर आएं। वही इस दौरान उनियारा क्षेत्र में बढते अपराधों पर रोकथाम के चलते बिना नंबरी वाहनों, संदिग्ध वाहनों और काली फिल्म वाले वाहनों पर मय जाप्ते नेशनल हाईवे पर पहुंच कार्रवाई भी की साथ उनियारा,बनेठा, अलीगढ, सोप, नगरफोर्ट पुलिस को भी ऐसे वाहनों पर अपने अपने क्षेत्र में कार्यवाही करने के सख्ती के निर्देश दिए। ताकि क्षेत्र में समय रहते हुए अपराधों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। साथ ही क्षेत्र में अपराधियों का बिल्कुल भी बोलबाला ना बढ़े। वहीं कई भी अप्रिय वारदातें घटित ना हो और क्षेत्र में शांति पूर्वक वातावरण बना रहे। ज्ञातव्य रहे कि कुछ दिन पूर्व उनियारा थाना सर्किल क्षेत्र में अपरहण तथा लापता के मामले सामने आए हैं और जनता में पुलिस के प्रति रोष देखा गया था।इन सभी मामलों को देखते हुए उनियारा पुलिस उपाधीक्षक एक्शन में आएं और उन्होंने संदिग्ध वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की।

### ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना दिया

**बहरोड/अलवर, (निसं)।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद द्वारा 2 अप्रैल सन् 1955 में उद्घाटित राठ क्षेत्र का प्रथम राजकीय चिकित्सालय बड़ौद सेठ रूडमल एवं रघुनाथ दास महावर के सहयोग से स्थापित आरआर राजकीय चिकित्सालय आज अतिक्रमण तथा चिकित्सा सुविधाओं के स्टाफ व मशीनों की तंगी के चलते नव घोषित नगरपालिका क्षेत्र बर्डोद के ग्रामीण मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान सरकार से 7 सूत्री मांग पत्र लेकर ध्यानाकर्षण करते हुए शांति पूर्वक अनिश्चितकालीन धरने बैठे। पूर्व सरपंच रामावतार सैनी के नेतृत्व में ठाामवासी एवं जनप्रतिनिधि गण ईशान सिंह चौहान, रामकिशन शर्मा, नवनीत ओला, विक्रम सिंह यादव, मन्नू सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रविकांत शर्मा, राकेश मीणा एडवोकेट, अशोक जांगिड, श्याम सिंह चौहान, कैलाश सैनी, हवा सिंह मीणा, महिपाल चौहान, राजपाल चौहान, मोहन सिंह चौहान, राज राजेश्वर सिंह, राजू पंच, अनिल, परमीत सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुबेसिंह चौहान, संदीप चौधरी,बहादूर सैनी, मिथुन, पिंटू इत्यादि मौजूद रहे थे।

### कलेक्टर ने निर्माण कार्य जांचे

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने शनिवार को तहसील टोंक के ग्राम चराई में राजस्थान राज्य सडक विकास एवं निर्माण निगम (आरएसआरडीसी) द्वारा निर्माणाधीन यूनानी मेडिकल कॉलेज के बालिका छात्रावास और राजकीय नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास के मैप का अवलोकन किया। साथ ही भवन के हर कमरे में जाकर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने आरएसआरडीसी के अभियंताओं को फर्श की लेवलिंग समान रखने तथा कार्य की क्वालिटी में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज को निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह आयोजित मंडे मीटिंग में आरएसआरडीसी द्वारा जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट लेकर आएं, ताकि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा सके। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके सिंह, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नितेश कुमार जैन, यूनानी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद इरशाद खान भी मौजूद रहे।

### सुरेश चंद अध्यक्ष बने

**सुरेर, (निसं)।** माचाडी कस्बे में शनिवार को कस्बे के नंगेश्वर धाम आश्रम पर आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व कार्यकारणी को भंग कर नई कार्यकारणी का चुनाव आम सभा में किया गया। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय होंने के बाद निम्न पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। कार्यकारणी में अध्यक्ष पद पर सुरेश चंद जांगिड को चुना गया। मंत्री पद पर ओमप्रकाश जांगिड़ रैणी, कोषाध्यक्ष पद पर शिवचरण जांगिड़ हरसाणा, संयोजक के पद पर लक्ष्मी नारायण जांगिड़ व विश्राम जांगिड़ को चुना गया। मंच का संचालन सुभाष चंद जांगिड बाराभडकोल ने किया। इस अवसर पर मुरारीलाल, कल्याण सहाय, कमलेश जांगिड, रामबाबू गोठवाल, ओमप्रकाश खरादी नयागांव, गोर्धन, रमेश चंद, बनवारी लाल, पप्पूराम, मांगीलाल, हरीश, गिर्राज प्रसाद, बच्चू राम, केदार प्रसाद, विजय, दिनेश चंद, कैलाश, खिल्लू राम, सोमदत्त, शिवचरण, रामावतार, मनोहर लाल रामसरुप, नहन्याराम सहित समाज के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### मुआवजा दिलाने की मांग


**नरैना, (निसं)।** किसान महापंचायत तहसील फुलेरा अध्यक्ष व किसानों ने मिलकर उपखंड अधिकारी सांभर व तहसीलदार सांभर को रबी फसल में पाला पडने व शीतलहर से हुए खराबे का मुआवजा दिलाने बाबत ज्ञापन सौंपा है। किसान महापंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी माह मे माईनस डिग्री तापमान व शीतलहर के कारण पाला पड रहा है। जिसमे मुख्य रूप से चने, सरसो, तारामीरा व मटर की फसलो का नुकसान ज्यादा हुआ है। इस हेतु उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार सांभर को ज्ञापन देकर निवेदन किया गया है कि समय रहते रबी फसलों में पडे पाले के कारण हुए उक्त नुकसान का शीघ्र आंकलन तहसील स्तर पर करवाकर पीडित किसानों को मुआवजा स्वीकृत करवाते हुए दिलवाने एवं संबन्धित बीमा कंपनियों से भी मुआवजा दिलवाने की कृपा करे। इस दौरान किसान महापंचायत महामंत्री घासीराम फगोडिया, प्रदेशाध्यक्ष जगदीश नारायण चौधरी,तहसील फुलेरा अध्यक्ष जालूराम डोडवाडिया,पंचायत समिति सांभर सदस्य गोपाल लाल धायल,गोरीशंकर मालू,रामरतन जाट,देवराज गुर्जर व अन्य कई किसान मौजूद रहे।

### 40 पुलिस गौरवश्री अवार्ड से सम्मानित

**अलवर, (निसं)।** साल 2022 में बेहतर परफॉर्मेंस वाले 40 पुलिसकर्मियों को अलवर एसपी ने शनिवार सुबह गौरवश्री अवार्ड देकर सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि वैसे तो हर पुलिसकर्मी ने अच्छा काम किया है लेकिन बहुत से ऐसे हैं जिनकी बदौलत बडे खुलासे हुए हैं। वारदात होने से बची है। कामकाज में पूरी तत्परता दिखाई है। जिससे क्राइम कंट्रोल हुआ है। इस तरह की परफार्मेंस वाले पुलिसकर्मियों को गौरवश्री अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि भी आए।

### 269 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे स्टेशन चौमू के सभी छात्र छात्राओं को प्रयास फाउंडेशन की संस्थापक डॉ शिखा मील बराला के द्वारा स्कूल के कक्षा 1 से 10 तक के 269 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य पंकज मीणा ने डॉ शिखा मील बराला का राजस्थानी परंपरा के अनुसार स्वागत सत्कार किया साथ ही आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



*पुरातत्वविदों को इंगलैंड के नॉर्थैम्पटनशायर में एक मकान के लिए खुदाई के दौरान 1300 साल पुराना हार मिला है। म्यूज़ियम ऑफ लंदन आर्किऑलजी (एम.ओ.एल.ए.) के शोधकर्ता कहते हैं कि, ब्रिटेन में मिले इस तरह के हारों में यह सबसे शानदार और कीमती है। इसमें रोमन सिक्कों, सोना, गार्नैट, कांच और कई सैमिप्रैशस स्टोन्स से बने मनके व 30 पैन्डैन्ट हैं। यह हार एक ऊंचे तबके की महिला की कब्र में मिला है। कब्र में अन्य वस्तुएं भी मिली हैं, जिनकी जांच हो रही है। इस संग्रह को ''हारपोल ट्रैज़र'' नाम दिया गया है। विशेषज्ञों को यकीन है कि, यह ब्रिटेन में अब तक खोजी गई किसी भी महिला की सर्वाधिक महत्वपूर्ण कब्र है। एम.ओ.एल.ए. साइट सुपरवाइज़र लैवैंत बैंसे बालाश ने कहा, ''जब मिट्टी से सोना झांकने लगा तो हम जान गए कि कुछ महत्वपूर्ण है। लेकिन हमें यह अनुमान भी नहीं था कि यह खोज इतनी खास होने वाली है। चौकोर पैन्डैंट इस हार का सैंटर पीस है जिसके ऊपर क्रॉस बना हुआ है। स्वर्ण में जड़ा यह पैन्डैंट रैड गार्नैट से बना है। विशेषज्ञों का मत है कि, यह मूलतः एक मुड़े हुए क्लास्प (बकसुआ) का आधा भाग रहा होगा जिसे पैन्डैंट के रुप में पुनः प्रयुक्त किया गया। यहां एक कलात्मक क्रॉस भी मिला है, जिस पर चाँदी में बने मनुष्य के चेहरों को असामान्य रुप में दर्शाया गया है। हार को देखकर लगता है कि यह किसी इसाई महिला मठाध्यक्ष का रहा होगा। कब्र में जो शव था वो पूरी तरह नष्ट हो चुका है, बस टूथ एलैमल के कुछ अंश बचे हैं। हारपोल ट्रैज़र संकेत देता है कि यह ऊंचे तबके की धार्मिक महिला रही होगी। विशेषज्ञ आधुनिक तरीकों से खोज में मिले सामान का और आसपास की जगह का विश्लेषण कर रहे हैं ताकि उक्त महिला और उसके अंतिम संस्कार के बारे में पर्याप्त जानकारी मिल सके। शोधकर्ता, इस हार और कब्र में मिले कार्बनिक अवशेषों का उद्‌गम पता लगाने का प्रयास कर रहे है। इंगलैंड के कई अन्य क्षेत्रों में ऐसे ही कुछ हार मिल चुके हैं पर कोई भी इतना कलात्मक नहीं है। हारपोल ट्रैज़र बी.बी.सी. के ''डिगिंग फॉर ब्रिटेन'' शो में 23 जनवरी को प्रदर्शित किया जाएगा।*

## नेपाल में रेल लाइन बिछाने की होड़ में चीन से आगे निकला भारत

नई दिल्ली, 21 जनवरी। भारत ने नेपाल में चीन की बिछी-बिछाई बाजी पलट दी है।

चीन, भारत के खिलाफ नेपाल को लगातार प्रलोभन देता रहता है। चीन केरुंग-काठमांडू रेलवे लाइन बिछाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। लेकिन भारत ने बाजी पलट दी है। रक्सौल-काठमांडू रेल लाइन के लिए भारत ने फाइनल लोकेशन सर्वे तेज कर दिया है। इससे चीन ठगा सा रह गया है। भारत के ऐक्शन में आने से चीन भी उठापटक में जुट गया है और उसने अपनी चाल को तेज कर दिया है।

- **चीन, नेपाल में रेल लाइन की बिछाने की शुरुआती चरण में है तथा भारत ने काठमांडू तक रेल चलाने का काम फाइनल स्टेज तक पहुँचा दिया है।**

चीन ने अब केरुंग-काठमांडू रेलवे लाइन की संभावना की जांच के लिए अध्ययन शुरू कर दिया है। ड्रैगन की चाल में यह तेजी के.पी. ओली के समर्थन वाली प्रचंड सरकार के सत्ता में आने के बाद आई है। हालांकि भारत के रक्सौल-काठमांडू रेल लाइन के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे तेज होने के बाद हमारा काठमांडू तक रेल चलाने का रास्ता साफ हो जाएगा।

# कुश्ती संघ के सहायक सचिव विनोद तोमर को सस्पैंड किया गया

## विनोद तोमर ने बृजभूषण सिंह के समर्थन में बयान देकर उनके खिलाफ लगे आरोपों को निराधार बताया था

नई दिल्ली, 21 जनवरी। खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ के सहायक सचिव विनोद तोमर को शनिवार (21 जनवरी) को सस्पैंड कर दिया है। विनोद तोमर ने सुबह में ही में कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के पक्ष में बयान दिया था। विनोद तोमर का मानना है कि बृजभूषण शरण सिंह ने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने कहा था, आरोप निराधार हैं। ऐसा कुछ नहीं है। तीन-चार दिन हो गए हैं और उन्होंने अभी तक कोई सबूत पेश नहीं किया है। मैं पिछले 12 सालों से उनके साथ जुड़ा हुआ हूं और मैंने ऐसा कुछ नहीं देखा।

विनोद तोमर ने आगे कहा था, जब तक जांच जारी है तब तक उन्होंने खुद को अलग रखा है। उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है, लेकिन जांच समाप्त होने तक भारतीय कुश्ती संघ की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों से खुद को दूर कर लिया है ताकि जांच प्रभावित न हो।

- **विनोद तोमर ने शनिवार सुबह अपने बयान में था कि, मैं बृजभूषण सिंह के साथ गत 12 वर्षों से जुड़ा हुआ हूँ, उन्होंने इस प्रकार की कोई गलती नहीं की है।**
- **विनोद तोमर ने कहा कि, पहलवान तीन-चार दिन से केवल आरोप ही लगा रहे हैं, उन्होंने अभी तक कोई भी सबूत पेश नहीं किया है।**

भारत के 30 से ज्यादा पहलवानों ने बुधवार के दिन दिल्ली के जंतर-मंतर में भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना शुरू किया था और उन पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, बृजभूषण ने इस आरोपों को सिरे से खारिज किया और पहलवानों पर आरोप लगा दिए। बृजभूषण के आरोपों का पहलवानों पर कोई असर नहीं पड़ा और प्रदर्शन जारी रहा। इस बीच खेल मंत्रालय और कुश्ती संघ ने बातचीत के जरिए मामला सुलझाने की कोशिश की, लेकिन सारी कोशिशें नाकाम रहीं। पहलवान अपनी मांग पर अड़े रहे। अंत में पहलवानों के सामने बृजभूषण के दांव पेंच कमजोर पड़ गए और उन्हें कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से अस्थायी रूप से हटा दिया गया।

बुधवार सुबह शुरू हुआ प्रदर्शन तीन दिन तक चला शुक्रवार रात पहलवानों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ बात की और बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से अस्थायी रूप से हटा दिया गया और उनके ऊपर लगे आरोपों की जांच के लिए समिति बना दी गई।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया एक्शन मोड में

जयपुर, 21 जनवरी (का.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया विधानसभा चुनाव को देखते हुए अब एक्शन मोड में आ गये हैं। दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से लौटने के तुरंत बाद से पूनिया ने अपने क्रियाकलाप और संगठन से संबंधित कामकाज और तेज कर दिये हैं।

पिछले दिनों सतीश पूनिया ने जिलों की अंदरूनी रिपोर्ट के लिए जिला पर्यवेक्षक लगाए थे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर एक जिलाध्यक्ष में बदलाव किया गया है। वहीं बताया जा रहा है कि इनमें से कई जिलाध्यक्ष चुनाव लड़ने के मूड में है उसके कारण भी इनको बदला गया है।

इसके साथ ही बीकानेर शहर के लिए विजय आचार्य को जिलाध्यक्ष तथा बीकानेर देहात जालम सिंह भाटी, अलवर उत्तर उम्मेद सिंह भाया, अलवर दक्षिण अशोक गुप्ता, भरतपुर से ऋषि बंसल, सवाई माधोपुर सुनील दीक्षित, बाड़मेर में स्वरूप सिंह खारा, बालोतरा में बाबू सिंह राजगुरु को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इतना ही नहीं स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि संगठन में निष्क्रिय रहे जिलाध्यक्षों को भी बदला जायेगा? चर्चा है कि, पिछले कई दिनों से निष्क्रिय पड़े प्रदेश पदाधिकारियों एवं प्रदेश के जिलाध्यक्षों को बदला जाएगा।

- **प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से पहले 8 जिला अध्यक्षों को बदला**
- **गौरतलब है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में चुनाव वाले राज्यों में संगठनात्मक फेरबदल की संभावना व्यक्त की गई थी।**

## मिस्त्र के राष्ट्रपति...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

अल-सिसी प्रधानमंत्री मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर बात करेंगे। इसके अलावा, वे व्यवसायी-समुदाय के साथ भी संवाद करेंगे। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल भी आयेगा जिसमें मिस्त्र के पाँच मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

# नंद्राजोग कमेटी करेगी पूर्व खेतड़ी महाराज की संपत्तियों की निगरानी

जयपुर, 21 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने खेतड़ी के महाराज सरदार सिंह की करोड़ों रुपए की हेरिटेज संपत्तियों से जुड़े मामले में राजस्थान और बॉम्बे हाईकोर्ट के पूर्व सीजे प्रदीप नंद्राजोग की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित करने का आदेश दिया है। इसमें हेरिटेज आर्किटेक्ट और आर्कियोलॉजीकल सर्वे आफ इंडिया के सदस्य भी शामिल होगें। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने जयपुर कलैक्टर को अवमानना नोटिस जारी किया, क्योंकि अदालती आदेश की पालना के तहत उन्होंने हेरिटेज संपत्तियों की देखरेख के लिए उन्हें अपने कब्जे में नहीं लिया।

सुनवाई के दौरान खेतड़ी ट्रस्ट ने एक खोए हुए खजाने के नाम से एक बुकलेट पेश की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हेरिटेज संपत्तियों की मरम्मत और देखरेख में राज्य सरकार उदासीन लग रही है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पांच करोड़ रुपए का बजट देने पर खुशी जताई है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस नंद्राजोग के लिए फिलहाल एक लाख रुपए प्रति विजिट या सिटिंग तय की है, लेकिन इस फीस में काम के अनुसार बदलाव हो सकेगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने खेतड़ी के पूर्व महाराजा की हेरिटेज संपत्तियों पर हो रहे कब्जों को छह सप्ताह में हटाने के निर्देश देते हुए किसी भी अन्य कोर्ट में इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं करने का आदेश दिया है। साथ ही भविष्य के अतिक्रमण रोकने के लिए जिला कलेक्टर को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए कहा है।

अदालत ने पूर्व सीजे की कमेटी को जल्द से जल्द रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 21 मार्च तय की है।

गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने खेतड़ी महाराज की संपत्ति पर सरकारी कब्जे की कार्यवाही को गैर-कानूनी घोषित करते हुए वापिस लौटाने का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने इसी आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर रखी है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने खेतड़ी महाराज की हैरिटेज सम्पत्ति की देखभाल के लिए रिटायर्ड जस्टिस प्रदीप नंद्राजोग की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है।**
- **जस्टिस प्रदीप नंद्राजोग राजस्थान व बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने जयपुर कलैक्टर को अवमानना नोटिस भी जारी किया, क्योंकि उन्होंने हैरिटेज सम्पत्ति को कब्जे में लेने के आदेश का पालन नहीं किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हैरिटेज सम्पत्तियों से सभी कब्जे 6 सप्ताह में हटाने के आदेश भी दिए।**

## राष्ट्रपति मुर्मू पुराने संसद भवन में संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जनवरी। नये संसद भवन का निरीक्षण करने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने ट्वीट किया कि राष्ट्रपति मुर्मू 31 जनवरी को वर्तमान संसद भवन के सैन्ट्रल हॉल में लोकसभा एवं राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। उनका कहना है कि नया संसद भवन अभी निर्माणाधीन है।

सरकार शीतकालीन सत्र नये भवन में नहीं चला सकी थी लेकिन ऐसी कोशिश की जा रही है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को नये लोकसभा भवन में ही बजट प्रस्तुत करें।

केन्द्र ने शुक्रवार को निर्माणाधीन संसद भवन के नये फोटो जारी कियें भवन को फिनिशिंग टच देने का काम चल रहा है। यह सैन्ट्रल विस्टा का हिस्सा है, जिसमें विशाल हॉल, आधुनिक पुस्तकालय, पुनर्विकसित कार्यालय तथा कमेटी कक्ष आदि स्टेट-ऑफ-आर्ट सुविधाओं से युक्त होंगे।

- **स्पीकर ओम बिड़ला ने ट्वीट में यह जानकारी दी, पर और कहा कि लेकिन कोशिश है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नए संसद भवन में बजट प्रस्तुत करे।**

नया संसद भवन वर्तमान संसद भवन से सटा हुआ है। यह करीब 65000 वर्ग मी. क्षेत्र में त्रिकोणीय आकृति में बना हुआ है ताकि जगह का अधिकतम उपयोग हो सके।

मौजदा संसद भवन का उद्घाटन 96 वर्ष पहले, 18 जनवरी को तत्कालीन वामसराय लॉर्ड इर्विन ने किया था। उस समय इसका नाम काउंसिल हाउस था।

## प्र.मंत्री मोदी की सुरक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई

नई दिल्ली, 21 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति फर्जी एन.एस.जी. गार्ड बनकर पी.एम. मोदी की रैली में पहुंच गया। उसके पास हथियार भी था। पुलिस को उस पर शक हुआ, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर जांच की गई। आरोपी के पास एन.एस.जी. का आई.डी. कार्ड बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में एन.एस.जी. से संपर्क किया तब पता लगा कि हिरासत में लिया गया आरोपी नकली सैनिक है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

मामला गुरूवार का है। पी.एम. नरेंद्र मोदी मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) पहुंचने वाले थे। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने चेतावनी जारी की हुई थी। जिसके बाद सुरक्षाबल अतिरिक्त सावधानी बरत रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने ख़ुद को पहले सेना का ''गाड्र्स रेजिमेंट'' से नाइक होने का दावा करते हुए उच्च सुरक्षा वाले वी.वी.आई.पी. क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश की जब पुलिस ने उसे शक की बुनियाद पर रोका तो उसने खुद को एन.एस.जी. का अधिकारी बताया। इसके लिए उसने बाकायदा एन.एस.जी. का एक आई.डी. कार्ड भी दिखाया, लेकिन उसकी हरकते संदिग्ध थी। पुलिस ने एन.एस.जी. को इसकी सूचना दी तो एन.एस.जी. ने रामेश्वर मिश्रा के एन.एस.जी. से किसी तरह का संपर्क होने से इनकार कर दिया।

- **मुंबई में प्र.मंत्री मोदी की सुरक्षा में तैनात होने हथियार के साथ पहुँचा नकली एन.एस.जी. गार्ड।**

गिरफ़्तार आरोपी की जांच पड़ताल में पता चला कि रामेश्वर मिश्रा नवी मुम्बई में रहता है और उसने साइंस से ग्रेजुएशन की पढ़ाई की है। आरोपी रामेश्वर मिश्रा पर अब धारा 171,465,468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को शुक्रवार को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया जहां कोर्ट ने उसे 24 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

## भारत सरकार ने यू-ट्यूब व ट्विटर ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

ट्वीट्स को और उन्हें ब्लॉक कर दे।

सुविज्ञ सूत्रों ने पुष्टि की है कि विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों के सीनियर अधिकारियों ने डॉक्यूमैन्टरीका परीक्षण कर पाया कि यह भारत के विभिन्न समुदायों में विभाजन के बीज बोने के अलावा भारत के सुप्रीम कोर्ट की विश्वसनीयता और प्राधिकार को कटकरे में खड़ा करने का एक प्रयास है।

सूत्रों ने बताया कि डॉक्यूमैन्टरी को भारत की संप्रभुता और अखंडता को कम करने वाला पाया गया तथा यह भी यह देश की सार्वजनिक व्यवस्था और विदेशों के साथ देश के दोस्ताना संबंधों पर विपरीत प्रभाव डाल रही है। इस बीच सेवानिवृत्त जजों और नौकरशाहों सहित कुल 302 हस्ताक्षरकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बनी बी.बी.सी. की इस डॉक्यूमैन्टरी की एक बयान में आलोचना की है। सशस्त्र सेनाओं के सीनियर्स भी बयान के सह-हस्ताक्षरकर्ता हैं।

सूत्रों ने बताया कि प्रिंट, ऑडियो-वीडियो और सोशल मीडिया का कामकाज देखने वाले सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा के विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वह बी.बी.सी. की इस डॉक्यूमैन्टरी के कन्टैन्ट्स पर पलटवार करने के लिए रात-दिन एक कर दें।

विदेश मंत्रालय ने इस डॉक्यूमैन्टरी के लिए कल ही कहा था कि यह एक दुष्प्रचार है और उद्देश्य विहीन है तथा इसमें औपनिवेशिक मनःस्थिति की झलक दिखलाई देती है। मंत्रालय ने विदेशों में स्थित अपने दूतावासों से कहा है कि वे इस डॉक्यूमैन्टरी के कारण होने वाली किसी भी नकारात्मकता का मजबूती से विरोध करे। सत्तारूढ़ पार्टी के एक सीनियर नेता ने कहा कि ''भाजपा शासित सरकार अथवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई भी आलोचना दुष्प्रचार है, जबकि दोनों की प्रशंसा करना एक निष्पक्ष पत्रकारिता है।'' यह एक नई परिभाषा है जिस पर केन्द्र सरकार वर्तमान में कार्य कर रही हैं।

## कांग्रेस सांसद ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

गहलोत पायलट को नकारा निकम्मा और गद्दार तक कह चुके हैं।

हालांकि अब तक शांत रहने वाले सचिन पायलट ने भी गहलोत के बयानों का सधे हुए शब्दों में जवाब देते हुए कहा है कि ''मैंने मेरे स्वर्गीय पिताजी से राजनीति में बहुत कुछ देखा और सीखा है। मैंने उन्हें राजनीति के अखाड़े में बड़ों-बड़ों को पटकनी देते हुए देखा है। मुद्दों पर, पब्लिक सेंटीमेंट पर आप खड़े हों तो लोग ताली बजाते हैं। अपमान कर देना, छोटी-मोटी बात बोल देना, अच्छी बात नहीं है। आप सब जानते हो कि मेरे बारे में क्या- क्या बोला गया है।

## अप्रैल से ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

प्रीमियम ट्रेनें प्लेटफॉर्म नम्बर 6 से 16 तक चलेंगी। अन्य सुपरफास्ट, मेल, एक्सप्रैस, इन्टरसिटी तथा पैसेन्जर ट्रेनें नई दिल्ली की बजाय पुरानी दिलली स्टेशन से चलेंगी तथा कुछ अन्य ट्रेन गाजियाबाद, फरीदाबाद, तिलक ब्रिज, सफदरजंग, दिल्ली छावनी तथा अन्य छोटे स्टेशनों से चलेंगी।

रेलवे ने सी.पी.डब्ल्यु.डी. को पत्र लिख दिया है कि वह इन स्टेशनों को जोड़ने वाली सड़कों को चौड़ा कर दे ताकि ट्रैफिक जाम से बचा जा सके तथा यात्री इससे प्रभावित न हों।

इसके अलावा, रेलवे राष्ट्रीय राजधानी के तीन स्टेशनों- नई दिल्ली, आनन्द विहार तथा निज़ामुद्दीन पर प्रीमियम एग्ज़ीक्यूटिव वेटिंग लाउन्ज शुरु कर रहा है। इनमें से पहले लाउन्ज (निज़ामुद्दीन स्टेशन) ने इस सप्ताह से काम करना शुरु कर दिया। इसका शुल्क दो घंटे के लिये 150 रू. तथा इसके बाद हर अतिरिक्त घंटे के लिये 50 रू. घंटा होगा।

## निक्की हेली 2024 के राष्ट्रपति...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने की सोचते हैं तब आप दो तथ्यों पर गौर करते हैं। पहला तो यह कि क्या वर्तमान स्थिति के मद्देनज़र नए नेतृत्व की जरूरत है? और दूसरा यह कि क्या मैं ही वह व्यक्ति हूं जो नया नेता बन सकता है। लेकिन, हां, हमें एक नई दिशा में जाने की जरूरत है? और क्या मैं वह नेता हो सकती हूं? हां! मैं समझती हूं कि मैं वह नेता हो सकती हूं।''

हेली, जिन्होंने अक्टूबर 2018 में ट्रम्प प्रशासन से इस्तीफा दे दिया था, ने कहा कि उन्होंने गवर्नर तथा राजदूत के पद पर बहुत ही अच्छा काम किया था।

उन्होंने कहा, ''गवर्नर के रूप में मैंने एक ऐसा पीड़ित राज्य हाथ में लिया था, जहाँ बेरोजगारी दो अंक में थीं और हमने उसे सर्वश्रेष्ठ बना दिया था। राजदूत के रूप में जब उन्होंने हमारा अनादर करने की कोशिश की तो हम दुनिया से रूबरू हुये। मेरा मानना है कि मैंने यह सिद्ध कर दिया कि संयुक्त राष्ट्र संघ में हम कितने सक्षम है तथा हम क्या कर सकते हैं।

हेली ने कहा, ''इस प्रकार मैं सोचती हूँ कि मैं नेता बन सकती हूँ। लेकिन अभी हम विचार कर रहे हैं कि हमें क्या करना चाहिये तथा उस कार्य विशेष की तलाश में हैं। मैं कभी कोई दौर हारी नहीं हूँ। मैंने यह उस समय भी कहा था और मैं यह अब भी कह रही हूँ। मैं हारने वाली नहीं हूँ तथा मैदान में डटी हुई हूँ।

हेली, जो भारतीय मूल की दूसरी गवर्नर रहीं, ने कहा कि अब रिपब्लिकन पार्टी में नये नेतृत्व को लाने का समय आ गया है। ज्ञातव्य है कि भारतीय मूल के पहले गवर्नर रिपब्लिकन बॉबी जिंदल थे जो लूसिआना के गवर्नर रहे थे।

हेली ने कहा, हमने राष्ट्रपति पद के लिये आठ में से अंतिम सात वोट गँवा दिये हैं। आठ में से सात रिपब्लिकन हार गये। यानी, कहीं कुछ गलत तो है। और इसलिये मैं सोचती हूँ कि हम पार्टी में नई पीढ़ी को लाएं। नई पीढ़ी ही नये लोगों को पार्टी से जोड़ सकती है तथा उस स्थिति में पार्टी उन समाधानों के बारे में बात कर सकती है, जिनकी हमें जरूरत है।

इन्टरव्यू के दौरान, हेली ने जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रपति बाइडन, जो डैमोक्रेट हैं, को दूसरा कार्यकाल नहीं दिया जाना चाहिए। अस्सी वर्षीय बाइडन अमेरिका के सर्वाधिक उम्रदराज राष्ट्रपति हैं। हेली ने कहा, ''अगर मैं चुनाव लड़ूँगी तो जो बाइडन के खिलाफ ही चुनाव लडूंगी। मेरा पूरा फोकस इसी बिन्दू पर है क्योंकि हम नहीं चाहते कि जो बाइडन दूसरी बार राष्ट्रपति बनें।''

## एफ.आई.आर...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

राइट टू इन्फॉर्मेशन (आर.टी.आई.) के अन्तर्गत जानकारी देने पर जोर दिया गया था।

जस्टिस एम.आर. शाह और जस्टिस सी.टी. रवि कुमार की सुप्रीम कोर्ट की एक बैंच ने याचिका को सुनवाई के योग्य ना पाते हुए इस आधार पर निरस्त कर दिया कि एफ.आई.आर. को एविडैन्स एक्ट की परिभाषा के अन्तर्गत एक सार्वजनिक दस्तावेज नहीं माना जा सकता क्योंकि यह एक निजी दस्तावजे है। कोर्ट ने कहा कि यदि एफ.आई.आर. और संबंधित दस्तावेजों को सार्वजनिक किया जाए या वैबसाइट्स पर डाला जाए तो इससे आरोपी और पीड़ित और जांच एजेंसी तक के अधिकारों का उल्लंघन होगा।

- **सुप्रीम कोर्ट ने प्रशांत भूषण की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि, एफ.आई. आर. व चार्जशीट को सार्वजनिक करने से आरोपी और पीड़ित दोनों के अधिकारों का हनन होता है।**

# 'संघ द्वारा नेताजी के जन्मदिवस पर भारी आयोजन...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती को स्मरणोत्सव के रूप में मनाने के लिये कोलकाता में शहीद मीनार पर एक सार्वजनिक आयोजन को संबोधित करेंगे।

बोस-प्लाफ ने कहा कि भाजपा और आर.एस.एस. सभी धर्मों का सम्मान करने के विचार का प्रतिनिधित्व नहीं करती, जैसा कि नेताजी सिखाया करते थे। उन्होंने कहा कि नेताजी एक धर्मपरायण हिन्दू थे लेकिन वे अन्य सभी धर्मों का सम्मान करने में विश्वास करते थे। उन्होंने कहा कि वे विभिन्न धर्मों के अनुयायियों के बीच सृजनात्मक एवं उत्पादक सहयोग के पक्षधर थे।

उन्होंने जर्मनी, जहाँ वे रहती हैं, से समाचार एजेंसी पी.टी.आई. को बताया, ''आर.एस.एस. और भाजपा इस प्रवृत्ति को निश्चित रूप से नहीं दर्शाते।...... अगर आप सामान्य लेबल लगाने की भाषा में बात करें तो ये (आर.एस.एस. एवं भाजपा) दक्षिणपंथी हैं तथा नेताजी वामपंथी थे।''

बोस-प्लाफ ने कहा, ''आर.एस.एस. की विचारधारा के बारे में जो कुछ मैंने सुना है, मैं इस बात के प्रति सहमति व्यक्त करना चाहूँगी कि इनकी विचारधारा और नेताजी की विचारधारा एक दूसरे के ठीक विपरीत हैं। दोनों के जीवन मूल्य परस्पर मेल नहीं खाते। अगर आर.एस.एस. ऐसा कहती है, तो मुझे निश्चित रूपसे बहुत अच्छा लगता। अनेक तथा विभिन्न ग्रुप भिन्न तरीकों से नेताजी की जयन्ती मनाना चाहते हैं तथा उनमें से बहुत से ग्रुप निश्चित रूप से नेताजी के विचारों से सहमत हैं।'' उन्होंने इस बात के प्रति अपनी सहमति व्यक्त की कि उनके पिता की जयन्ती के बड़े पैमाने पर एवं धूमधाम से मनाया जाने का उद्देश्य ''आंशिक रूप से उनकी विरासत का दोहन अर्थात् अनुचित लाभ उठाना'' है।

उनसे पूछे जाने पर कि क्या नेताजी आर.एस.एस. के आलोचक थे, उन्होंने कहा, ''मुझे (नेताजी के) ऐसे किसी कथन की जानकारी नहीं है, जिसे मैं आपको दे सकूँ। हो सकता है कि उन्होंने आर.एस.एस. के सदस्यों के बारे में आलोचनापूर्ण बयान दिय हों। मैं जानती हूँ कि उनके (नेताजी के) विचार आर.एस.एस. के बारे में क्या हैं। दोनों के मूल्य परस्पर मेल नहीं खाते। धर्मनिरपेक्षता को लेकर आर.एस.एस. और नेताजी की विचारधारा एवं सिद्धांतों का आपस में बिल्कुल नहीं मिलते हैं। नेताजी की जयन्ती पर आयोजित समारोहों की धूमधाम तथा तड़क-भड़क के विषय में बोलते हुये उन्होंने केन्द्र की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की प्रशंसा करते हुये कहा कि वह नेताजी के सम्मान की दिशा में ''कई पहल'' कर रही है।

- **''पर, कांग्रेस ने सदा यह प्रतिपादित किया कि, महात्मा गांधी व कांग्रेस के सविनय अवज्ञा आंदोलन ने ही आजादी दिलायी, यह गलत है। सुभाष बाबू के पुराने खत व दस्तावेज प. बंगाल व केन्द्रीय सरकार द्वारा रिलीज़ करने के बाद, यह प्रमाणित हुआ कि, सुभाष बाबू व उनके साथियों द्वारा प्रतिपादित आक्रमणकारी नीतियों व कार्यक्रमों का भी भारी योगदान था, स्वतंत्रता दिलाने में।**

नेताजी की पुत्री ने कहा, ''इसके दो पहलू हैं। आज़ादी के बाद, नेताजी के बारे में कांग्रेस का रुख सुरक्षित तथा किन्तु वे उसका ज्यादा बखान नहीं करते थे। कांग्रेस केवल इसी वृतान्त को कायम रखना चाहती थी कि केवल सविनय अवज्ञा आंदोलन की बदौलत ही देश को आज़ादी मिली। लेकिन जब नेताजी की फाइलें सामने आईं तो हमें मालूम पड़ा, इण्डियन नैशनल आर्मी (आई.एन.ए.) की आज़ादी में बहुत बड़ी एवं प्रमुख भूमिका रही थी।''

दूसरे पहलू के बारे में बताते हुये, बोस-प्लाक ने यह जानना चाहा कि अगर नेताजी आज जीवित होते तथा उनके विचार वर्तमान सरकार के विचारों से भिन्न होते तो क्या भाजपा उनका सम्मान करती। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने नेताजी के सम्मान की दिशा में काफी प्रयास किये हैं। जहाँ तक किसी भी राजनेता का प्रश्न है, आपको सबसे पहले उसकी रूचि तथा हित को देखना होता है। अगर नेताजी आज जीवित होते तथा उनके विचार सरकार के विचारों से भिन्न होते, तो भाजपा ने उन्हें सम्मान नहीं दिया होता। इसलिये (इस प्रकरण में) भाजपा का हित ही साधा जा रहा है।''

तृणमूल कांग्रेस तथा भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनावों से पहले नेताजी की विरासत को अपना बताने के लिए परस्पर खूब संघर्ष किया था। 2015 में, पश्चिम बंगाल सरकार ने गृह विभाग के पास रखी हुई 64 फाइलें मुक्त की थीं। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसके अगले साल 100 फाइलें मुक्त कर दी थीं।

आज़ादी के बाद, केन्द्र ने नेताजी के गायब हो जाने के रहस्य को खोलने के लिये तीन जाँच आयोग गठित किये थे।

इनमें से दो आयोग- शाह नवाज़ आयोग तथा खोसला आयोग- कांग्रेस सरकार ने गठित किये थे। ये आयोग इस नतीजे पर पहुँचे थे कि नेताजी की मृत्यु ताइवान के ताइहोकू हवाई अड्डे से 18 अगस्त 1945 को हवाई जहाज उड़ने की शीघ्र बाद ही हुई विमान दुर्घटना में हो गई थी।

तीसरा आयोग- मुखर्जी आयोग- भाजपा के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार ने गठित किया था, उसने कहा कि उक्त हादसे में नेताजी की मौत नहीं हुई थी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभाणा हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908




बड़ी बचत

WAGONR ₹48 000*
CELERIO ₹36 000*
ALTO K10 ₹48 000*
EECO ₹30 100*
S-PRESSO ₹46 000*

ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।

WAGONR ALTO K10 S-PRESSO CELERIO EECO

E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in

**AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD:** CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. **AURIC MOTORS PVT LTD.:** MANSAROVAR: CALL: 8929207471. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9773364861. LALSOT: CALL: 9773364863. BANDIKUI: CALL: 9773364864. MAHWA: CALL: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9773364865. UNIARA: CALL: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. **AURIC MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: CALL: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: CALL: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: CALL: 8955664400. **CHURU: AURIC MOTORS:** CALL: 01562-250696, 8875010502. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. KHANPUR: CALL: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: CALL: 6377715171. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.

*Offer includes consumer offer, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on WagonR (1.2L Petrol- all variants except AGS) Alto K10 (Petrol- LXI & VXI variants only), S-Presso (Petrol- all variants except AGS), Celerio (Petrol- all variants except AGS) and Eeco (Petrol- all variants except cargo, flexi & Ambulance). *Terms & Conditions apply. Creative visualization. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 31st January 2023 or till stocks last, whichever is earlier.